सूर्योदय 5:17 | सूर्यास्त 7:27

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19 न्यू | 28 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 34 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,118 |
| निफ्टी | 24,718 |
| सोना 99058 | चांदी 106167 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान





पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 15 जून 2025 | 1 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 167, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### शुभांशु अब 19 जून को रवाना होंगे स्पेस स्टेशन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** इसरो के एस्ट्रोनॉट और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ले जाने वाले एक्सियम 4 मिशन की नई तारीख अब 19 जून तय की गई है। इसरो ने यह जानकारी दी। शुभांशु शुक्ला उन चार सदस्यों के क्रू का हिस्सा हैं, जो आईएसएस रहा है। उनका यह मिशन 14 दिन का होगा। इसके पहले यह मिशन 11 जून को भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था, लेकिन ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाला दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

### भरमौर में भरभराकर गिर पड़ा पूरा पहाड़



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** चंबा जिले के भरमौर में शनिवार सुबह पूरा पहाड़ भरभराकर सड़क पर गिर गया। गनीमत यह रही कि कोई वाहन इसकी चपेट में नहीं आया। मौके पर मौजूद लोगों ने खतरे को भांपते हुए पहले ही ट्रैफिक रोक दिया। इसके बाद पहाड़ देखते ही देखते सड़क पर गिर गया। किसी ने इसका वीडियो बना दिया, जो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। यह लैंडस्लाइड भरमौर विधानसभा क्षेत्र की बसु कुंडी सुनारा सड़क पर हुआ। पहाड़ी गिरने के बाद चार से पांच मिनट तक धूल के गुबार उड़ते रहें। पहाड़ी का मलबा सड़क से करीब 500 मीटर नीचे नाले में जा गिरा।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- टेंडर होने के बावजूद एक साल से लटका पड़ा काम -पेज 2
- रक्तदाता नहीं, मानवता का रक्षक है अब्दुल गनी -पेज 3
- बैजनाथ और पपरोला में अब तीसरी आंख का पहरा -पेज 4
- जुब्बल-कोटखाई में 40 करोड़ से बन रही सड़कें: रोहित -पेज 6
- शिलाई के चांदपुरधार में उद्योग मंत्री ने की 8 किमी पैदल यात्रा -पेज 12


# इसराइल और ईरान के बीच बढ़ा टकराव, दोनों तरफ से भीषण हमले

## इसराइल के हमले के जवाब में ईरान ने दागीं 150 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें

**एजेंसियां, तेहरान/तेल अवीव**

इसराइल और ईरान के बीच टकराव में पिछले 24 घंटे में कुल 141 लोग मारे गए हैं। ईरान में 138 और इसराइल में तीन लोगों के मरने की खबर है। इसराइल ने शुक्रवार रात को दूसरी बार ईरान पर एयरस्ट्राइक की। इसके जवाब में ईरान ने इसराइल पर 150 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इनमें से 6 मिसाइलें इसराइल की राजधानी तेल अवीव में गिरीं। वहीं, इसराइल ने शुक्रवार रात को दूसरी बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर जेट्स से हमले किए। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गई। 350 से ज्यादा लोग घायल हुए।

इससे पहले शुक्रवार सुबह 5:30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गए थे। इनमें 6 परमाणु वैज्ञानिक और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स की मौत हुई। ईरान ने शुक्रवार रात हमले के तुरंत बाद पलटवार किया और इसराइल की ओर मिसाइलें दागीं। हमले में तेल अवीव में 3 लोगों की मौत हो गई और 90 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ईरान ने दावा किया कि मिसाइल इसराइली रक्षा मंत्रालय पर भी गिरी। हालांकि अभी तक इसराइल ने इसकी पुष्टि नहीं की है। वहीं, इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया है।



बता दें कि इसराइल ने शुक्रवार सुबह 5:30 बजे ईरान के परमाणु ठिकानों और मिलिट्री स्टेशंस को पहली बार निशाना बनाया था। जवाब में ईरान ने दोपहर में 100 से ज्यादा ड्रोन दागे थे। हालांकि इसराइल ने सभी ड्रोन मार गिराए थे। इसराइली हमले में अब तक ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक और 20 से ज्यादा मिलिट्री कमांडर समेत 138 लोग मारे गए हैं व 350 से ज्यादा घायल हैं। (अनंत ज्ञान)

### ईरान में रेडिएशन लीक

**न्यूयॉर्क।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निदेशक राफेल ग्रोसी ने कहा है कि इसराइली हमले में ईरान के परमाणु ठिकाने पर रेडिएशन और केमिकल लीक हुआ है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हालात की जानकारी देते हुए राफेल ग्रोसी ने यह जानकारी दी। ग्रोसी ने कहा कि इसराइली हमले में नतांज परमाणु ठिकाने के ऊपरी और जमीनी ढांचा तबाह हो गया है।

### ईरान के पास बातचीत का दूसरा मौका, वरना कुछ नहीं बचेगा : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसराइली हमलों के बीच ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जल्द से जल्द परमाणु समझौते पर सहमत हो जाए और अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद कर दे। ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास यह दूसरा मौका है लड़ाई को और बढ़ने से रोकने का, वरना कुछ नहीं बचेगा।

### ईरान ने अगर मिसाइलें दागनी बंद नहीं कीं, तो जलेगा तेहरान

**तेल अवीव।** इसराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर उसने मिसाइलें दागनी बंद नहीं कीं, तो तेहरान जल जाएगा। इसराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने शनिवार को सेना प्रमुख के साथ एक आकलन बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर ईरान इसराइली नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा, तो उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# हिमाचल में सीएम स्वच्छ जल शोधन योजना का आगाज

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अब हर घर तक स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण पेयजल पहुंचेगा। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने 200 करोड़ की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्वच्छ जल शोधन योजना का शुभारंभ किया है। इस अभिनव योजना के तहत पेयजल को ओजोनेशन, यूवी फिल्ट्रेशन, आरओ और नैनो फिल्ट्रेशन जैसी आधुनिक तकनीकों से शुद्ध किया जाएगा। इसका सीधा लक्ष्य जल जनित बीमारियों पर अंकुश लगाकर नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। सरकार ने ढाई वर्ष में प्रदेश की पेयजल अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया है, जिसकी बदौलत राज्य में एक नई स्वच्छ जल क्रांति का सूत्रपात हो रहा है। इस वित्त वर्ष में लाहौल-स्पीति में 27 करोड़ से 20 और किन्नौर में 72 करोड़ से 6 नई पेयजल आपूर्ति योजनाओं का कार्य शुरू किया जाएगा। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं में कठोर शीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए एंटी-फ्रीज पाइपों का उपयोग किया जाएगा, जिससे इन दुर्गम क्षेत्रों में भी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष नादौन, भोरंज, अमलैहड़ और हरोली में 4 पेयजल आपूर्ति योजनाओं तथा बद्दी में एक सीवरेज स्कीम का निर्माण कार्य भी पूरा किया जाएगा।



**200 करोड़ की योजना से हर घर तक पहुंचेगा शुद्ध पेयजल**

### जल परीक्षण प्रयोगशालाएं भी की जा रहीं स्थापित



**पेयजल** की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए एक राज्य स्तरीय और 14 जिला स्तरीय एनएबीएल-मान्यता प्राप्त जल परीक्षण प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जा रही हैं। अब तक प्रदेश में कुल 71 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी हैं। इसके अलावा कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी, जसवां-परागपुर और देहरा में भी 43 करोड़ की लागत से पेयजल उपचार संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

# तकनीक के क्षेत्र में भारत दुनिया की नई उम्मीद : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने फ्रांस में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वैश्विक मंच पर नए इनोवेशन भूगोल के निर्माण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए तकनीकी के क्षेत्र के भारत की उपलब्धियों व क्षमताओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी भाग लिया।



अनुराग ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत तकनीकी व इनोवेशन के क्षेत्र में दुनिया के लिए नई उम्मीद बनकर उभरा है। वैश्विक पटल पर नए इनोवेशन भूगोल के निर्माण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका आज दुनिया देख रही है।'

### विकसित भारत निर्माण में यूपीआई की अहम भूमिका

**अनुराग** ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत निर्माण में डिजिटल इंडिया और यूपीआई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाली है। डिजिटल इंडिया सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी, डिजिटल अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों के विस्तार के माध्यम से सभी नागरिकों के जीवन में सुधार कर रहा है। पीएम मोदी की फिनटेक को बढ़ावा देने की नीति की बदौलत यूपीआई अनौपचारिक अर्थव्यवस्थाओं तक पहुंच रहा है और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच वित्तीय सेवाओं की खाई को पाट रहा है।

# बोइंग-787 सीरीज के सभी विमानों की जांच के आदेश

**एजेंसी, अहमदाबाद।** अहमदाबाद में विमान हादसे पर शनिवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने मंत्रालय कार्यालय में हवाई सुरक्षा पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। नायडू ने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारतीय विमानन बेड़े में शामिल बोइंग ड्रीमलाइनर 787 सीरीज के सभी विमानों की विस्तृत जांच का आदेश दिया है। मंत्री ने बताया कि बेड़े में इस समय कुल 34 बोइंग-787 विमान हैं। 8 विमानों की जांच पहले ही पूरी की जा चुकी है। शेष विमानों की जांच जल्द की जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गई है, जो 3 महीने में रिपोर्ट सौंपेगी। उधर, विमान के मलबे से एक और शव बरामद हुआ है। यह शव विमान के पिछले हिस्से में फंसा हुआ मिला। शव एयर होस्टेस का हो सकता है। इसके साथ ही मरने वालों की संख्या अब 275 हो गई है। वहीं, 248 शवों की डीएनए जांच भी पूरी हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# नीट यूजी में राजस्थान के महेश टॉपर

## मध्य प्रदेश के उत्कर्ष सेकेंड और महाराष्ट्र के कृषांग थर्ड टॉपर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने शनिवार को नीट यूजी-2025 का रिजल्ट जारी कर दिया। नीट यूजी में राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने टॉप किया है। उन्हें 720 में से 686 मार्क्स मिले हैं। वहीं, एमपी के इंदौर के उत्कर्ष अवधिया का सेकेंड और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी का थर्ड रैंक आया है। ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल करने वाले हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने बताया कि 10वीं के बाद वह आर्ट्स लेकर पीएससी की तैयारी करना चाहता था, लेकिन एक टीचर के समझाने से उसने साइंस ली और नीट की तैयारी करने लगा था। (अनंत ज्ञान)



महेश केसवानी

### 75 छात्रों का रिजल्ट रोका

**इंदौर** के सेंटर्स में परीक्षा देने वाले 75 कैंडिडेट्स ने शिकायत की थी कि 4 मई को आंधी-तूफान और बिजली चली जाने की वजह से उनका पेपर बिगड़ गया। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा था कि एनटीए 75 कैंडिडेट्स को छोड़कर बाकी सभी का रिजल्ट जारी कर सकती है। इन 75 छात्रों का रिजल्ट बाद में जारी किया जाएगा।

### बिलासपुर के आरव ने हिमाचल में किया टॉप



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नीट के नतीजों में मिनर्वा स्टडी सर्कल के स्टूडेंट आरव ठाकुर ने हिमाचल में टॉप किया है। आरव ने 720 में से 619 अंक प्राप्त कर देश में 500वां स्थान प्राप्त कर जिले व संस्थान का नाम रोशन किया। आरव का लक्ष्य प्रतिष्ठित एम्स में दाखिला लेकर समाज सेवा करना है। मिनर्वा संस्थान ने आरव को स्टेट टॉपर बनने पर एक लाख रुपए नकद देने का ऐलान किया है।




## न्यूज ब्रीफ

### 16 को मनाया जाएगा अंकुश का शहीदी दिवस

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** गलवान अमर शहीद सिपाही अंकुश ठाकुर 'सेना मेडल' के पांच वर्ष पूर्ण होने पर 16 जून को शहीद अंकुश का शहीदी दिवस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनोह में मनाया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को शाहिद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर ने दी। अनिल ठाकुर ने बताया कि शहीदी दिवस पर एसडीएम भोरंज शशि पाल शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि शाहिद अंकुश ठाकुर को याद कर 16 जून सुबह श्रद्धांजलि दी जाएगी और प्रीतिभोज का आयोजन दोपहर को किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों और शाहिद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी सदस्यों से अपील की है कि शहीदी दिवस पर सभी भाग लें।

### सर्वजन कल्याण सभा ने गांधी चौक में लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सर्वजन कल्याण सभा द्वारा भारी गर्मी से निपटने के लिए राहगीरों के लिए हमीरपुर के गांधी चौक में ठंडे पानी की छबील का आयोजन किया गया। सर्वजनकल्याण सभा के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि आज कल भारी गर्मी का मौसम है और आम जनमानस का गर्मी से बुरी हालत है। गर्मी से थोड़ी राहत पाने के लिए राहगीरों के लिए ठंडे पानी की छबील का आयोजन किया गया। नवीन शर्मा ने कहा कि आने वाले समय मे सर्वजनकल्याण सभा हमीरपुर की जनता के लिए भिन्न भिन्न जगहों पर ठंडे पानी की छबीलें लगाएगी। इस अवसर पर बीडीसी चेयरमैन हरीश शर्मा ग्राम पंचायत नाल्टी के उपप्रधान राजीव शर्मा, ग्राम पंचायत अणु के पूर्व प्रधान सुरेंद्र मिन्हास, पूर्व कर्मचारी नेता प्रेम सिंह भरमौरिया, रिटायर्ड प्रिंसिपल विजय गौतम, पूर्व जिला परिषद वीना कपिल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल शामा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीक्षित गौतम, महामंत्री अजय शुक्ला, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष सलोचना, रवि धीमान, शम्मी, अतीश, रक्षित, अमित सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पहचान स्पेशल स्कूल के बच्चों का किया बुद्धि परीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पहचान स्पेशल स्कूल में सभी विशेष बच्चों का बुद्धि परीक्षण करवाया गया। बुद्धि परीक्षण बच्चों के सोचने और समझने की क्षमता को बताता है, इससे हमें बच्चों के मानसिक स्तर का पता चलता है जिससे स्कूल या घर पर बच्चे को किसी भी चीज को समझाना आसान हो जाता है। आज उसी मानसिक स्तर पर हम कैसे बच्चों के साथ नए तरीके इस्तेमाल करके या नई तकनीक द्वारा अभिभावकों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। उसके लिए पहचान परिसर में अभिभावकों के लिए कैंप का आयोजन किया, जिसमें मनोवैज्ञानिक डॉ. शीतल वर्मा ने उन्हें बताया कि बच्चों को उनकी मानसिक उम्र के साथ कैसे हमें सीखना है और कैसे हम नई नई तकनीक से बच्चों को तैयार कर सकते हैं। पहचान स्कूल की अध्यक्ष चेतना शर्मा ने मनोवैज्ञानिक शीतल वर्मा का आभार व्यक्त किया और कहा कि बच्चों के बुद्धि परीक्षण से जहां अभिभावकों को लाभ मिलेगा, वहीं स्कूल में भी हम बच्चों को और अच्छे से सुधार कर सकेंगे।

### नवीन ने मेधावी गार्गी को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन व सर्वजन कल्याण सभा के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा में प्रदेश में पांचवां व हमीरपुर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर गार्गी ठाकुर को टोपी, शाल व संस्था का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। नवीन शर्मा ने कहा कि गार्गी ने 98.86 प्रतिशत अंक लेकर अपने माता-पिता, अपने अध्यापकों व अपने स्कूल के साथ-साथ पूरे हमीरपुर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि हम गार्गी को आने वाले समय में सुनहरे भविष्य की कामना करते हैं। गार्गी ठाकुमर के माता-पिता व नाना प्रेम सिंह भरमौरिया ने बेटी को प्रोत्साहित करने के लिए संस्था का धन्यवाद किया। इस अवसर पर नवीन शर्मा ने साथ अश्वनी, अभी पटियाल और राजीव धीमान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### लाहलड़ी में राहगीरों को पिलाया मीठा पानी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर-शिमला राज्य सड़क मार्ग के किनारे हमीरपुर नगर के साथ लगते लाहलड़ी गांव के ग्रामीणों ने छबील लगाई। हर वर्ष की भांति इस बार भी शनिवार को छबील में ठंडे मीठे जल के साथ फल आदि भी बांटे। इस भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों व वाहनों में सफर कर यात्रियों ने छबील से पानी पीकर प्यास बुझाई। यह जानकारी मणिमहेश सेवादल के अध्यक्ष रविंद्र पटियाल ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मणिमहेश यात्रा के दौरान लाहलड़ी व इर्द-गिर्द के क्षेत्रवासी धानशो में लंगर सेवा लगाएंगे, जिसके लिए सभी प्रकार की तैयारियों जोरों से चल रही हैं। इस अवसर पर पंकज पटियाल, मनोज पटियाल, पूर्व सूबेदार करतार सिंह पटियाल, परजा राम, संजीव पटियाल, दिव्यांश, विशाल, बंटू, प्रमोद सिंह, लेख राज, दीप राज, राजकुमार, वरुण पटियाल व देव राज आदि ने सेवा में भाग लिया।

बैंकों के सहयोग से अपने उद्यम लगा सकती हैं महिलाएं: राकेश शर्मा

### महिलाओं ने लिया टेलरिंग-कटिंग का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मटटन सिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में महिलाओं के लिए आयोजित टेलरिंग-कटिंग प्रशिक्षण कोर्स संपन्न हो गया। कोर्स के समापन अवसर पर नादौन के एसडीएम राकेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं का मार्गदर्शन करते हुए राकेश शर्मा ने कहा कि किसी भी देश और समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। महिलाएं अपना उद्यम या कारोबार आरंभ करके न केवल आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकती हैं, बल्कि अपने परिवार, समाज और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। एसडीएम ने कहा कि आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करके महिलाओं को अपना उद्यम या कारोबार आरंभ करने के लिए बैंकों की विभिन्न ऋण एवं सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को विभिन्न अधिनियमों एवं नियमों की जानकारी भी दी। इससे पहले आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कोर्स के मूल्यांकन कर्ता सोम दत्त शर्मा और पुष्पा शर्मा, ट्रेनर नीतां देवी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार 17 से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 17 जून को उपरोजगार कार्यालय बड़सर में और 18 जून को उपरोजगार कार्यालय भोरंज में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17 हजार रुपये से लेकर 22 हजार रुपये तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

---

सड़क को पक्का करवाने में लोगों की प्राइवेट जमीन बनी रोड़ा, लोनिवि करवाएगा निशानदेही

# टेंडर होने के बावजूद एक साल से लटका काम

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

नादौन उपमंडल की नौहंगी पंचायत के रोहाल, कछोटी, समूहं और कठियाणा गांव के लोग सड़क सुविधा से महरूम हैं। गांव में यदि कोई बीमार हो जाए तो मुख्य सड़क तक पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क बनाने के लिए खुदाई की गई है, इसके बाद कोई कार्य इस सड़क पर नहीं किया गया है। गांव के लोगों ने सड़क बनाने के लिए जमीन लोक निर्माण विभाग के नाम भी करवा दी, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया। इस सड़क के बनने से रोहाल, समूहं, कठियाणा लगभग चार गांवों के लोगों को सड़क की सुविधा मिलनी थी।

नौहंगी से रोहाल गांव को जाने वाली सड़क पर ही कछोटी गांव आता है। गांव के लोगों का कहना है कि जमीन गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष सड़क बनाने को लेकर अपनी मांग रखी, लेकिन एक साल बीत जाने पर भी काम शुरू नहीं हो पाया है। गौर रहे कि कछोटी गांव के लिए गांव वालों ने जमीन दी और साथ ही सड़क भी निकाल दी। इस सड़क को लोक निर्माण विभाग अधीन कर दिया जिससे



कच्ची सड़क के कारण बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने में हो रही परेशानी।

इस सड़क की मरम्मत और पक्का करने का कार्य किया जा सके। लोक निर्माण विभाग ने चैबू से कठियाणा के लिए टेंडर भी जारी कर दिए, लेकिन इन लोगों की प्राइवेट जमीन सड़क पक्का करने में मुख्य बाधा बन गई।

लोक निर्माण विभाग ने जब सड़क को पक्का करने का कार्य शुरू किया तो लोगों ने अपनी जमीन होने का दावा किया जिसके कारण विभाग को सड़क को पक्का नहीं कर सका। बता दें कि लोग सड़क बनाने के लिए कुछ गिफ्ट डीड तो बना देते हैं तो कुछ लोग मौखिक तौर पर सड़क बनाने के लिए अपनी हामी भर देते हैं और जब सड़क को पक्का करने का कार्य शुरू किया जाता है तो लोग सड़क में अपनी जमीन होने का दावा करते हैं जिसके कारण सड़क को पक्का करने का कार्य में देरी हो रही है।

नौहंगी पंचायत की वार्ड पंच सुदर्शना ने बताया कि इस सड़क को पक्का करने के लिए पंचायत में प्रस्ताव डाला था, लेकिन दो अढ़ाई लाख से इस सड़क का कार्य पूरा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि इस सड़क पर कई जगहों पर डंगे लगाए जाने हैं और एक जगह पर पुली का निर्माण भी किया जाना है। उन्होंने बताया कि सड़क के पक्का न करने से पांच गांवों के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस सड़क को लोक निर्माण विभाग के अधीन कर दिया गया है।

#### कार्य में बाधा बन रही प्राइवेट लैंड

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियता पंकज कौशल ने बताया कि जब सड़क को पक्का करने का कार्य शुरू किया तो गांव के लोगों ने अपनी जमीन होने का दावा किया। उन्होंने बताया कि विभाग ने यह निर्णय लिया है कि सड़क को दी गई जमीन की निशानदेही करवाई जाए जिससे यह स्पष्ट हो सके कि सड़क को दी गई जमीन पूरी है। उन्होंने बताया कि लोग गिफ्ट डीड बनाकर विभाग के नाम जमीन करेंगे, तभी विभाग इस सड़क पर कार्य शुरू करेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों पंचायत और राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में संयुक्त रूप से विजिट करेंगे। उन्होंने बताया कि जमीन पूरी तरह से विभाग के नाम हो जाती है तो शीघ्र ही पक्का करने का कार्य शुरू कर देंगे। इसके लिए बजट का भी प्रावधान कर दिया गया है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या प्राइवेट लैंड की है।

---

## अवैध खनन करने वाले 12 वाहनों को पकड़ा, 10 वाहन चालकों से वसूला जुर्माना



अवैध खनन करते पकड़े ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की गई।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत खनन माफिया के विरुद्ध पिछले 24 घंटों के दौरान कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध रूप से खनन सामग्री परिवहन कर रहे कुल 12 वाहनों को पकड़ा गया है, साथ ही संबंधित चालकों, मालिकों के विरुद्ध उल्लंघन करने पर कु ल 12 चालान किए गए हैं। इनमें से 10 वाहनों से कुल 48800 जुर्माना वसूल किया गया तथा दो वाहनों के चालान माननीय न्यायालय को प्रषित किए गए हैं।

यह अभियान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में चलाया गया और इसमें सभी पुलिस टीमों ने बड़ी सजगता एवं तत्परता के साथ कार्य किया गया है। जिला पुलिस जिला हमीरपुर की आम जनता से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना तुरंत निकटतम पुलिस थाना, संबंधित थाना के पर्यवेक्षण अधिकारी को या अधोहस्ताक्षरी को दें ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर भविष्य में भी कठोर कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला हमीरपुर पुलिस अवैध खनन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है, यह कार्रवाई जारी रहेगी।

#### जिला पुलिस हमीरपुर का खनन माफिया के विरुद्ध विशेष अभियान

---

## छात्रों ने सीखा ड्रोन बनाना और उड़ाना

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में नीति आयोग के माध्यम से अटल टिंकरिंग लैब स्थापित हुई है, जिसमें विग्नान लर्निंग समाधान द्वारा दो दिवसीय अटल टिकरिंग रोबोटिक वर्कशॉप लगाई गई, जिसमें छठी से दसवीं कक्षा तक के विभिन्न- विभिन्न स्कूलो से आए लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। इसमें बच्चों ने रोबोट के भाग बनाना, टिंक रकैड, आर्डीनो यूनो, 3डी प्रिंटर और भिन्न-भिन्न सैंसर पर काम करना सीखा।

बच्चों ने ड्रोन बनाना व उड़ाना भी सीखा। इस दौरान ड्रोन बनाने व उड़ाने की प्रतियोगिता भी हुई। इसमें प्रथम अभीराज, आराध्य, कुलनंदन, द्वितीय गौरिका, अक्षिता, अर्नव, कृति व तृतीय अरुण, वरुण, आर्यन, आयुष रहे। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने आसपास के राजकीय स्कूलों से आए बच्चों व अध्यापकों ने वर्कशॉप में भाग लेने का धन्यवाद किया।

## सान्या कटोच ने पहले प्रयास में एनईई और जेईई पास कर रचा कीर्तिमान

**अनंत ज्ञान, नादौन**

भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी की 17 वर्षीय प्रतिभाशाली छात्रा सान्या कटोच ने पहले ही प्रयास में NEE में 550 अंक और JEE में 97.45 प्रसैंटाइल प्राप्त कर शानदार कीर्तिमान स्थापित किया है। सान्या बचपन से डॉक्टर बनने का सपना देखती थीं और इस प्रेरणा का स्रोत उनकी बड़ी बहन डॉ. श्रेया कटोच हैं, जिन्होंने NEET, AIIMS और JIPME जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं स्वाध्याय से पहले प्रयास में पास की थीं और हाल ही में मेडिकल कॉलेज टांडा से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है।



सान्या के पिता अरविंद कटोच, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, हमीरपुर में विभागाध्यक्ष हैं, जबकि उनकी माता आरती कटोच एक निजी विद्यालय में बतौर प्रिंसिपल कार्यरत हैं। सान्या ने सिल्वर जोन ओलंपियाड में राज्य स्तरीय रैंक हासिल की, सीएससी प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और 5 बार जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है।

वह 2 बार राष्ट्रीय स्तर (अंडर-17 और अंडर-19) के लिए भी चयनित हो चुकी हैं। शैक्षणिक दृष्टि से भी वह उत्कृष्ट रही हैं - कक्षा 10 में 97 प्रतिशत और कक्षा 12 में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा का परिचय दिया। सान्या की तरह, ही भगवती स्कूल के अनिकेत और वेदिका ने भी NEE 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। स्कूल की प्रिंसिपल एवं शिक्षकों ने तीनों छात्रों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## संघ ने योग दिवस को लेकर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी की मासिक बैठक का आयोजन शुक्रवार को सागर स्पोर्ट्स अकादमी, भरेड़ी स्थित कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के संरक्षक व सेवानिवृत्त डीन डॉ. कुलवंत राय ने की।

बैठक में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक व स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत हाल ही में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। डॉ. कुलवंत राय ने कहा कि इस प्रकार की दुर्घटनाएं पूरे समाज को झकझोर देती हैं और हमें एकजुट होकर संवेदना व्यक्त करनी चाहिए। बैठक में आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर विशेष चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस अवसर पर भरेड़ी क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक सामूहिक योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया जाएगा।



वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी ने की बैठक आयोजित।

इस कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ डॉ. बीआर शर्मा विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं, जो सुबह 6 से 7 बजे तक योगाभ्यास करवाएंगे। यह कार्यक्रम वन विश्राम गृह भरेड़ी के निकट सागर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित किया जाएगा। डॉ. कुलवंत राय ने बताया कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आत्मिक शुद्धि का माध्यम है। ऐसे आयोजनों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। बैठक में क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इनमें प्रमुख रूप से नेक राम शास्त्री, कैप्टन राजिंदर (बीडीसी चेयरमैन भोरंज), प्रताप शर्मा, चुनी लाल शर्मा, एम.एल. शर्मा, केएस भंडारी, बीसी कौशल, जग देव ठाकुर, प्रताप सिंह, विद्यासागर शर्मा आदि शामिल थे।

## ग्राम सेवक संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

ग्राम सेवक संघ नादौन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि उनकी मांगों को शीघ्र पूरा किया जाए। संघ ने इस संदर्भ में विकास खंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि ग्राम सेवकों को मेडिकल रीइंबर्समेंट, ग्रेच्युटी, एनपीएस/ ओपीएस, अर्जित अवकाश आदि लाभ दिए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों की नियुक्ति मनरेगा के तहत वर्ष 2008 में हुई थी, जो लगातार मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर चलाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि ग्राम रोजगार सेवकों को



मांगों को लेकर ग्राम सेवक संघ ने विकास खंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीण विकास विभाग के पंचायत सचिवों के बराबर नियमित वेतनमान तो दिया जाता है परंतु कुछ एक वित्तीय लाभ नहीं मिल रहे हैं। ग्राम रोजगार सेवकों को महंगाई भत्ता और इंक्रीमेंट तो दिया जाता था परंतु जनवरी 2023 से महंगाई भत्ता और अब इंक्रीमेंट भी बंद कर दी गई है। इसकी वजह से ग्राम रोजगार सेवकों को बहुत नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आग्रह किया है की ग्राम सेवकों को 4 से 5 महीने का वेतन नहीं मिला है जिस वजह से इस वर्ग को कई प्रकार की वित्तीय समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की बच्चों की स्कूल की फीस देना भी काफी मुश्किल हो गया है। संघ ने सरकार से यह भी मांग की है कि ग्राम रोजगार सेवकों को ग्रामीण विकास विभाग के रिक्त पड़े पदों में समायोजित किया जाएगा। ग्राम रोजगार सेवक संघ ने मुख्यमंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री से आग्रह किया है कि ग्राम रोजगार सेवकों को जल्द से जल्द आने वाले मंत्रिमंडल की बैठक में मर्जर करके राहत दी जाए, जिसके लिए समस्त ग्राम रोजगार सेवक और उनके परिवार सरकार और विभाग के हमेशा ऋणी रहेंगे।

## राहुल शर्मा सीआरपीएफ में बने सहायक कमांडेंट, यूपीएससी में प्राप्त किया 22वां रैंक

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन के राहुल शर्मा पुत्र राकेश शर्मा का सीआरपीएफ में सहायक कमांडेंट के पद पर चयन हुआ है जिससे क्षेत्र में खुशी का महौल है। राहुल शर्मा ने यूपीएससी द्वारा आयोजित सीएपीएफ परीक्षा में 22वां अखिल भारतीय रैंक प्राप्त करके अपने माता-पिता संस्थान व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



उन्होंने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, मोहाली से स्नातकोत्तर किया है। वर्तमान में वे हिमाचल के आईआईटी मंडी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस में एमबीए कर रहे हैं।

राहुल शर्मा मूल रूप से बिलासपुर जिले के घुमारवीं के मिहारा गांव के निवासी हैं। उनके पिता राकेश शर्मा एचएएस अधिकारी हैं और नादौन में बतौर एसडीएम सेवाएं दे रहे हैं, जबकि उनकी माता रीतू शर्मा गौतम कॉलेज हमीरपुर में जूलॉजी डिपार्टमैंट की एचओडी हैं। बेटे के चयन पर लोगों द्वारा बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## भोरंज पुलिस ने नाके के दौरान 24 बोतल अवैध देसी शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के तहत थाना भोरंज की पुलिस टीम ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने एक विशेष नाके के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 24 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई ग्राम ककरोल, डाकघर भरेड़ी, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर निवासी उत्तम सिंह पुत्र स्वर्गीय दुर्गा सिंह के खिलाफ की गई है। पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 'ऊना नं. 01' ब्रांड की 24 बोतलें देसी शराब की बरामद हुईं, जो अवैध रूप से रखी गई थीं। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया है और मामले में आगे की जांच जारी है।

पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशों पर भोरंज पुलिस समय-समय पर ऐसे नाके व विशेष चेकिंग अभियान चला रही है ताकि क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी और नशे के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। प्रशासन ने आम जनमानस से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब या नशे के किसी अन्य रूप के कारोबार की सूचना हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। ऐसे मामलों में सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## गंभीर बीमारी से पीड़ित रविंद्र को दी आर्थिक सहायता

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** नारायण सेवा समिति बिझड़ी की मासिक बैठक प्रधान ओंकार पठानिया की अध्यक्षता में कुआं चौक, मंदिर परिसर में आयोजित की गई। सर्वप्रथम 12 जून को अहमदाबाद विमान हादसे में हताहत हुए यात्रियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। तदोपरांत गांव खन्न्, पंचायत धंगोटा के रविंदर सिंह पुत्र बिधी सिंह को पांच हजार रुपए की आर्थिक मदद दी गई, जोकि लंबे समय से गम्भीर बीमारी से पीड़ित हैं। उसका टाटा अस्पताल चंडीगढ़ में इलाज चल रहा है। महासचिव करतार सिंह ढिल्लों ने समिति के भवन निर्माण कार्य की प्रगति पर प्रकाश डाला। इस दौरान समिति की स्थायी सदस्यता ग्रहण करने पर नए सदस्यों डॉक्टर अमित धीमान, विकास पटियाल, सुरिंदर कुमार, नंद लाल शर्मा, आनंद होटल तलाई, मोहिंदर राणा, शिक्षक, बरोटी, कौल दास चौधरी खन्न्, तिलक राज शर्मा, सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर, ढूघियार, रत्न चंद चांगरा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, पाहलू का समिति की सथायी सदस्यता ग्रहण करने पर आभार प्रकट किया। बैठक में ओंकार पठानिया, प्रधान सिंह, सरवन सिंह, हाकम सिंह, जसवंत सिंह, बिक्रम ठाकुर, कै. ज्ञान सिंह, कै. कर्म सिंह, कै. कृष्ण चंद, केंद्रीय मुख्य शिक्षक सुदेश शर्मा, शास्त्री लेख राम, शास्त्री रमेश चंद, राजकुमार चौधरी, जगदीश चंद निरंकारी, रीता ठाकुर, राज कुमारी, कमलेश आदि उपस्थित थे।



दी नारायण सेवा समिति बिझड़ी की मासिक बैठक में मौजूद गणमान्य।

**आयोजन** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में शिक्षकों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला आयोजित

## शिक्षा के व्यवहारिक पक्षों पर किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में शिक्षकों की पेशेवर दक्षता को सुदृढ़ करने हेतु वैल्यू एजुकेशन विषय पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैहन, डीएवी बिलासपुर सहित कुल 60 शिक्षकों ने सहभागिता की।

कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा तथा उपप्रधानाचार्य अश्विनी कुमार द्वारा मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कंचन लखनपाल, मनीषा मारवाह एवं मिस शालिनी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर दीप्ति शर्मा, पीजीटी बायोलॉजी, आर्मी पब्लिक स्कूल, योल तथा मनोज जोशी, शिक्षाविद एवं प्रशिक्षक ने बतौर रिसोर्स पर्सन कार्यशाला का संचालन किया। दोनों विशेषज्ञों ने शिक्षकों को मूल्य-आधारित शिक्षा के शैक्षिक, सामाजिक और व्यवहारिक पक्षों पर प्रभावशाली मार्गदर्शन प्रदान किया। दीप्ति शर्मा को 15 वर्षों से अधिक का शिक्षण अनुभव है और वे आर्मी वेलफेयर एजूकेशन सोसायटी के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का हिस्सा रही हैं।




कार्यशाला के दौरान मौजूद विभिन्न स्कूलों के शिक्षक व अन्य।

मनोज जोशी शिक्षा और प्रशासन के क्षेत्र में लंबे अनुभव के साथ शिक्षक प्रशिक्षण से जुड़े हैं। कार्यशाला के दौरान गतिविधियों, समूह चर्चा, विचार-विमर्श और केस स्टडी के माध्यम से प्रतिभागी शिक्षकों को मूल्यों पर आधारित शिक्षण को व्यवहारिक रूप से अपनाने की प्रेरणा दी गई। कार्यशाला के समापन पर अंग्रेजी अध्यापिका श्रीमती भारती शर्मा ने मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मूल्य आधारित शिक्षा आज के समय की आवश्यकता है और इस तरह की कार्यशालाएं शिक्षकों को नई दिशा देने का कार्य करती हैं। यह आयोजन न केवल शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें अपने शिक्षण दृष्टिकोण में नैतिक मूल्यों के समावेश की प्रेरणा भी प्रदान करने में सफल रहा।

## आरक्षी साक्षी कोमल को विदेश मंत्रालय में मिली प्रतिनियुक्ति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर पुलिस की महिला आरक्षी कुमारी साक्षी कोमल का विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय हमीरपुर में गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर द्वारा महिला आरक्षी कुमारी साक्षी कोमल को जिला हमीरपुर पुलिस परिवार की ओर से पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर के विदाई दी तथा हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।



इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर ने बताया कि यह जिला हमीरपुर पुलिस परिवार के लिए गर्व की बात है कि हमारे जिले की एक महिला कर्मचारी को राष्ट्रीय स्तर पर सेवाएं देने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस दौरान अति पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक (मु.) नितिन चौहान, उप पुलिस अधीक्षक (एलआर) हरीश गुलेरिया तथा जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला हमीरपुर के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने महिला आरक्षी कुमारी साक्षी कोमल को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल, सफल व गौरवपूर्ण भविष्य की कामना की। जिला हमीरपुर पुलिस परिवार महिला आरक्षी कुमारी कोमल को उनके कर्तव्यों के प्रति समर्पण, अनुशासन और मेहनत से अपना कार्य करने के लिए तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य व उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

# भदरोया में पहला 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' आज

## मुख्यातिथि कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार करेंगे समारोह का शुभारंभ

### इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन विशिष्ट अतिथि और नूरपुर के एसपी अशोक रत्न विशेष अतिथि होंगे

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश का तेजी से उभरता दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित करने जा रहा है। यह समारोह उन नायकों को समर्पित है, जो बिना किसी शोहरत या चर्चा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। पहला अनंत पुलिस प्राइड समारोह कांगड़ा जिले के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के भदरोया में अरुण कैसल में रविवार 15 जून को आयोजित होगा। समारोह सुबह ठीक 11:00 बजे से शुरू हो जाएगा, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार करेंगे। इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन विशिष्ट अतिथि एवं नूरपुर के एसपी अशोक रत्न बतौर विशेष अतिथि शिरकत करेंगे।




## इन्हें किया जाएगा सम्मानित

**आर** एंड टीएफ कांगड़ा, चंबा एवं ऊना के एएसपी राजेंद्र जस्वाल, पुलिस थाना डमटाल के प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह, पुलिस थाना नूरपुर के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, पुलिस थाना इंदौरा के प्रभारी निरीक्षक आशीष पठानिया, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के प्रभारी उपनिरीक्षक अजायब सिंह, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के कार्यालय प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक विनय कश्यप एवं आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के कार्यालय प्रभारी सतेंद्र सिंह, पुलिस पोस्ट सदवां के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक भजन सिंह एवं पुलिस पोस्ट कंडवाल के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक नीरज कुमार, एसपी ऑफिस नूरपुर में तैनात मुख्य आरक्षी संजीव कुमार, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी दिनेश, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी रणजीत सिंह, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी कुलजीत, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी उमाकांत, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के आरक्षी संसार, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के आरक्षी रोहित कुमार, एसपी ऑफिस नूरपुर में तैनात आरक्षी लवलीत, हेड कांस्टेबल ए एंड टीएफ कांगड़ा-चंबा एवं ऊना रॉकी कुमार तथा इंदौरा थाने में तैनात कुक बिट्टू को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित किया जाएगा।

## उत्कृष्ट सेवाओं का जज्बा, जोश और जुनून


संसार सिंह, कांस्टेबल सीआईए पीडी (नूरपुर)


सतेंद्र सिंह एएसआई (नूरपुर)


विनय कश्यप, एएसआई (नूरपुर)


कांस्टेबल लवलीत साइबर सैल (नूरपुर)


हैड कांस्टेबल दिनेश सिंह (नूरपुर)


हैड कांस्टेबल कुलजीत सिंह (नूरपुर)


हैड कांस्टेबल रणजीत सिंह (नूरपुर)


हैड कांस्टेबल संजीव कुमार (नूरपुर)


हैड कांस्टेबल उमा कांत (नूरपुर)


सब इंस्पेक्टर अजायब सिंह (नूरपुर)


रोहित कटोच, कांस्टेबल (नूरपुर)


इंस्पेक्टर आशीष पठानिया एसएचओ (इंदौरा)


इंस्पेक्टर कल्याण सिंह (डमटाल)


एएसआई भजन सिंह (सदवां)

# रक्तदाता नहीं, मानवता का रक्षक है अब्दुल गनी

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



**चंबा।** मानवता की मिसाल बन चुके 64 वर्षीय अब्दुल गनी निवासी मोहल्ला सपड़ी, चंबा टाउन आज न सिर्फ चंबा बल्कि पूरे भारत के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। 6 अगस्त 1957 को जन्मे गनी ने जिस प्रकार से सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया, वह आज के समय में विरले ही देखने को मिलता है।

जब बच्चे खेलने-कूदने में व्यस्त होते हैं, तब अब्दुल गनी मात्र 13 वर्ष की उम्र में कुष्ठ रोग और क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों की सेवा में लग गए। वह अस्पताल जाकर मरीजों की दाढ़ी और बाल काटते थे, उन्हें स्वच्छता का महत्व समझाते थे। इतना ही नहीं, चंबा शहर के भिखारियों के लिए भी उन्होंने स्वयं बाल-दाढ़ी काटने और कपड़े दान करने का काम शुरू किया। अब्दुल गनी कई गांवों में खुद जाकर जरूरतमंदों को कपड़े वितरित करते रहे हैं। उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त लोगों की भी भरपूर सहायता की। सेवा की यही भावना उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। जब वह 18 वर्ष के थे, तब उन्होंने पहली बार रक्तदान किया और इसके साथ ही शुरू हुआ एक ऐतिहासिक सफर। साल 2023 तक उन्होंने कुल 210 बार रक्तदान किया और उनके अनुसार यह दुनिया में किसी भी व्यक्ति द्वारा किए गए रक्तदानों की सर्वाधिक संख्या है, जबकि वैश्विक रिकॉर्ड 202 बार बताया गया है।

**210 बार कर चुके हैं रक्तदान**

डॉक्टरों द्वारा उन्हें यूनिवर्सल डोनर कहे जाने के बाद गनी ने यह प्रण लिया कि जब तक शरीर में शक्ति है, वे रक्तदान करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं उस हर पुकार को सुनता हूं जहाँ रक्त की जरूरत होती है। यह मेरे लिए सौभाग्य है।

**इन सम्मानों से नवाजा गया गनी को:** स्व. अमीर चंद महाजन स्मारक हिमोत्कर्ष श्री श्रेष्ठ समाज सेवा पुरस्कार (1999-2000), शान-ए-चंबा सम्मान, ट्रू हीरो अवार्ड (चंडीगढ़), गॉडफ्रे फिलिप्स ब्रेवरी अवार्ड राज्यपाल स्व. प्रभा राव द्वारा, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रेरणा स्रोत सम्मान, वर्ष 2013 दयानंद मठ, चंबा द्वारा 175 रक्तदानों के उपलक्ष्य में विशेष सम्मान (2013), पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल, सांसद रणदीप सुरजेवाला तथा जर्मनी के इंडो-जर्मन फ्रेंडशिप एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गार्ल गॉटिंग द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा और भी कई सम्मानों से सम्मानित किया गया।




# मां की बीमारी ने बताया रक्तदान के महत्व का एहसास

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**



**कुल्लू।** वर्ष 1983 में ब्लड कैंसर से पीड़ित मेरी मां पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन थी और अस्पताल में दिन-रात मां के कराहने की आवाजें मेरे कानों में गूंजती रहती थी, अस्पताल में रक्त की बहुत कमी होती थी। मां के साथ अस्पताल में और लोगों को भी खून की कमी से जूझते देखा था और तब पहली बार रक्तदान के महत्व का एहसास हुआ।

पीजीआई में डेढ़ साल तक मां का उपचार चला और इसी के चलते मैंने दो बार रक्तदान करके लोगों को जीवनदान दिया। यह कहना है कुल्लू जिला के सुल्तानपुर निवासी 65 वर्षीय ओम प्रकाश आड़ का, जो कि 109 बार रक्तदान करके दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर लोगों को जीवन का तोहफा दे चुके हैं। ओम के अनुसार मम्मी की मृत्यु के बाद स्वयं तो जीवनभर लोगों को खून देकर जिंदगी बचाने की कसम ली थी, साथ ही युवा संघर्ष समिति का गठन करके लोगों को रक्तदान और स्वच्छता के बारे में जागरूक करने का भी बीड़ा उठाया। कुल्लू के लोअर ढालपुर में एक ब्लड डोनर प्वाइंट भी खोला। अभी तक उनके साथ करीब 200 लोग ऐसे जुड़े हुए हैं जो समय-समय पर जरूरतमंदों को रक्तदान उपलब्ध करवाते हैं।

**ओम ने खुद 109 बार किया रक्तदान**

**युवाओं को नशे से भी बचाया:** आड़ ने बताया कि 1984-85 में कुल्लू जिला की युवा पीढ़ी स्मैक के दलदल में फंसती जा रही थी उस समय अपने युवा संगठन के सदस्यों और जिला पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाया और जिला को स्मैक फ्री करने में पुलिस का सहयोग करके मिसाल कायम की।

# विधायक लखनपाल 68 बार कर चुके हैं रक्तदान

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बड़सर।** समाज सेवा का अगर जज्बा किसी में हो तो कठिन से कठिन मंजिल भी आसान हो जाती है। बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने यह कारनामा किया है। लखनपाल ने 68 बार रक्तदान करके एक मिसाल पेश की है। जब वह 18 साल के युवा थे, तो उन्होंने पहली बार शिमला में रक्तदान किया था।

यह सिलसिला लगातार जारी रहा जब वे विधायक बने थे तब तक उन्होंने 62 बार रक्तदान करके कई जिंदगियां बचाने में सफल रहे होंगे। विधायक बनने के बाद छह बार रक्तदान कर चुके हैं। उनका कहना है आज दिन तक तो 100 बार तक रक्तदान कर चुके होते, परंतु शुगर की समस्या होने के बाद यह सिलसिला रुक गया है। विधायक होने के साथ-साथ हमेशा समाज सेवा में आगे रहना या मेरा जिंदगी का लक्ष्य है।

**18 साल के थे जब पहली बार किया था रक्तदान**

# 7 सालों में 94 कैंपों में 17000 यूनिट रक्त एकत्र

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** मंडी के जड़ोल में हिमालयन ब्लड डोनर्ज द्वारा आयोजित 94वें रक्तदान शिविर में दर्जनों रक्तदाताओं ने खूनदान किया। इस शिविर में रक्तदाताओं को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हिमालयन डोनर्ज के सभी सदस्य मौजूद रहे।

**हिमालयन ब्लड डोनर्ज के रक्तदान शिविर में दर्जनों ने किया रक्तदान**

बिना किसी स्वार्थ, मान सम्मान और तमगे के हिमालयन ब्लड डोनर्ज ऑर्गेनाइजेशन दिन- रात जरूरतमंदों की सेवा के लिए प्रयत्नशील है। जब भी कहीं से कभी भी फोन आता है कि हमें रक्त चाहिए, तो हिमालयन ब्लड डोनर के सदस्य बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर रक्तदान करते हैं। निरंतर बहती रक्त सेवा को देखते हुए हिमालयन ब्लड डोनर्ज का लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड दर्ज है। पिछले 7 वर्षों से 17000 यूनिट रक्तदान करने वाला हिमालयन ब्लड डोनर्ज ऑर्गेनाइजेशन आज मंडी जिले का सरताज बना हुआ है। इसमें ऑन कॉल एमर्जेंसी और 94 कैंपों के माध्यम से रक्तदान किया गया है। मंडी हो या नेरचौक जहां भी इनके सदस्य हैं एक फोन कॉल पर अपने खर्चे पर मौजूदा क्षेत्र में पहुंचकर रक्तदान करते हैं। न कोई सरदार है न कोई मंत्री बस आपसी सहमति और प्रेम से ही ऑर्गेनाइजेशन चलता जा रहा है।


हिमालयन ब्लड डोनर्ज के रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बांटे सर्टिफिकेट व (इनसेट) रक्तदान करता युवा।

# सतपाल 96 बार लोगों की जान बचाने के लिए कर चुके हैं रक्तदान

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** शहर के व्यवसायी सतपाल शर्मा 67 वर्ष की उम्र में अभी तक 96 बार रक्तदान कर चुके हैं। उनके जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए तीन माह बाद ही अपनी यंग ऐज में रक्तदान किया। उन्होंने 17 वर्ष की उम्र से इस महादान का कार्य शुरू किया था और भी जारी है। अब सतपाल शर्मा वर्ष में एक बार ही रक्तदान करते हैं।

उन्होंने बताया कि सबसे अधिक रक्तदान उस समय किया जब बीमार लोगों को इसकी सबसे अधिक जरूरत थी। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से डरने की आवश्यकता नहीं है इससे लोगों की जान बचती है और बीमार लोगों को नया जीवन मिलता है।

**राजेश कुमार भी 59 लोगों की कर चुके हैं मदद**


सतपाल शर्मा


राजेश कुमार

वहीं, 108 एंबुलेंस जीवनदायिनी के चालक राजेश कुमार भी रक्तदान कर कई लोगों का जीवन बचाने के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए है। जाहू के लगमन्वी गांव के निवासी राजेश कुमार ने भी 18 साल की उम्र से रक्तदान करना शुरू कर दिया था। राजेश कुमार अभी तक 59 बार रक्तदान कर चुके हैं। राजेश कुमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने के अलावा जरूरतमंद लोगों को रक्तदान कर उनकी सहायता करते हैं।

# सोलन के कमल विग साल में चार बार करते हैं रक्तदान




**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान, सोलन।** अपने तन का खून किसी की जिंदगी बचाने में काम आए तो इससे बड़ी क्या खुशी हो सकती है। 12 महीने में चार बार रक्तदान न करूं तो सुकून नहीं मिलता। यह कहना है सोलन के रक्तदानी कमल विग का। बिग ने 18 साल की उम्र से रक्तदान शुरू किया और 35 वर्ष से लगातार 83 बात रक्तदान कर कई अमोल जिंदगियों का सहारा बने हैं। 'अनंत ज्ञान' से रक्तदान दिवस पर विशेष बातचीत में कमल विग ने अपनी जीवन के अनुभव साझा किए। कमल ने बताया कि आज भी उनका रक्तदान का मन था लेकिन अप्रैल में जन्मदिन पर रक्तदान करने के चलते अभी तीन महीने का समय नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 70 दिन में इतना खून फिर से तैयार हो जाता है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने बच्चों में मानव सेवा का जज्बा भरा है जो समय समय पर रक्तदान करते हैं।

# लैब टेक्निशियन अमरजीत ने 55 बार किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य पर जोनल अस्पताल मंडी में हिमालयन ब्लड डोनर्स संस्था ने रक्तदान शिविर लगाया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सीनियर लैब टेक्निशियन अमरजीत शर्मा ने भी 55वीं बार रक्तदान किया। अमरजीत ने बताया कि रक्तदान महादान है, इससे बढ़कर कोई दान नहीं है। उन्होंने बताया कि वे 55 बार रक्तदान कर चुके है। उन्हें इस तरह समाज सेवा करने में सु न मिलता है। वह स्वयं भी 14 कैंप ब्लड डोनेशन कैंप लगा चुके हैं। उन्होंने उन्हें इस पुण्य कार्य हेतु पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री गुलाब सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री राजीव बिंदल पूर्व मंत्री आदि भी सम्मानित कर चुके है।

# कोहला के संजीव 52 साल की उम्र में 53 बार कर चुके हैं रक्तदान



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन क्षेत्र के रक्तदाता संजीव राज बंटा अपनी 52 साल की उम्र में 53 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने पहली बार एक कुली बलराम सिंह की भाभी को उस समय रक्तदान किया जब उसे रक्त की बहुत जरूरत थी। जब उन्हें बताया गया कि बीमार महिला को रक्त नहीं मिल रहा है तो उन्होंने रोपड़ अस्पताल में जाकर उसे रक्तदान किया। उसी दिन से रक्तदान करने की प्रेरणा मिली। यह परिवार आज भी अपनों की तरह हमें याद करता है। जिससे काफी सुकून मिलता है। रक्तदाता संजीव राज बंटा ने बताया कि गृहणी है, उनका इंडस्ट्रीयल एरिया कोहला में एक उद्योग और नादौन बाजार में ट्रैक्टर्स की वर्कशॉप है। बेटी प्रीति धीमान यूके में डाक्टर है जबकि बेटा बीसीए कर रहा है। उसने भी पहली बार राज 2.30 बजे हमीरपुर अस्पताल में 3 दिन के बच्चे को रक्तदान किया था। बचे को जौंडिस था। और दूसरी बार महिला की डिलीवरी होनी थी उसे रक्तदान किया था।

**आईएएस किरण से मिली प्रेरणा से संस्था का किया गठन :** नादौन में रक्तदान शिविर लगाने वाली समाजिक संस्था नादौन केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष शुभम कपिल ने कोरोना के दौरान पहली बार एक जरूरतमंद मरीज को रक्तदान किया। नादौन की तत्कालीन एसडीएम आईएएस किरण भड़ाना की प्रेरणा से नादौन केयर फाउंडेशन गठन किया। शुभम कपिल 30 वर्ष के हैं और 16 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने काफी युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करके इस महादान के लिए संस्था से जोड़ा है।

# 84 बार रक्तदान कर डॉ. रमेश चंद्र ने रचा कीर्तिमान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** चिकित्सा का पेशा सिर्फ सफेद लिबास और दवाओं तक सीमित नहीं, बल्कि यह सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं का पर्याय है। हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य विभाग में उप निदेशक पद पर रहे और मौजूदा समय में तेंजिन अस्पताल में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट के पद पर कार्यरत डॉ. रमेश चंद इसी आदर्श के साक्षात प्रतिमूर्ति हैं। उनके जीवन का हर एक क्षण सेवा परमो धर्म: के सिद्धांत को चरितार्थ करता है। इस बात का जीवंत प्रमाण उनका 84 बार का रक्तदान है, जो किसी भी मायने में एक कीर्तिमान से कम नहीं।

डॉ. चंद का रक्त समूह ओ-निगेटिव है, जो अत्यंत दुर्लभ माना जाता है। ऐसे में उनका हर रक्तदान किसी के लिए जीवनरेखा सिद्ध होता है। वर्ष 1984 में कॉलेज के प्रथम वर्ष में एक मरीज की जान बचाने के लिए पहली बार रक्तदान करने के बाद से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनका संकल्प इतना दृढ़ है कि वह अपने जन्मदिन पर, चाहे कहीं भी हों, रक्तदान करना कभी नहीं भूलते।


शिमला में रक्तदान करते डॉक्टर रमेश चंद।

# जरूरतमंद मरीजों के लिए फरिश्ते से कम नहीं रक्तदाता क्रिस ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




जिला कुल्लू में जिन मरीजों को रक्त की आवश्यकता होती है उनके लिए रक्तदान की व्यवस्था करवाने वाले क्रिस ठाकुर किसी फरिश्ते से कम नहीं हैं। जी, हां ऐसे में मरीजों को यदि रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो ब्लड बैंक कुल्लू सहित अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों की जुबां पर एक ही नाम आता है और वह है क्रिस ठाकुर। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति से संबंध रखने वाले और वर्तमान में कुल्लू में रहने वाले क्रिस ठाकुर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू सहित अन्य सभी अस्पतालों में रक्तदान का प्रबंध करवाते हैं।

क्रिस कुल्लू में री इमेजिन संस्था का भी संचालन कर रहे हैं और संस्था से जुड़े हुए युवा भी लगातार रक्तदान कर हजारों मरीजों की जान बचा चुके हैं। यही नहीं वह स्वयं भी 32 बार रक्तदान कर चुके हैं और समय-समय पर रक्तदान शिविरों का भी आयोजन करते हैं। क्रिस ठाकुर की शुरुआत ही सुबह कुल्लू अस्पताल से होती है। अस्पताल में भर्ती मरीज भी जब रक्त के लिए परेशान होते हैं तो वह सीधा क्रिस ठाकुर से संपर्क करते हैं। उनका कहना है कि समाजसेवा से जुड़े कार्य में भाग लेकर उन्हें काफी संतोष मिलता है और रक्तदान करने से शरीर भी पूरी तरह से स्वस्थ रहता है। क्रिस ठाकुर वर्ष 2012 से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और इसके लिए उन्होंने बैंक की सरकारी नौकरी को ठुकरा कर अपना जीवन मानवता की सेवा में न्योछावर कर दिया है। वह कुल्लू जिला ही नहीं बल्कि, आईजीएमसी, पीजीआई सहित अन्य सभी अस्पतालों में रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

# सुरेश भारद्वाज 75 बार कर चुके हैं रक्तदान



**अनंत ज्ञान, अंब।** सुरेश भारद्वाज पेशे से एलआईसी एजेंट के तौर पर कार्य करते हैं और रक्तदान शिवर का आयोजन भी करते हैं। सुरेश भारद्वाज द्वारा आज तक 35 वार रक्तदान शिवर का आयोजन किया है। हालांकि, सुरेश ने खुद 75 बार रक्तदान कर महापुण्य प्राप्त किया है। सुरेश भारद्वाज एक वर्ष मैं अपनी संस्था द्वारा 4 बार रक्तदान शिवर का आयोजन करते हैं, जिसमें उनके साथ जुड़े सदस्य उनका भरपूर समर्थन करते हुए बढ़-चढ़कर रक्तदान करते हैं।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर परिवार समेत किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

अगर इंसान किसी कार्य को करने की ठान ले तो वह जुनून परिवार पर भी असर दिखाता है। ऐसा ही जुनून निकटवर्ती गांव भूड निवासी रविंद्र सिंह में देखने को मिला। शनिवार को उन्होंने परिवार समेत चंडीगढ़ रोटरी ब्लड बैंक में पहुंच कर खुद 47वीं बार और उनकी पत्नी रविंद्र कौर ने 34वीं बार रक्तदान किया। ऐसे ही अब इनका बेटा मान सिंह उसने भी आज जीवन का 9वीं बार रक्तदान किया।

इस परिवार ने उद्देश्य ही बना लिया कि जब तक जीवन है हर तीन माह बाद रक्तदान करना ही करना है। अगर कहीं भी रक्तदान शिविर लगा है तो उसमें जाकर वे रक्तदान करते हैं तथा ब्लड बैंक में जाकर भी रक्तदान करते रहते है। समाज मे ऐसे बहुत कम कम लोग देखने को मिलते है। रविंद्र सिंह अपनी आजीविका कमाने के साथ साथ इस कार्य को इस कदर अंजाम दे रहे है कि किसी को कभी भी रक्त की जरूरत पड़े तो तुरंत कोई न कोई तैयार रहता है।

23 जून को बद्दी की काठा स्थित पाइन ट्री पैकेजिंग में रक्तदान शिविर लगने जा रहा है उसमें भी कम्पनी के निदेशक राजेश शर्मा ने इन्हें वहां पर सम्मानित किया जाएगा। इस परिवार की इस हिम्मत को लेकर कोई भी चकित होता है और इनके जुनून और जज्बे को प्रणाम करते है।


विश्व रक्तदाता दिवस पर भूड का एक परिवार चंडीगढ़ पहुंचकर रोटरी ब्लड बैंक में रक्तदान करता हुआ।

## 30 रक्तदानियों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा की ओर से विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शिव मंदिर, डललेक, धर्मशाला में भगवान बुद्धा चैरिटेबल ट्रस्ट वीरता के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साधना नेपाली ने किया। शिविर में 30 रक्तदानियों ने अपना स्वैच्छिक रक्तदान किया तथा रक्तदानियों को सोसायटी की ओर से मुख्यातिथि से रक्तदाता प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी धर्मशाला के सचिव ने कहा कि अस्पतालों में हमेशा रक्त की कमी बनी रहती है तथा कई लोगों को रक्त न मिल पाने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । उन्होनें युवाओं एवं रक्तदानियों से आग्रह कि वे अधिक से अधिक अपना रक्तदान करें तथा अन्य लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें तथा रक्तदान करने के लाभ पर भी प्रकाश डाला।

# बैजनाथ और पपरोला में अब तीसरी आंख का पहरा

## एसएसपी शालिनी ने किया बैजनाथ के डीएसपी कार्यालय के कंट्रोल रूम का मुआयना

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर बैजनाथ व पपरोला क्षेत्र में लगे आधुनिक सीसीटीवी कैमरों से अब पुलिस की चप्पे-चप्पे पर नजर रहेगी। शनिवार को जिला कांगड़ा की एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बैजनाथ डीएसपी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का मुआयना किया। उन्होंने कैमरों का निरीक्षण किया व राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का इन कैमरों के बजट मुहैया करवाने के लिए आभार जताया।

उन्होंने कहा कि इन सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होगी। वहीं, दोनों मुख्य शहरों में होने वाली गतिविधियों के बारे में पुलिस कंट्रोल रूम से ही उसे देख सकेगी। वहीं, अग्निहोत्री ने एक बार फिर बैजनाथ पुलिस टीम की पीठ थपथपाई। पिछले 1 साल में 40 केस एनडीपीएस के, 50 केस आबकारी अधिनियम के तहत अवैध शराब के, जबकि कई मामले अवैध खनन के मामले पकड़े हैं।


बैजनाथ में स्थापित कंट्रोल रूम का मुआयना करने पहुंची एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री।

### बिगड़ैल वाहन चालकों पर होगी कार्रवाई

**ये** कैमरे ताशीजोंग पुल, पपरोला के मझैरना चौक, उतराला रोड, चौबीन चौक , सेहल चौक, गणेश बाजार फ्लाई ओवरब्रिज, मिनी सचिवालय चौक, शीतला चौक को कवर करेंगे। इन कैमरों की सहायता से बिगड़ैल वाहन चालकों व यातायात नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। इस मौके पर डीएसपी अनिल शर्मा, एसएचओ मुनीश, एसडीएम संकल्प गौतम, एसएचओ बीड हरि सिंह, अनुराग शर्मा मौजूद रहे।

# योल में युवक ने कार से सास-बहू को मारी टक्कर, घायल

## नशे में धुत्त था आरोपी; स्थानीय युवकों ने दबोचा, एक की बाजू फ्रैक्चर-दूसरी के सिर में आई चोटें

**जाम लगने के कारण ज्यादा दूर नहीं भाग पाया आरोपी**

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** योल बाजार में शनिवार को नशे में धुत्त एक युवक ने तेज रफ्तार कार से दो महिलाओं को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी का फ्रंट का शीशा भी टूट गया ये महिलाएं मीनाक्षी और उनकी सास विमला देवी, दाडनूं से योल खरीदारी करने आई थीं।

आरोपी की पहचान नितिन, 61 मील के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा होते ही युवक कार लेकर भागने लगा, लेकिन बाजार में जाम होने के कारण वह ज्यादा दूर नहीं जा पाया। स्थानीय युवकों ने उसे पकड़ लिया और तुरंत योल पुलिस चौकी को सूचित किया। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। घायल महिलाओं को युवक विकास बलिया और सागर थापा ने अपनी गाड़ी में बिठाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक, मीनाक्षी के बाजू में फ्रैक्चर आया है और प्लास्टर चढ़ाया गया है, जबकि विमला देवी के सिर पर गंभीर चोट आई है और उन्हें टांके लगे हैं। पुलिस थाना सदर एसआई संजय कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राथमिक जांच में युवक के नशे की हालत में होने की पुष्टि हुई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की है।


योल बाजार में महिलाओं को टक्कर मारने के बाद टूटा कार का शीशा।

## टंबर में करंट से झुलसा व्यक्ति टांडा किया रेफर

**मंदीप, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पुलिस थाना लंबागांव के टंबर पंचायत के बलोटा गांव में करंट लगने से 50 वर्षीय व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। अजय कुमार पुत्र रोशन लाल ने अपने कच्चे मकान के साथ ही पक्का कमरा बनाया था और सुबह लेंटल को पानी देने चढ़ा था, तो करंट लग गया। करंट का झटका लगते ही अजय बेहोश होकर लेंटल से नीचे गिर गया व बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए जयसिंहपुर स्थित नागरिक अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लंबागांव थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# टमरैलू में पानी और बिजली सुविधाएं होंगी दुरुस्त

## 77 साल बाद टमरैलू गांव पहुंचने वाले पहले विधायक बने किशोरी लाल, लोगों की सुनीं समस्याएं


विधायक किशोरी ने टमरैलू और खोली गांव का दौरा कर जनसमस्याएं सुनीं और अधिकारियों को जल्द हल करने के निर्देश दिए।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**विधायक** बैजनाथ किशोरी लाल ने शनिवार को झिकली भेठ पंचायत के दूरदराज गांव टमरैलू का दौरा किया। 77 साल बाद पहली बार किसी विधायक ने टमरैलू गांव का दौरा किया है।

उन्होंने लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**लोगों को दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी**

विधायक ने कहा कि सुक्खू सरकार गांव के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और गांव-गांव के लिए सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य तथा शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि सकारडी से टमरैलू गांव के लिए निर्माणाधीन 1.5 किलोमीटर सड़क को लोक निर्माण विभाग पक्का करेगा।

पेयजल सुविधाओं को भी दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली की खराब तारों को बदलने तथा सिंगल फेस की क्षमता बढ़ाने करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी।

### विधायक ने खोली गांव में नई पानी की पाइपें डालने के दिए निर्देश

विधायक ने खोली गांव का भी दौरा किया और वहां उपस्थित ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने जल शक्ति विभाग को पुरानी पानी की टंकियों की मरम्मत तथा जर्जर पाइपों को बदलकर नई पाइपें डालने के निर्देश दिए। साथ ही। बिजली के खंभे लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने जानकारी दी कि गाजियाबाद से खोली तक की सड़क के निर्माण कार्य के लिए 4 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है और कार्य प्रगति पर है। उन्होंने अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता जलशक्ति पवन धीमान, कनिष्ठ अभियंता लोक निर्माण विभाग जगदीश, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, स्थानीय ग्रामीण पप्पी राम, ध्यान सिंह, गुलेर चंद तथा सोनू राम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सरकार ने लोकगायक प्रताप चंद को भुलाया

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** हिमाचल की लोक संस्कृति और पहाड़ी गीतों को पहचान दिलाने वाले प्रसिद्ध लोकगायक प्रताप चंद शर्मा को दुनिया छोड़े हुए सात साल हो गए हैं, लेकिन प्रदेश सरकार अब तक उनके नाम पर कोई स्मृति या सम्मान नहीं दे सकी है। 'ठंडी हवा जे झूलदी, झूलदे चीला दे डालू जैसे लोकगीतों से जनमानस में अमिट छवि बनाने वाले प्रताप चंद को जनता ने सिर-आंखों पर बिठाया था। शर्मा के निधन के बाद प्रदेश सरकार ने उनके सम्मान में एक स्मृति गेट बनाने और अन्य सांस्कृतिक आयोजनों की घोषणा की थी, लेकिन सात वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो गेट बना और न ही कोई आयोजन हुआ। यह न सिर्फ एक कलाकार की स्मृति के साथ अन्याय है, बल्कि हिमाचली लोक संस्कृति के प्रति सरकारी उपेक्षा का जीवंत उदाहरण भी। उनकी 92 वर्षीय पत्नी सत्या देवी आज भी हर साल उम्मीद लिए बैठती हैं कि शायद इस बार सरकार अपने वादे को निभाएगी।

# बट पंचायत के आर्यन ठाकुर बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां**

नगरोटा सूरियां के तहत बट पंचायत के आर्यन ठाकुर ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है।

आर्यन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने गृहनगर के स्थानीय स्कूल से पूरी की। इसके बाद छठी कक्षा से लेकर बारहवीं तक की सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा से की।

उन्होंने पहले ही प्रयास में एनडीए (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) की परीक्षा पास की। उनका चयन पुणे, महाराष्ट्र स्थित राष्ट्रीय सैन्य अकादमी के लिए हुआ। राष्ट्रीय सैन्य अकादमी में आर्यन ने सैन्य प्रशिक्षण पूरा किया। उन्होंने देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से पास आउट हुए। आर्यन ठाकुर के पिता शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं और उनकी माता गृहिणी हैं। आर्यन ने अपनी इस गौरवपूर्ण सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों दिया है।


भारतीय सैन्य अकादमी दूहरादून से हुए आर्यन ठाकुर पासआउट।

# फादर्स डे

*फादर्स डे, यह एक ऐसा खास दिन है, जो हमें अपने पिता के त्याग, प्रेम और संघर्ष को याद करने और उन्हें धन्यवाद कहने का मौका देता है। तो इस शानदार अवसर को हाथ से न जाने दें और पिता को कहें, वो जो उनके लिए आपके मन में है। इस खास दिन का इतिहास क्या है? चलिए जानते हैं*



## पिता के त्याग, प्रेम और मार्गदर्शन का सुंदर अवसर

पिता अपने बच्चों के लिए एक ऐसी चट्टान हैं, जो अपने जीवित रहने तक बच्चों को हर बड़े तूफान से बचा लेती है। हर व्यक्ति की जिंदगी में पिता की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है, जितनी मां की मौजूदगी जरूरी है। जिस तरह मां हमें जन्म देती हैं और प्यार से पालती हैं, उसी तरह पिता हमारे जीवन की नींव को मजबूत बनाते हैं। मां का प्यार नजर आता है, लेकिन पिता बिना जताए हमारे लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। वे अपने बच्चों के सपनों को साकार करने में हर मुमकिन प्रयास करते हैं। ऐसे में उनके सम्मान के लिए हर साल 'फादर्स डे' मनाया जाता है।

### कब और क्यों मनाया जाता है?

**हर** साल मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। इसी तरह हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाया जाता है। यानी साल 2025 में फादर्स डे 15 जून (रविवार) को मनाया जाएगा। फादर्स डे मनाने का मुख्य उद्देश्य पिता को सम्मान देना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि पिता भी एक खास भूमिका निभाते हैं- वे न सिर्फ घर चलाने वाले होते हैं, बल्कि बच्चों के जीवन के पहले मार्गदर्शक और हीरो भी होते हैं। यह दिन दुनियाभर में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है, लेकिन तारीख ज्यादातर देशों में एक ही होती है।

### ऐसे हुई शुरुआत

**ब्रिटैनिका** के अनुसार, फादर्स डे एक ऐसा दिन है, जो पिता को समर्पित है। यह दुनियाभर के कई देशों में पिताओं के सम्मान में मनाया जाने वाला अवकाश है। इसकी शुरुआत संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई थी। फादर्स डे की शुरुआत का श्रेय अमेरिका की सोनोरा स्मार्ट डॉड नाम की महिला को जाता है। उनके पिता एक युद्ध सैनिक थे, जिन्होंने डोड और उनके पांच भाई-बहनों का पालन-पोषण किया, जब उनकी मां की प्रसव के दौरान मृत्यु हो गई थी। 1909 में मदर्स डे के दौरान उन्हें यह विचार आया कि जैसे मदर्स डे मनाया जाता है, क्यों न उसी तरह से फादर्स डे भी मनाया जाना चाहिए।




### पहली बार कब सेलिब्रेट हुआ?

**स्थानीय** धार्मिक नेताओं ने डोड के विचार का समर्थन किया। पहला फादर्स डे 19 जून 1910 को मनाया गया था, जो डोड के पिता के जन्मदिन का महीना था। हालांकि, इस छुट्टी को कुछ प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन यह हॉलीडे धीरे-धीरे पूरे देश में फैलने लगा। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कूलिज ने भी इसे अपना समर्थन दिया। वहीं, 1966 में राष्ट्रपति लिंडन बी. जॉनसन ने इस दिन को मान्यता देते हुए एक घोषणा की। यह 1972 में यूएस का नेशनल हॉलीडे बन गया, जब तत्कालीन राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे के रूप में नामित करने वाले कानून पर साइन किए।

### पिता की भूमिका क्यों महत्वपूर्ण?

**सुरक्षा का एहसास :**
*पिता बच्चों के लिए सुरक्षा की भावना लेकर आते हैं। जब पिता साथ होते हैं, तो बच्चे खुद को ज्यादा सुरक्षित और आत्मविश्वासी महसूस करते हैं।*

**आर्थिक आधार :**
**पिता** परिवार का आर्थिक आधार होते हैं। वे कड़ी मेहनत करके बच्चों की शिक्षा, जरूरतों और भविष्य के लिए पैसे जुटाते हैं।

**अनुशासन और शिक्षा :**
पिता बच्चों को जीवन के अनुशासन और मूल्यों की सीख देते हैं। वे बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना सिखाते हैं।

**समय का महत्व :**
पिता बच्चों को समय का मूल्य, कड़ी मेहनत और जिम्मेदारी का सबक पढ़ाते हैं।

### फादर्स डे कैसे मनाया जा सकता है?

**इस** स्पेशल डे को सेलिब्रेट करने के लिए कई तरीके हैं। अब यह आप पर डिपेंड करता है कि आप अपने जन्मदाता को किस तरह खुश करना चाहते हैं। सबसे पहले तो सुबह की शुरुआत में आप उन्हें कोई गिफ्ट दे सकते हैं। यह एक ग्रीटिंग कार्ड, उनकी पसंदीदा राइटर की किताब, कप, घड़ी या कपड़े में से कुछ हो सकता है। अगर आप साथ रहते हैं, तो पिता के साथ समय बिताना उनके लिए सबसे अच्छा होगा। आजकल की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में समय सबसे बड़ा तोहफा होता है। उनसे बातें करके पुरानी यादें ताजा करेंगे, तो उन्हें बहुत खुशी मिलेगी। इसके अलावा उनका पसंदीदा खाना बनाकर खिलाएं, इससे उन्हें स्पेशल फील होगा। वहीं, अगर आप शब्दों के जरिए भावनाएं व्यक्त करना पसंद करते हैं, तो पिता के लिए एक छोटा सा थैंक्यू लेटर लिखें या फिर आप उनके जीवन की तस्वीरों का एक छोटा एल्बम बनाकर उन्हें गिफ्ट करें या वीडियो मेसेज बना सकते हैं।





### आज के दौर में पिता की बदलती भूमिका

**पहले** माना जाता था कि पिता केवल कमाने वाले होते हैं और मां ही बच्चों की देखभाल करती हैं, लेकिन कई पिताओं ने इस सोच को गलत साबित किया। आपने बॉलीवुड फिल्म दंगल तो देखी ही होगी, जिसमें पहलवान गीता और बबिता फोगाट की कहानी को फिल्माया गया है। देश की इन बेटियों के रेसलर बनने में सबसे बड़ा योगदान उनके पिता महावीर फोगाट का ही होता है। ऐसे ही अमेरिकी टेनिस स्टार वीनस और सेरेना विलियम्स के पिता रीचर्ड विलियम्स ने बेटियों को उस मुकाम तक पहुंचाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाया और अपनी तरफ से कोई कसर बाकी नहीं रहने दी थी। देश-दुनिया में न जाने ऐसी कितने ही उदाहरण है, जिनकी आज भी मिसालें दी जाती है।
आजकल के पिताओं ने तो यह सोच पूरी तरह से बदलकर रख दी है। अब पिता भी बच्चों के साथ समय बिताते हैं, उनकी पढ़ाई, स्पोर्ट्स, हेल्थ और भावनात्मक स्थिति का भी पूरा ध्यान रखते हैं। आज के पिता ज्यादा संवेदनशील और भावुक हो गए हैं। वे बच्चों को सिर्फ डांटने वाले नहीं, बल्कि दोस्त की तरह समझाने वाले बन गए हैं।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' से दुनिया ने देखी भारत की सैन्य ताकत : राजीव

## दरंग, डरोह और पुड़वा में 'विकसित भारत संकल्प सभा' कार्यक्रम का आयोजन, सांसद बोले- गरीबी रेखा से ऊपर उठे 29 करोड़ लोग

**अनंत ज्ञान, सुलह**

**सुलह** विधानसभा क्षेत्र के दरंग, डरोह और पुड़वा में 'संकल्प से सिद्धि तक विकसित भारत संकल्प सभा' कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और सुलह से विधायक विपिन सिंह परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 सालों में देश की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लगभग 29 करोड़ लोग अब गरीबी से ऊपर उठ चुके हैं और बीपीएल योजनाओं पर निर्भर नहीं रहे हैं। उन्होंने इसे सामान्य वर्ग की ओर बढ़ता एक बड़ा परिवर्तन और उपलब्धि बताया।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के पहले देश में गरीबी दर 27.96 प्रतिशत थी, जबकि हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय संस्था के सर्वेक्षण में यह घटकर मात्र 5.6 प्रतिशत रह गई है।

यह मोदी सरकार के सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने पहले भाषण में कहा था कि उनकी सरकार गांव, गरीब और विकास को समर्पित होगी। बीते 11 वर्षों में उन्होंने इसे धरातल पर उतारकर दिखाया है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' से दुनिया ने भारत की सैन्य ताकत देखी है। यह नया भारत है आत्मनिर्भर और स्वाभिमान से परिपूर्ण भारत।



कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज और विधायक विपिन सिंह परमार।

### प्रदेश सरकार की गारंटियां पूरी तरह फेल, जनता चुनाव को तैयार : परमार

**परमार** ने कहा कि 9 जून को देश के पीएम नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के सुशासन, जनकल्याण और समावेशी विकास की यात्रा को समर्पित यह आयोजन देशभर में चल रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और देश को एक सूत्र में बांधने के प्रयासों को रेखांकित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 10 गारंटिया दी थी और 10 गारंटिया पूरी तरह से उखड़ गई है। लोग दुखी हैं। जनता कह रही है कि तुरंत हिमाचल प्रदेश में चुनाव होने चाहिए, ताकि हम मुख्यमंत्री के इस कुचक्र से बाहर निकल पाएं।

हैप्पी बर्थडे


तकीपुर से पूजा कजला को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


टौणीदेवी के थाना दरोगन की वैष्णवी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


बैजनाथ (पपरोला) की मोनिका कपूर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# जज्बे को सलाम: रक्तदान कर युवा बचा रहे लोगों की जिंदगियां

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** विश्व रक्तदान दिवस रक्तदाताओं के सम्मान में समर्पित दिन रहता है। यह दिन उन सभी रक्तदाताओं के सम्मान में समर्पित होता है, जो बिना किसी स्वार्थ के दूसरों की जान बचाने के लिए रक्तदान करते हैं। डब्ल्यूएचओ की वेबसाइट के अनुसार, पहली बार साल 2004 में विश्व रक्तदान दिवस मनाने की पहल की गई थी। डब्ल्यूएचओ के साथ इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लड डोनर ऑर्गेनाइजेशन और इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन ने मिलकर 14 जून को रक्तदाता दिवस मनाया था। आज युवा रक्तदान को लेकर अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। युवाओं ने ऐसे कई ग्रुप भी बनाए हुए हैं, जो अस्पतालों में इलाज के दौरान रोगियों को रक्त की डिमांड को पूरा कर रहे हैं। कांगड़ा के युवाओं की बात करें, तो रक्तदान में उन्होंने कई मिसालें कायम की हैं। युवाओं ने मौके पर रक्तदान कर कई जिंदगियों को नया जीवन देने में अहम भूमिका निभाई है।

विश्व रक्तदान दिवस

### रक्तदान से कोई बड़ा दान नहीं : विरेंद्र



54 बार रक्तदान कर चुके कांगड़ा चौधरी विरेंद्र सागर का कहना है रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान सेवा में अपना-अलग ही मजा है। तब बहुत खुशी मिलती है, जब आप किसी दूसरे व्यक्ति की जिंदगी को बचाने के लिए कार्य कर रहे हों। रक्तदान अपने आप में वे कार्य है, जिसके बाद ऐसा लगता है कि अपना जीवन सार्थक हुआ हो। विरेंद्र का कहना है कि सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

### फोन आने पर लगता सेवा का समय आ गया : परविंदर



100 बार रक्दान कर चुके परविंदर सिंह का कहना है कि दौड़ भाग की जिंदगी में आज किसी के पास वक्त नहीं है, लेकिन जो वक्त किसी की जिंदगी को बचाने के लिए निकाला जाए, उसे भुलाया नहीं जा सकता। अस्पतालों में बल्ड बैंक तो होते हैं, मगर कई बार रक्त होने के बावजूद मरीज को रक्त नहीं मिल पाता या तो वहां मरीज के रक्त का ग्रुप मेले नहीं खाता या खून की कमी हो जाती है। ऐसे में जब उन्हें फोन पर रक्तदान करने की बात कही जाती है, तो ऐसा लगता है कि सच्ची सेवा का समय आ गया।

### किसी की जिंदगी बचाने से मिलता सुकून : पवन



36 बार रक्तदान कर चुके पवन गुप्ता का मानना है कि रक्तदान करके किसी की जिंदगी बचाने से बेहद सुकून मिलता है। इससे नेक काम और कोई नहीं हो सकता। इसके लिए लोगों को बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए। कहीं से भी जब कोई कॉल आती है तो वह तुरंत पहुंच जाते हैं और शख्स को खून देकर उसकी जान बचाने की कोशिश करते हैं।

### कई वर्षों से कर रहे रक्तदान : विरेंद्र सागर



41 बार रक्तदान करने वाले विरेंद्र सागर का कहना है कि वे कई वर्षों से रक्तदान कर लोगों का जीवन बचा रहे हैं। किसी भी मरीज को खून की जरूरत पड़ने और उसके पास डोनर न होने पर खुद ही खून दे देते हैं। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह किसी मशीन में नहीं बन सकता।

### खून देने से नहीं होता कोई नुकसान : तरुण



तरुण धीमान का जज्बा भी काबिलेतारीफ है। धीमान अब तक 33 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज भी लोग रक्तदान में पीछे हैं, इसमें झिझकते हैं। रक्तदान से शरीर को किसी तरह का नुकसान नहीं होता है।

### एक रक्तदान से बचतीं चार जिंदगियां : अकर्ष



अकर्ष 20 बार रक्तदान कर चुके हैं तथा जरुरत पड़ने पर वह रक्दान करने से पीछे नहीं हटते। उन्होंने अपील की कि व्यक्ति जब तक स्वस्थ्य रहे, उसे रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक रक्तदान से चार जिंदगियां बचती हैं।

# घोड़न में खैर के 52 मोछे बरामद, तस्कर फरार, गाड़ी चालक गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** वन विभाग इंदौरा की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक पिकअप वाहन (जेके 08डी-9120) से अवैध रूप से खैर की लकड़ी के मोछे बरामद किए हैं। तस्कर फरार बताए जा रहे हैं। वन मंडल अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि उन्हें से सूचना मिली थी कि वन परिक्षेत्र इंदौरा की बीट घोड़न में अवैध रूप से खैर के पेड़ों को काटकर तस्करी की जा सकती है। वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदौरा जगजीत चावला के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

इस टीम में डिप्टी रेंजर रणधीर सिंह, वन रक्षक विक्रम जीत सिंह, शुभम राणा, आंचल कुमार और वन मित्र अनुज रियाल तथा साहिल ठाकुर शामिल थे। टीम को तत्काल गश्त के लिए रवाना किया गया। गश्त के दौरान टीम ने बताए गए पिकअप वाहन को खैर के मोछों सहित मौके पर ही पकड़ लिया। हालांकि, वन विभाग की टीम को देखते ही कुछ तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे, लेकिन वाहन के चालक जीवन कुमार निवासी गांव हट, बसोहली को तुरंत गिरफ्तार कर लिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जब्त किए गए खैर के मोछों की संख्या 54 पाई गई है और तस्करी के लिए 6 पेड़ काटे गए थे। इस मामले में पिकअप वाहन के मालिक सुशील कुमार निवासी घोड़न व तहसील इंदौरा के विरुद्ध भी संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल, खैर के मोछों और पिकअप वाहन को विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।


वन परिक्षेत्र इंदौरा की बीट घोड़न में अवैध रूप से काटी गई खैर की लकड़ी के साथ गिरफ्तार गाड़ी चालक।

## अवैध खननः चक्की में सात ट्रैक्टर चालकों को ठोंका 35 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

**थाना** क्षेत्र नूरपुर की खड्ड के खन्नी क्षेत्र की खन्नी, मैरा, बटराह, बिल्ला दा टाल, नक्की आदि क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन की शिकायत पर शनिवार को जैसे ही पुलिस ने क्षेत्र में दबिश दी, तो चक्की में डटा खनन माफिया तो मौके से भाग खड़ा हुआ, लेकिन रा मेट्रियल ला रहे सात ट्रैक्टर पुलिस के हाथ चढ़ गए। इनके खिलाफ पुलिस ने खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 35 हजार का जुर्माना किया है। थाना प्रभारी नूरपुर सुरेंद्र धीमान ने बताया कि पुलिस ने खनन अधीनयम के तहत सात ट्रैक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 35 हजार का जुर्माना लगाया है।

## मैक्लोडगंज में योगा ट्रेनर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के मैक्लोडगंज स्थित अपर भाग्सूनाग क्षेत्र में शनिवार को योगा ट्रेनर की मौत हो गई। मृतक की पहचान चंबा के छतराड़ी निवासी शिव राठौर के रूप में हुई है। शिव को उनके कमरे में बेहोश अवस्था में पाया गया, उन्हें तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस ने धारा 174 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मृतक की कॉल डिटेल और कमरे की तलाशी के माध्यम से जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शिव एक शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। वे पिछले कुछ वर्षों से मैक्लोडगंज में योग सेंटर चला रहे थे। टूरिस्टों के बीच वे काफी लोकप्रिय थे। जांच अधिकारी ने बताया कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी। मामले की हर दिशा में जांच की जा रही है।

# मनेई वार्ड-1 में बाशिंदे सड़क सुविधा से वंचित, दूसरी जगह लगा दिया पैसा

## ग्रामीण बोले-सड़क का निर्माण जल्द कर सुविधा से जोड़ा जाए


शाहपुर उपमंडल के तहत पंचायत मनेई के वार्ड-1 में सड़क सुविधा न होने पर रोष जताते लोग।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**शाहपुर** उपमंडल के तहत पंचायत मनेई के वार्ड-1 में गद्दी व जट्ट बस्ती के बाशिंदे आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं।

लोगों ने बताया कि कुछ वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग की ओर से जेसीबी लगाकर का निर्माण कार्य शुरू किया था, लेकिन जेसीबी से कच्चा रास्ता निकालने के बाद इस 600 मीटर रास्ते पर न तो तारकोल डाली गई, न ही कंक्रीट मार्ग बनाया गया। लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा बजट का भी प्रावधान किया गया था, लेकिन विभागीय मिलीभगत से बजट को दूसरी जगह पर लगा दिया गया। इस वजह से निर्माण कार्य अधर में लटक गया। इसके निर्माण के लिए नेताओं सहित विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन आज दिन तक अधूरे पड़े सड़क मार्ग का निर्माण नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों को काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं। अब तो हालत ऐसे हो गए हैं कि गाड़ियों को भी आधे रास्ते में ही खड़ा करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार, विधायक केवल पठानिया व लोक निर्माण विभाग से मांग उठाई है कि जल्द से जल्द हमें भी मनेई-मौआ संपर्क के साथ जोड़ा जाए।

# नूरपुर की मृगाक्षी रैना का एयरफोर्स में चयन


एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में चयन होने पर खुशी जताती मृगाक्षी।

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर**

**विधानसभा** नूरपुर कस्बा जसूर ठंगर की रहने वाली मृगाक्षी रैना का चयन इंडियन एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में हुआ है। मृगाक्षी हैदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। मृगाक्षी ने देशभर में 31वां स्थान हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

मृगाक्षी के पिता शशि भूषण रैना जसूर में अपना कारोबार चलाते हैं और माता मृदुला शर्मा सरकारी शिक्षिका है तथा मौजूदा समय में खन्नी स्कूल में कार्यरत हैं। मृगाक्षी ने प्रारंभिक शिक्षा नूरपुर पब्लिक स्कूल से ग्रहण की है तथा इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से आगे की पढ़ाई की। मृगाक्षी ने बताया कि यह उसका बचपन का सपना तो नहीं था, मगर यह सपने से भी कम नहीं है, क्योंकि मुझे खुशी तथा गर्व भी महसूस हो रहा है कि अब मैं इंडियन एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप देश की सेवा करूंगी। मृगाक्षी ने इस सफलता का सारा श्रेय माता-पिता व भाई को दिया।

# वणी चौक पर लगाई मीठे पानी की छबील



सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली। गरली स्थित गांव बणी के युवा स्व. पंकज राणा की पुण्य स्मृति में क्षेत्र के युवाओं की ओर से वणी चौक पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। राहगीरों को ठंडा मीठा जल पिलाने के साथ-साथ फलों का वितरण भी किया। पंकज राणा गांव बणी के रहने वाले थे और गत वर्ष एक सड़क दुर्घटना में उनका आकस्मिक निधन हो गया था।

**कार्यक्रम** मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में उपमुख्य सचेतक ने 430 नौनिहालों को दिए स्कूल बैग उपहार

# शिक्षित समाज रखता मजबूत राष्ट्र की नींव: पठानिया

- विधायक ने 15 मेधावी स्टूडेंट्स किए सम्मानित
- बोले- शीघ्र ही दो हजार और बच्चों को देंगे स्कूल बैग

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**राजकीय** उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर में शनिवार को प्राथमिक स्नेह उपहार, मेधावी विद्यार्थी सम्मान एवं शिक्षा संवाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। पठानिया ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के 17 केंद्रों के 430 प्री-नर्सरी बच्चों को व्यक्तिगत रूप से स्कूल बैग वितरित किए।

इसके साथ ही हाल ही में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दसवीं एवं जमा दो के 15 मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पहले भी केवल पठानिया शाहपुर विधानसभा के सैकड़ों बच्चों को जूते, ट्रैक सूट, स्वेटर आदि व्यक्तिगत रूप से प्रदान कर चुके हैं। उन्होंने घोषणा की कि आगामी दिनों में 2000 और बच्चों को स्कूल बैग दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव रखता है और प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व बच्चों के लिए बेहतर सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही 6 लाख बच्चों को स्टेनलेस स्टील की पानी की बोतलें उपलब्ध करवाने जा रही है। उन्होंने शिक्षकों से सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने तथा कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त समय देने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के संपन्न वर्ग से अपील की कि वे गरीब बच्चों की पढ़ाई और आवश्यकताओं में सहयोग करें।


मेधावी विद्यार्थी सम्मान एवं शिक्षा संवाद समारोह में बच्चों के साथ उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया।

### शिक्षा के बिना समाज अधूरा : विकास महाजन

उपनिदेशक उच्च शिक्षा विकास महाजन ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज अधूरा है और प्राथमिक शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने सामुदायिक सहभागिता को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अजय सम्याल ने जिले में शिक्षा विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए विधायक का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा, जिला परिषद सदस्य नीना ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीडी शर्मा, वरयाम सिंह, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम चंबियाल, सरिता सैनी, पूर्व सीएमओ सुशील शर्मा, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय, नगर पंचायत शाहपुर के उपाध्यक्ष विजय गुलेरिया एवं पार्षदगण, प्रदीप बलौरिया आदि उपस्थित रहे।

# प्राथमिकता के आधार पर हल होंगी एससी वर्ग की शिकायतें: संजय

## अक्षैणा में अनुसूचित जाति समुदाय महासम्मेलन में सुनी समस्याएं

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** अनुसूचित समुदाय के उत्थान एवं समस्याओं को सुलझाने के मद्देनजर प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने शनिवार को अनुसूचित जाति सुनवाई महासम्मेलन का एक विशेष कार्यक्रम अक्षैणा में आयोजित करवाया।

इसका उद्देश्य इस वर्ग की समस्याओं को सुनना था। इस अवसर पर अनुसूचित वर्ग कमीशन के सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा भी उपस्थित हुए। संजय चौहान ने महिलाओं और पुरुषों से आग्रह किया कि दिग्विजय मल्होत्रा से खुलकर अपनी समस्याएं साझा करें, ताकि वे मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू तक इन्हें रख सकें व उनका जल्द निवारण किया जा सके। दिग्विजय मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि सुलह विधानसभा क्षेत्र में एक बहुत बड़ी आबादी अनुसूचित वर्ग की है और सभी को मुख्यमंत्री सुक्खू पर पूर्ण विश्वास है कि वह अनुसूचित समुदाय के सदैव हितैषी रहेंगे। एससी समुदाय हमेशा कांग्रेस का सहयोग करता है और आगे भी करेगा।

संजय ने आए अतिथि व समुदाय के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा एससी वर्ग की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। इसके अलावा अनुसूचित विभाग को मजबूती देने के लिए जो भी कदम उठाने पड़ेंगे, उन्हें उठाया जाएगा और पार्टी में उन्हें उच्चतम मान-सम्मान दिया जाएगा।


अक्षैणा में आयोजित अनुसूचित जाति समुदाय महासम्मेलन में उपस्थित लोग।

# जुब्बल-कोटखाई में 40 करोड़ से बन रही सड़कें : रोहित

## शिक्षा मंत्री ने सड़कों को बताया विकास की भाग्य रेखा, नशे के खिलाफ युवाओं को खेल से जोड़ने पर दिया जोर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से बन रही विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने इस अवसर पर सड़कों को विकास की भाग्य रेखा बताते हुए कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी क्षेत्र में इनका महत्व और भी बढ़ जाता है।

मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कोटी सराई धार सड़क के लिए 15 करोड़ रुपए अनुमोदित किए गए हैं, जबकि स्याओ कैंची से बदशाल पुल की डीपीआर पर लगभग 14.50 करोड़ रुपए के व्यय की योजना है।

मेंदली से स्याओ कैंची सड़क का कार्य भी लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से प्रगति पर है। पिछले दो वर्षों में क्षेत्र में तीन नई सड़कें टीलूधार से वाण मंदिर, पुजारली-4 से सीतलि और तमशाल से कंद्रो नाला भी स्वीकृत हुई हैं।

अपने पुजारली-4 प्रवास के दौरान, शिक्षा मंत्री ने 22 लाख 45 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित राजकीय उत्कृष्ट केंद्रीय माध्यमिक पाठशाला उद्घाटन किया। उन्होंने पाठशाला को फर्नीचर के लिए 2 लाख 20 हजार रुपए भी उपलब्ध कराए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला का भी निरीक्षण किया, जिसका निर्माण 4.90 करोड़ रुपए से किया जा रहा है।

खेलों के महत्व पर जोर देते हुए, रोहित ठाकुर ने नवयुवक मंडल टिक्करी द्वारा आयोजित 7वें अमन मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों और युवाओं को खेलों के लिए उचित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे नशे की चपेट में आने से बच सकें और खेलों के माध्यम से अपने क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने आयोजनकर्ताओं को 50 हजार रुपए देने की भी घोषणा की।


जनसभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

### आज के कार्यक्रम

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर 15 जून को कठासू में भी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और भूमि पूजन करेंगे, जिसमें पटवारखाना भवन, लंगर भवन, कोहली से धापली तक संपर्क सड़क और खोरनी नाला से जलापूर्ति योजना का उन्नयन शामिल है। इसके पश्चात वे 7वें पूर्ण चंद मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

# मढोल और थरोला पंचायत के भाजपा कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** में आगामी पंचायती राज चुनावों से पहले राजनीतिक दलों में फेरबदल जारी है। इसी क्रम में, शिमला जिले की कोटखाई और जुब्बल तहसीलों की दो ग्राम पंचायतों, थरोला और मंढोल से भाजपा के कई सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। इन सभी कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया।

कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत थरोला के टाऊ गांव से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सुनील कुमार (राजू) ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने सभी नए सदस्यों को पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिए जाने का आश्वासन दिया।

इस दौरान बिट्टू रिल्टा, डॉक्टर अनंत राम, सोहन सिंह खीनटा, राजेश गरीबटा, यशपाल गेजटा, हरि चंद शांटा, राज कुमार डफरेट और भावना डफरेट सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंढोल ग्राम पंचायत से सुंदर सिंह सहित कई कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए। वहीं जुब्बल तहसील की ग्राम पंचायत मंढोल से भी भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सुंदर सिंह, राविंद्र और नितिन ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त की।

# ऑनलाइन सेकंड हैंड कार खरीदने का झांसा देकर 5 .90 लाख की ठगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- ठियोग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की छानबीन

**ऑनलाइन** खरीदारी के नाम पर ठियोग क्षेत्र के एक व्यक्ति से लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस थाना ठियोग में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव महसू, डाकघर मोहरी, तहसील ठियोग, जिला शिमला निवासी शिव लाल पुत्र मानी राम ने एसीजेएम अदालत ठियोग के आदेशों के आधार पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने एक सेकंड हैंड कार खरीदने के लिए ऑनलाइन माध्यम से कुल 5,90,609 रुपए की राशि ट्रांसफर की थी।

शिव लाल ने यह रकम तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा निवासी प्रवीण कुमार के एसबीआई बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की थी। लेकिन प्रवीण कुमार ने कार न भेजकर उक्त राशि हड़प ली। शिकायत के अनुसार यह पूरा लेनदेन इंटरनेट के माध्यम से हुआ था। कोर्ट के आदेश पर ठियोग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रवीण कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार यह धोखाधड़ी का मामला है जिसमें बड़ी धनराशि ऐंठी गई है। आरोपी की लोकेशन व बैंक लेनदेन का विवरण खंगाला जा रहा है और शीघ्र ही उसे गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ऑनलाइन खरीदारी करते समय पूर्ण सतर्कता बरतें

**पुलिस** ने आम जनता से अपील की है कि ऑनलाइन खरीदारी करते समय पूर्ण सतर्कता बरतें और किसी भी अनजान व्यक्ति के बैंक खाते में रकम ट्रांसफर करने से पहले उसके दस्तावेजों और वाहन की वास्तविकता की पुष्टि करें।

# बीए फाइनल के परिणाम में प्रदेशभर में रामपुर की दीक्षा ने झटका तीसरा स्थान

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** प्रदेश विश्वविद्यालय ने बीए अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दिया है। जिसमे रामपुर कॉलेज की दीक्षा डोगरा ने 8.92 सीजीपीए प्राप्त कर हिमाचल प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। दीक्षा डोगरा विकास खंड निरमण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत डीम के डीम गांव के निवासी है। उनके पिता सीएल डोगरा अधिवक्ता है जो कि रामपुर और आनी में कार्य करते हैं। जबकि माता लता डोगरा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डीम में भाषा अध्यापक के पद पर कार्यरत है। बता दें कि दीक्षा डोगरा की प्रारम्भिक शिक्षा देव भूमि मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जगातखाना से तथा बाहरवीं की शिक्षा कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर से हुई है। हर कक्षा में प्रथम आने वाली दीक्षा डोगरा प्रशासनिक सेवाओं में जाना चाहती है।



- 8.92 सीजीपीए प्राप्त कर चमकाया कॉलेज का नाम

पूरे हिमाचल में इस सत्र में बीए अंतिम वर्ष की परीक्षाओं में 10869 विद्यार्थी बैठे थे और 9353 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। पास प्रतिशतता 96.05 प्रतिशत रही। बीए की मैरिट सूची में भी लड़कियों का दबदबा रहा। मैरिट सूची में टॉप 10 में 10 लड़कियां व 2 लड़के शामिल हैं। राजकीय डिग्री कॉलेज सोलन की रमनीक अटल ने 8.99 सीजीपीए प्राप्त कर बीए की मैरिट में पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा स्वामी विवेकानंद राजकीय डिग्री कॉलेज घुमारवीं के धीरज कुमार ने 8.94 सीजीपीए प्राप्त कर दूसरा और जीबी पंत राजकीय कॉलेज रामपुर की दीक्षा डोगरा ने 8.92 सीजीपीए प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

# 700 लोगों के नि :शुल्क जांचे नेत्र

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

**रोटरी** क्लब रामपुर की ओर से सत्यनारायण मंदिर परिसर में पहला निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दोपहर बाद तक करीब सात सौ लोगों के आंखों की जांच पड़ताल रोटरी आई हॉस्पिटल पालमपुर से पहुंची चिकित्सकों की टीम द्वारा की गई। शिविर का शुभारंभ सुबह नों बजे से किया गया। रोटरी क्लब रामपुर के सदस्यों द्वारा नगर परिषद रेन बसेरा में मरीजों का पंजीकरण सुबह सात बजे से शुरू किया गया। इस केम्प के लिए पालमपुर से डॉ रोहित, डॉ आशीष और उनके साथ ग्यारह अन्य लोग टीम में मौजूद रहे

इसके बाद नेत्र जांच के लिए पहुंचे लोगों की जांच चिकित्सकों द्वारा की गई। कुछ मरीजों को पालमपुर अस्पताल आने के लिए सलाह दी गई। इस कैंप का सारा इंतजाम रोटरी क्लब रामपुर के सौजन्य से किया गया है। कैंप में मरीजों के रहने व खाने पीने का सारा इंतजाम रोटरी क्लब रामपुर द्वारा किया जा रहा है। रविवार को ऑपरेशन के बाद सोमवार को मरीजों की दोबारा से जांच पड़ताल करने के बाद मरीजों को उनके घरों की ओर रवाना किया जाएगा। रोटरी क्लब रामपुर के अध्यक्ष दीपक सूद ने बताया कि क्लब द्वारा यह नेत्र जांच शिविर पहली बार आयोजित किया गया है। इससे पहले रोटरी क्लब अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता आ रहा है।



- रोटरी क्लब रामपुर ने लगाया फ्री शिविर
- 100 मरीजों का आज होगा मुफ्त ऑपरेशन

# एनएसयूआई ने अपने मार्गदर्शक कार्तिक जस्वाल को किया याद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भारतीय** राष्ट्रीय छात्र संगठन ने शिमला स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में अपने दिवंगत नेता कार्तिक सिंह जस्वाल को श्रद्धांजलि दी। एनएसयूआई के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर ने कार्तिक के आकस्मिक निधन को संगठन के लिए एक कर्मठ मार्गदर्शक व सच्चा सिपाही का नुकसान बताया। उन्होंने कहा कि 23 वर्ष की अल्पायु में कार्तिक के निधन से पूरी एनएसयूआई सदमे में है और संगठन उन्हें हमेशा याद रखेगा।

हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कार्तिक का निधन दुखद है। राजीव भवन में मौजूद पार्टी नेताओं और एनएसयूआई पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर कार्तिक के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान कार्तिक की बहन और जीजा भी शोक सभा में उपस्थित थे।


राजीव भवन में दिवंगत नेता की शोक सभा में मौजूद कांग्रेस के नेता।

### प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी जताया शोक

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी कार्तिक जस्वाल के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक शोक संदेश में उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# कंदरौर क्षेत्र के निजी स्कूल में स्कूल इंचार्ज ने स्टूडेंट्स को पीटा

## बिना सूचना लिविंग सर्टिफिकेट देकर स्कूल से निकाला

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

कंदरौर क्षेत्र के एक निजी स्कूल में शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जिसमें प्लस टू कक्षा के एक छात्र के साथ स्कूल इंचार्ज की ओर से कथित रूप से डंडे से मारपीट की गई और बिना किसी पूर्व सूचना के स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट देकर बाहर निकाल दिया गया। इस पूरी घटना से न केवल छात्र बल्कि उसके परिजन भी आहत हैं।

पीड़ित छात्र का कहना है कि दो छात्रों के बीच मामूली कहासुनी हो गई थी, लेकिन स्कूल इंचार्ज पवन कुमार ने पक्षपात करते हुए केवल उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की। छात्र ने बताया कि उसे डंडे से मारा गया, डराया-धमकाया गया और फिर स्कूल से निकाल दिया गया। इस घटना की जानकारी उसके माता-पिता को तक नहीं दी गई।

घटना की जानकारी जब छात्र के माता-पिता को मिली तो वे अपने बेटे को लेकर सीधे सदर थाना पहुंचे। थाने में काफी देर तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य और इंचार्ज पवन कुमार को थाने बुलाकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू करवाई। छात्र के पिता ने पुलिस के समक्ष स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के हमारे बेटे को पीटकर स्कूल से बाहर निकाल दिया गया। हम इस अन्याय के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं। डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों से पूछताछ जारी है। यदि जांच में छात्र के साथ मारपीट की पुष्टि होती है तो संबंधित स्कूल प्रशासन व इंचार्ज के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


दोनों पक्षों को सदर थाना बुलाकर करवाई बात, स्कूल प्रशासन पर लगे गंभीर आरोप।

# 533.6 ग्राम चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**नशा** तस्करों के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम के तहत बिलासपुर पुलिस की विशेष डिटेक्शन टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर थापना के पास टनल नंबर दो के समीप पुलिस ने दो युवकों से 533.6 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस टीम की ओर से थापना के समीप नाका लगाया था और आने-जाने वाले हर वाहन की जांच की जा रही थी।

इस दौरान मंडी-भराड़ी की ओर से आ रही एक कार को रोका गया। कार में सवार दो युवकों की तलाशी लेने पर सह यात्री सीट के नीचे छिपाकर रखी गई 533.6 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान 26 वर्षीय अतुल शर्मा निवासी धर्मपुर जिला मंडी तथा 35 वर्षीय प्रीति चंद निवासी भरमेड़ा डाकघर कुरटी तहसील जोगिंद्रनगर, जिला मंडी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी पहले से भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं। डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच की जा रही है।

# रासायनिक खादों और कीटनाशकों का प्रयोग हानिकारक : कटवाल


मानव विकास संस्थान कलोल में शनिवार को जल संरक्षण, जैव विविधता और प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला आयोजित की गई।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि प्राकृतिक खेती और गोवंश का आपस में गहरा नाता है। प्राकृतिक खेती इस समय एक बड़ी जरूरत बन चुकी है। इस रासायनमुक्त कृषि पद्धति से जहां मिट्टी की उर्वरकता शक्ति बरकरार रहती है। वहीं, पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहता है। इस खेती में गोबर और गोमूत्र की भूमिका बेहद अहम है। गाय का गोबर केवल एक खाद नहीं, बल्कि मिट्टी के लिए जीवनदायी तत्व भी है। इससे तैयार की जाने वाली जीवामृत, घनजीवामृत और पंचगव्य जैसी औषधियां फसल की पैदावार बढ़ाने के साथ ही मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को भी नया जीवन देती हैं। लिहाजा गोवंश के संरक्षण के बिना प्राकृतिक खेती की कल्पना नहीं की जा सकती।

मानव विकास संस्थान कलोल में शनिवार को जल संरक्षण, जैव विविधता और प्राकृतिक खेती पर आयोजित कार्यशाला में विशेष तौर पर पहुंचे जीतराम कटवाल ने कहा कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों का प्रयोग एक तरह से धीमे जहर की तरह है। इससे उगाई जानी फसलें कैंसर, किडनी, शुगर व हार्ट जैसी कई घातक बीमारियों का कारण बन रही हैं। इस गंभीर समस्या का समाधान केवल प्राकृतिक खेती से हो सकता है और इसके लिए गाय के महत्व को समझना भी जरूरी है। इसे खेतीबाड़ी का अभिन्न अंग बनाने में गोशालाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बल्हसीणा, बलघाड़ और झबोला आदि में गोशालाओं का संचालन हो रहा है। गौवंश के संरक्षण के लिए इन गोशालाओं के अनुभव की मदद भी ली जा सकती है।

### जैव विविधता बचाती है जलस्त्रोतों को प्रदूषण से

**जीतराम** कटवाल ने कहा कि पर्वतीय राज्य होने की वजह से हिमाचल जलस्त्रोतों के लिहाज से समृद्ध है। इसकी घनी वनस्पति और जैव विविधता इसे बेहद महत्वपूर्ण बनाती हैं। जल संवर्धन और जैव विविधता एक-दूसरे का पर्याय हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने के लिए इन दोनों का संरक्षण बेहद जरूरी है। जलवायु परिवर्तन और मानव हस्तक्षेप से जलस्त्रोतों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वनस्पति और पेड़ बारिश के पानी को जमीन में सोखकर भूजल को रिचार्ज करते हैं। जैव विविधता युक्त पारिस्थितिकी तंत्र ज्यादा सहनशील होते हैं। वे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में सक्षम होते हैं। जैव विविधता जलस्त्रोतों को प्रदूषण से भी बचाती है। इसका महत्व केवल वन्यजीवों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जल चक्र के संचालन में भी मदद करती है। हिमाचल की समृद्ध जैव विविधता और जलस्त्रोत पूरे उत्तर भारत के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बेहद जरूरी हैं। लिहाजा इस बात को गंभीरता से लेकर सभी को इस दिशा में कदम आगे बढ़ाने होंगे।

# विधायक रणधीर ने राजपुरा की बेटी मानसी को किया सम्मानित

## बीएससी परीक्षा में प्रदेशभर में हासिल किया पहला स्थान


मानसी को घर जाकर सम्मानित करते विधायक रणधीर शर्मा।

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

**प्रदेश** बीएससी परीक्षा में प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली राजपुरा पंचायत की बेटी मानसी पुत्री नरेश शर्मा को शानदार उपलब्धि पर नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने उसके घर जाकर उसे सम्मानित किया।

रणधीर ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में रहकर सरकारी स्कूल और कॉलेज में शिक्षा ग्रहण करते हुए मानसी ने जो मुकाम हासिल किया है, वह अत्यंत सराहनीय और प्रेरणास्पद है। मानसी की इस उपलब्धि पर उनके दादा-दादी, माता-पिता, परिजनों और गुरुजनों का भी विशेष योगदान है, जो इस सफलता के असली हकदार हैं।

विधायक ने मानसी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उसकी मेहनत, समर्पण और लगन से प्रदेश के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए।

यदि सभी विद्यार्थी इसी तरह परिश्रम करें, तो निश्चित रूप से प्रदेश की शिक्षा के स्तर में और अधिक निखार आएगा।

**खेलकूद** भगेड़ स्कूल में जिले के पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने ट्रायल में लिया भाग

# बिलासपुर में कबड्डी खिलाड़ियों का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** जिला की अंडर-18 वर्ग की लड़कों व लड़कियों की कबड्डी टीमों का चयन करने के लिए ट्रायल शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भगेड़ के खेल मैदान में हुआ। इसमें बिलासपुर जिले से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव विजय पाल चंदेल ने बताया कि ट्रायल में चयनित लड़कियों की टीम में स्वाति, नेहा कुमारी, कृतिका, पलक, अनमोल, खुशी, पूनम, शगुन, भारती, मन्नत कुमार नैन, नैना ठाकुर, स्वाति शर्मा व अंशिता शर्मा शामिल हैं। चांदनी किंजल शर्मा, अंकित को स्टैंडबाई खिलाड़ी के रूप में रखा गया है।


बिलासपुर जिले के भगेड़ स्कूल के खेल मैदान में चयन के लिए ट्रायल देते खिलाड़ी।

### लड़कों की टीम में इन्हें चुना

लड़कों की टीम में राहुल शर्मा, विकसित, राहुल ठाकुर ,लक्ष्य, परीक्षित कुमार, आयुष, अजय, मनीष राणा, मोहित, दुनीचंद, अखिलेश ठाकुर, मोहम्मद इमरान, दिव्यांश वर्मा व करण चंदेल को स्थान मिला है। हर्षित राणा, रिहान व शुभम को स्टैंडबाई खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। चंदेल ने बताया कि ट्रायल में चयनकर्ताओं के रूप पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त एनआईएस कोच ओमप्रकाश शर्मा व डीपीई जगदेव मैहता उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण लाल व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव सुनील शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनकी तरफ से ट्रायल में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए रिफ्रेशमैंट दी गई। इनके अलावा सेवानिवृत्त सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र, पंकज कुमार, जिला कबड्डी संघ के संयुक्त सचिव सुभाष ठाकुर, अजय शर्मा व मीडिया प्रभारी बीएल धर्माणी भी उपस्थित थे।

# कोसरिया में 35 लाभार्थियों को वितरित किए उपकरण


प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**जिला** प्रशासन, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी तथा एलिम्को के संयुक्त तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र झंडूता की कोसरिया पंचायत में वयोश्री योजना, एडीप योजना एवं स्पर्श कार्यक्रम के तहत सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। शिविर में आसपास की छह पंचायतों से आए 35 लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें 3 दिव्यांगजन तथा 33 वरिष्ठ नागरिक शामिल थे। वितरित किए गए उपकरणों में 3 कमोड चेयर, 13 व्हीलचेयर, 2 एल्बो क्रच, 29 स्टिक, 50 नी-ब्रैस, 27 लुम्बो सैक्रल बेल्ट, 22 हियरिंग एड तथा 2 वॉकर शामिल थे।

इस अवसर पर तहसील कल्याण अधिकारी झंडूता कमलकांत, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव अमित शर्मा, एलिम्को से शिवानी, योगेश, अमित, विकास, मिया, मनिंदर सिंह चंदेल एवं सुनील दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महिला आईटीआई चंबा में फिर शुरू हुए ट्रेड

## विधायक नीरज नैय्यर के एक फोन कॉल से लौट आई बेटियों की मुस्कान, छात्राओं में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान, चंबा

**महिला** आईटीआई चंबा की बंद पड़ी ट्रेड सीटों को लेकर उपजे असंतोष और छात्राओं की चिंता को दूर करने में विधायक नीरज नैय्यर की एक पहल निर्णायक साबित हुई। महज एक फोन कॉल और तत्परता से की गई कार्रवाई ने सैकड़ों छात्राओं के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटा दी है।



विधायक नीरज नैय्यर को टोपी और शॉल पहनाकर सम्मानित करते हुए

जिला अध्यक्ष न्यू पेंशन योजना कर्मचारी महासंघ सुनील जरियाल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि महिला आईटीआई चंबा के कर्मचारियों ने कुछ दिन पूर्व उन्हें सूचित किया था कि संस्थान को सरकार द्वारा मर्ज कर दिया गया है, लेकिन यह आश्वासन भी दिया गया था कि सभी ट्रेड पूर्ववत जारी रहेंगे। इसके बावजूद जैसे ही एडमिशन प्रक्रिया शुरू हुई, कटिंग टेलरिंग (20 सीट), ड्रेस मेकिंग (40 सीट) और एंब्रॉयडरी (20 सीट) ट्रेड बंद कर दिए गए कुल 80 सीटें समाप्त कर दी गईं। बच्चों द्वारा यह मामला लगातार प्रिंट मीडिया में उठाया जा रहा था, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। तब महिला आईटीआई चंबा के स्टाफ ने इस विषय को लेकर सुनील जरियाल से विधायक नीरज नैय्यर से संपर्क करने का अनुरोध किया। सुनील जरियाल ने तत्परता दिखाते हुए व्हाट्सएप के माध्यम से पूरी जानकारी विधायक को भेजी।

विधायक ने फोन पर ही इस विषय को गंभीरता से लिया और अगले दिन प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए आमंत्रित किया। अगले ही दिन लगभग 20-25 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल विधायक से मिला, जिन्होंने प्रतिनिधियों के समक्ष ही तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी को फोन किया और बंद किए गए ट्रेड्स को पुनः शुरू करने का अनुरोध किया।

उन्होंने मंत्री को चंबा जिले की बेटियों के लिए इन ट्रेड्स की आवश्यकता और उनके रोजगारपरक महत्व को स्पष्ट रूप से बताया। मंत्री ने प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। सिर्फ एक दिन बाद ही संबंधित विभाग द्वारा सभी बंद किए गए ट्रेड्स को पुनः शुरू करने की अधिसूचना जारी कर दी गई। इस निर्णय से छात्राओं और कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी कर्मचारियों ने विधायक से पुनः भेंट कर उन्हें टोपी और शॉल पहनाकर सम्मानित किया और उनका धन्यवाद प्रकट किया। जिला अध्यक्ष सुनील जरियाल ने विधायक नीरज नैय्यर का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने अत्यंत व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद, वाहन में चढ़ते समय भी इस विषय को गंभीरता से लिया और समाधान हेतु तत्परता से कदम उठाया।

इस अवसर पर आईटीआई चंबा की ओर से प्रतिनिधिमंडल में आईटीआई प्रिंसिपल विपिन शर्मा, न्यू पेंशन योजना कर्मचारी महासंघ राज्य प्रचार सचिव अमित जरियाल, इंस्ट्रक्टर दिनेश कुमार, वेद प्रकाश, संतोष कुमारी, हितेंद्र जसरोटिया, रूपाली वेद, उष्मा देवी, एचसीएम बीना देवी, क्लर्क विजय कुमार और करण उपस्थित रहे।

# कुगति जोत बना भेड़पालकों की राह का रोड़ा

## जागरूकता शिविर में उमड़ी भीड़ ने मनोज ठाकुर को बताई समस्या

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** भरमौर और होली क्षेत्रों में आयोजित भेड़पालक जागरूकता शिविरों ने न सिर्फ सैकड़ों पशुपालकों को नई जानकारी दी, बल्कि उनकी वर्षों पुरानी मांगों को फिर से मंच पर लाकर शासन-प्रशासन का ध्यान खींचा। भरमौर में आयोजित मुख्य शिविर के दौरान भेड़पालकों ने प्रदेश वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर के समक्ष अपनी मुख्य समस्या कुगति जोत मार्ग की जर्जर स्थिति को बड़े जोर-शोर से उठाया।



वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर को सम्मानित करते हुए

पालकों ने बताया कि यह रास्ता अब अत्यधिक खराब हो चुका है, जिससे उन्हें लाहौल घाटी की ओर मौसमी पलायन में गंभीर समस्याएं आ रही हैं। उन्होंने इस विषय को प्राथमिकता पर लेकर सरकार से शीघ्र स्थायी समाधान की अपील की। इस दौरान मनोज ठाकुर ने सभी भेड़पालकों को दवाई की किट वितरित की और आश्वासन दिया कि सरकार भेड़पालन को व्यवसायिक और आधुनिक बनाने के लिए हरसंभव सहयोग दे रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस परंपरागत आजीविका को आगे बढ़ाएं और इसे तकनीक से जोड़कर नए अवसर पैदा करें।

कार्यक्रम में एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर का सबसे प्रेरक क्षण तब आया जब पशुपालन विभाग चंबा के उपनिदेशक डॉ. मुंशी कपूर ने मंच संभाला। अपने व्यावहारिक अनुभव और गहराई भरे ज्ञान से उन्होंने उपस्थित भेड़पालकों को जागरूक किया और कहा कि भेड़-बकरियों को रोगों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी है, और यह सेवा विभाग द्वारा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है।

इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार भंगालिया, सहायक निदेशक भेड़ विकास भरमौर ने भेड़ों के परजीवी नियंत्रण के लिए कीटनाशक स्नान प्रक्रिया पर भी विस्तृत जानकारी दी।

# चढ़ाई के दौरान पीछे लुढ़का वाहन सड़क के साथ लगे डंगे से अटका



चौरासी मंदिर से हेलिपैड को जोड़ने वाले सड़क मार्ग पर डंगे से अटका वाहन।

अनंत ज्ञान, भरमौर

**भरमौर** के चौरासी मंदिर से हेलिपैड को जोड़ने वाले सड़क मार्ग पर शनिवार दोपहर बाद एक वाहन हादसे का शिकार होते-होते बच गया। वन परिक्षेत्र कार्यालय के पास चढ़ाई वाली सड़क से एक वाहन लुढ़क कर सड़क के साथ लगे डंगे से अटक गया। गनीमत यह रही कि वन विभाग की यह दीवार न होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। गौरतलब है कि चौरासी मंदिर प्रवेश द्वार के सामने से हेलिपैड की ओर जाने वाली सड़क की तीखी चढ़ाई के कारण कई बार वाहन नीचे की ओर लुढ़क जाते हैं। ऐसे में अगर लोग सड़क से गुजर रहे हों तो बड़ा हादसा हो सकता है। बहरहाल इस घटना में किसी को कोई हानि नहीं पहुंची है।

# पलेई में ब्रेक फेल होने से एचआरटीसी बस पलटी, बाल-बाल बचे सभी यात्री

अनंत ज्ञान, चंबा

**चंबा** से चकलू-पलेई मार्ग पर शनिवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस संख्या एचपी 73-5065 शाम करीब 5:30 बजे पलेई के समीप अचानक ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।

हादसे के समय बस में दर्जनों यात्री सवार थे, लेकिन ईश्वर की कृपा और चालक की सतर्कता से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। सभी यात्री सुरक्षित हैं, केवल कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही स्थानीय प्रशासन व पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। दुर्घटना के कारणों की जांच प्रक्रिया जारी है। स्थानीय लोगों और प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया की सभी ओर से सराहना की जा रही है, जिसने समय रहते स्थिति को संभालकर एक बड़े हादसे को टाल दिया।



दुर्घटनाग्रस्त बस।

## राजपूत सभा ने अहमदाबाद हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजपूत सभा के अध्यक्ष कर्नल एमके मंडयाल, महासचिव डॉक्टर सीताराम वर्मा, कमल सिंह पठानियां, गंगाराम ठाकुर, कैप्टन भीम सिंह गुलेरिया, कर्नल प्रताप चौहान, कर्नल टीपीएस राणा, राम सिंह गुलेरिया, अमरा पालसरा व सुषमा ठाकुर ने अहमदाबाद गुजरात में हवाई जहाज दुर्घटना में यात्रियों की अकाल मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राजपूत सभा ने मृतकों की आत्मिक शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मैहला में रोजगार मेला 22 जून को

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनकराज ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इसी क्रम में 22 जून को भरमौर विधानसभा क्षेत्र के मैहला में भारत की प्रतिष्ठित संस्था रोजगार डॉट कॉम द्वारा एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य आईटीआई के विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित युवाओं और युवतियों को देश की नामी कंपनियों में रोजगार से जोड़ना है। जिलेभर से प्रशिक्षित अभ्यर्थी मशीनिस्ट, टर्नर, फिटर, डीजल मैकेनिक, सिविल सहित अन्य ट्रेड्स में भाग ले सकते हैं।

इस मेले में 10वीं, 12वीं पास, डिप्लोमा धारक, स्नातक व परास्नातक युवाओं के अलावा अनपढ़ उम्मीदवारों के लिए भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। विधायक डॉ. जनकराज ने अपील की है कि जिले के सभी योग्य युवा इस रोजगार मेले में बढ़-चढ़कर भाग लें।

# चौगान मैदान में विशाल दंगल 22 को विजेता पहलवान को मिलेंगे 71 हजार

तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान

**बनीखेत में जिला स्तरीय आषाढ़ भूरुनाग मेला की बैठक आयोजित**

**डलहौजी।** उपमंडल डलहौजी के बनीखेत में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय आषाण नाग देवता मेले के आयोजन को लेकर भुरूनाग मंदिर के प्रांगण में दंगल कमेटी की बैठक की गई, जिसमे दंगल सदस्यों द्वारा दंगल संबधित निर्णय लिए गए।

दंगल कमेटी के अध्यक्ष राज कुमार शर्मा ने कहा कि हर वर्ष दंगल आषाण की 10 तारीख को किया जाता था, लेकिन 9 ओर 10 आषाण को किया जाने लगा। जिससे बाहरी राज्यों से आए ज्यादातर पहलवान असमंजस में रहते थे इसलिए पहलवानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए दंगल कमेटी के सदस्यो ने निर्णय लिया गया कि इस वर्ष से आषाण नाग देवता मेले में होने वाले विशाल दंगल को 22 जून को चौगान मैदान में कराया जाएगा। वही अब हर वर्ष मेले में होने वाला लखदाता दंगल अब हर वर्ष 22 जून को कराया जाएगा। वही आषाण मेला 21 जून से 24 जून तक चलेगा। दंगल अध्यक्ष राज कुमार शर्मा ने कहा कि इस वर्ष दंगल में अंडर-19 वाले विजेता पहलवान को 7100 रुपए व उपविजेता को 5100 रुपए माली दी जाएगी। वहीं छोटी माली के विजेता को 51 हजार व उपविजेता को 31 हजार दिए जाएंगे।

वहीं बड़ी माली में विजेता पहलवान को 71 हजार व उपविजेता पहलवान को 51 हजार इनामी माली दी जाएगी। दंगल की बैठक के दौरान राजकुमार शर्मा, जगजीत सिंह ठाकुर, करतार शर्मा, संदीप अरोड़ा, कुलदीप ठाकुर, करण सिंह, मंजीत सिंह, नवीन शर्मा, योगेश शर्मा, त्रिभुशन महाजन, अभिनव ठाकुर, बिजेंदर शर्मा, दीपक बंसल मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार गाड़ी ने स्कूटी व कार को मारी टक्कर

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** शनिवार को जोगिंद्रनगर के मेन बाजार स्थित पुलिस चौक के सामने मंडी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सहित एक कार को टक्कर मार दी। इस दौरान एक बड़ा एक बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे के वक्त गनीमत यह रही कि सड़क किनारे कोई राहगीर मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार, मंडी की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने पहले स्कूटी सवार स्थानीय दुकानदार को टक्कर मारी, जो अपनी दुकान की ओर जा रहा था। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया और उसे हल्की चोटें आईं। इसके बाद अनियंत्रित कार ने दूसरी दिशा से आ रही एक अन्य कार को टक्कर मार दी।



जोगिंद्रनगर में तेज रफ्तार गाड़ी ने स्कूटी व कार को मारी टक्कर।

घटना के बाद कुछ समय के लिए बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया। दोनों वाहनों में सवार लोगों को कोई गंभीर चोट नहीं आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सूडोकु नवताल- 7461 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7460 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

रविवार, 15 जून 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** चतुर्थी (15:48) **: नक्षत्र** श्रावण (24:49), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** इंद्र (12:08), अभीजित (11:47-12:41)। **राहुकाल** (17:14-18:54)।

**विशेष दिन**

- 15 जून 2025: मिथुन संक्रांति आज।
- 15 जून 2025: राजस संक्रांति आज (ओडिशा में)।

**मेषः** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**वृषः** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मिथुनः** पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्कः** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**सिंहः** संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्याः** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**तुलाः** कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**वृश्चिकः** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं।

**धनुः** घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं।

**मकरः** भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुंभः** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी।

**मीनः** आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लंबे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं।

# पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ: मोहन लाल ब्राक्टा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**कल्याण समिति की बैठक में कल्याणकारी योजनाओं पर की चर्चा**

**मंडी** जिला के अध्ययन प्रवास पर पहुंची प्रदेश विधानसभा की कल्याण समिति की जिला स्तरीय बैठक आज यहां सभापति मोहन लाल ब्राक्टा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समिति के सदस्य एवं विधायक सर्वश्री विनोद कुमार, रणधीर शर्मा, श्रीमती रीना कश्यप, चंद्रशेखर, लोकेंदर कुमार, दीप राज व सुश्री अनुराधा राणा विशेष रूप से इसमें उपस्थित रहे।

समिति ने जिला मंडी के अपने प्रवास के दौरान समाज के कमजोर वर्गों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे विकासात्मक कार्यों का अध्ययन किया। साथ ही समिति ने इस संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श भी किया और उपयोगी सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी विभागों का दायित्व है। विशेष तौर पर कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का समयबद्ध व त्वरित लाभ सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने मंडी जिला में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर संतोष जताया और अधिकारियों से अपने कार्यों में और सुधार लाते हुए निरंतर बेहतर कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के माध्यम से विकास कार्यों के लिए निधि का आवंटन किया जाता है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए प्रदत्त निधि को अनावश्यक रूप से बैंक खातों में जमा रखने की प्रवृत्ति पर कड़ाई से रोक सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# भारतीय मनोविज्ञान से करें दुनिया का दर्शन: ज्ञान पाबुच

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**रोहडू।** विद्या भारती हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मन्दिर जिसमें रोहडू व नेरवा संकुल के सभी अध्यापकों के लिए तीन दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। यह आयोजन 12 से 14 जून तक सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोली में आयोजित किया गया। इस आचार्य विकास वर्ग में हिमाचल शिक्षा समिति के संगठन मंत्री ज्ञान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

उन्होंने रोहडू व नेरवा संकुल से इस वर्ग में आए 163 अध्यापकों से आह्वन किया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारतीय मनोविज्ञान व भारतीय जीवन दर्शन प्रत्येक विषय में हो। यह आज के समय की पुकार है अन्यथा हम पहले कि तरह विदेशी ताकतों के गुलाम हो जाएंगे।

ज्ञान पाबुच ने कहा कि विद्या भारती हिमाचल शिक्षा समिति के जिला शिमला में 52 विद्यालय चल रहे है जिसमें ब्लॉक अनुसार 5 सुकुंलों में विभाजित किया गया है। मई व जून माह में सभी 52 विद्यालयों में अलग-अलग पूर्व निर्धारित तिथियों को सभी ब्लाक में अध्यापकों को विद्या भारती की अभिनव पंचपद्दि शिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण इन आचार्य विकास वर्गों के माध्यम से दिया जा रहा है ।



सरस्वती विद्या मंदिर समोली में तीन दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ के दौरान शिक्षक।

विद्यालय के प्रधानाचार्य व रोहडू संकुल प्रमुख मुकेश शर्मा ने कहा है कि इस आचार्य विकास वर्ग में रोहडू व नेरवा संकुल के 163 आचार्य दीदियों ने भाग लिया। वहीं मुख्य अतिथि के अतिरिक्त इस वर्ग में जिलाध्यक्ष सैन राम चौहान, शिमला जिला महामंत्री ज्ञानी राम शर्मा, हिमाचल प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख सुनील व हिमाचल प्रांत शैक्षिक प्रमुख कुलदीप केस्टा सहित रोहडू व नेरवा संकुल के सभी प्रधानाचार्य, आचार्य दीदियां व समोली स्कूल की प्रबंधन समिति के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डोडरा में दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में यूको बैंक व अरावली एनजीओ के सहयोग से दूर दराज ग्राम पंचायत डोडरा में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। वितीय साक्षरता केंद्र रोहडू के फिल्ड ट्रेनर विक्रम दिमालू ने लोगों को बैंक में खाता खोलने और बैंको द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व अटल पेंशन योजना के साथ खाता खोलने के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को जानकारी दी गई की प्रधान मंत्री सुरक्षा योजना में 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम खर्च कर दो लाख रूपए तक का दुर्घटना बीमा कवर दिया जाता है। वहीं 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम खर्च कर दो लाख रुपए का जीवन बीमा किया जाता है जो आत्म हत्या को छोड़ कर किसी भी तरह की मृत्यु को कवर करता है। लोगों को अटल पेंशन योजना के तहत मिलने वाली गारंटी पेंशन योजना के बारे में भी बताया गया। साथ ही लोगों को जनधन योजना के तहत जीरो बैलेंस खाता खोलने के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर के दौरान लोगों को आय का बीस प्रतिशत बैंक खाते में नियमित सेविंग करने के लिए आग्रह किया। लोगों को बजट व वितीय प्लान के बारे में और बालिकाओं के लिए सुकन्या योजना में निवेश कर फायदे के बारे में जागरूक किया गया।

# तीन मामलों में 9 ग्राम हेरोइन और 3 किलो 556 ग्राम चरस बरामद

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** सुंदरनगर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 9 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इसके अलावा एक अन्य मामले में 3 किलो 556 ग्राम चरस बरामद की है। पहले मामले में कार चालक युवराज (23) गांव भौण काटली, कर्ण ( 25) गांव तलेरन डाकघर कपाही तहसील सुन्दरनगर व नितेश कुमार (30 ) गांव रडा डाकघर मैरामसीत तहसील सुन्दरनगर मंडी के कब्जा से 6 ग्राम हेरोइन बरामद की है। वहीं दूसरे मामले में एमएलएसएम कालेज की लाईब्रेरी के पास दिनेश कुमार उर्फ विक्की (33) निवासी गांव व डा. सलवाणा तह. सुंदरनगर व अभिमन्यु जम्बाल (23) निवासी मकान न.195/5ए डाकघर चतरोखड़ी तहसील सुन्दरनगर के कब्जा से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

वहीं एक अन्य मामले में औट पुलिस ने योगराज (31) निवासी गांव शिवाड़ी डाकघर धवेहड़ तहसील बालीचौकी जिला मंडी से नौणा धवेहड़ में 3 किलो 556 ग्राम चरस बरामद की है। बता दें कि पुलिस का आरोप है कि भागते हुए आरोपी को काबू करते समय उसके द्वारा बुलाये गये गांव के लोगों द्वारा पुलिस टीम व इनकी गाड़ी पर पथराव किया व आरोपी को रोकने के लिये सड़क पर पत्थर डाल दिये। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने तीनों मामलों की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने मामले दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## रामनगर में 3 ग्राम हेरोइन की बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर के रामनगर स्थित एक रिहायशी मकान में मंडी पुलिस की एसआईयू टीम ने छापामारी कर तीन आरोपियों के कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस थाना सदर मंडी ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी पुलिस की एसआईयू टीम मंडी बाइपास पर गश्त के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस के सूत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी शहर के रामनगर स्थित रिहायशी मकान के ग्राउंड फ्लोर में आरोपियों द्वारा हेरोइन का धंधा करने की सूचना प्राप्त हुई। इस पर पुलिस टीम ने छापामारी कर तीन आरोपियों के कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगामी जांच जारी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सदर मंडी ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत परलोग**
**विकास खंड करसोग, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना अवधि 2025-26**

पंचायत बैठक में सर्व सम्मति से पास किया गया कि वर्ष 2025-26 में होने वाले समस्त पंचायत के कार्य में प्रयोग होने वाली निर्माण सामग्री खरीद करने के लिए विभिन्न एजेंसियों/सप्लायरों एवं व्यक्तियों से ली जावें। अतः सक्षम आपूर्तिकर्ता से मोहर बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत परलोग द्वारा निविदाएं मांगी जाती है जो अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22-06-2025 तक पहुँच जानी चाहिए तथा 26-06-2025 को सांय 2:00 बजे निविदाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। या कोई भी उपस्थित नहीं होगा तो भी कमेटी द्वारा उनकी अनुपस्थिति में भी निविदाएं खोली जाएगी। सामान की आपूर्ति का विवरण निम्न प्रकार से है। (1) रेत क्रशर,खान व खड्ड का,रोडी व बजरी 20×40mm,गोला पत्थर,कटस्टोन,सोलिंग पत्थर etc.- प्रति फुट/cft/cum प्रति ट्राली/ प्रति टिप्पर (2) सरिया MIS Rod 8mm, 10mm, 12mm व 16mm, लोहे के एंगल,रेलिंगपाईप, ग्रिल,फेंसिंग लोहा वस्टील,GI शिट सभी साईज,सैनिटरी फिटिंग,रेलिंग Standard steel व लेबररेट etc. -प्रति कि.ग्रा./ प्रति Sq feet etc. (3) प्लेन चादर, GI व एंलार्म फेंसिंग जाली पेंट, प्राइमर, etc.-प्रति कि.ग्रा./ No. with Size (4) शटरिंग लोहा व लकड़ियों की,मिक्चर, मशीन किराये पर ect.-प्रति Sq Feet (5) GI पाईप व PVC पाईप 1/2" से 3" तक, पानी की टंकी अलग-अलग साईज-प्रति एक या अन्य (6) टाईले, मारबल,गरिया स्टोन,कोटा स्टोन,व शौचालय में प्रयोग होने वाली सामग्री-प्रति कि.ग्रा./ प्रति No. पैलिंग (7) पक्की ईंटे व मोक्षधाम में लगाने वाली ईंट-प्रति ईंट (8) JCB,LNT मशीन द्वारा नि. रोड, मिट्टी कटान व हटाने के लिए -प्रति घंटा (9) प्रिंटर,मॉनिटर,युपीएस, CPU, लैपटाप,LED, VC System,टोनर Cartezला, लैपटाप बैटरी, Android Phone व लाईट एंड साउंड etc-प्रति No. (10) सोलर स्ट्रीट लाईट with फिटिंग, फिल्टर, कूलर, सभी साईज,एक्वागार्ड, प्रेशरकुकर, व अन्य बर्तन क्रकरी-प्रति एक/प्रति कि0ग्रा0/ -प्रति No (11) कुर्सियां, टेबल, मैट, स्टोल अलमारी, पिलहीटर, बिजली पंखा बिजली तारें स्विच etc अलग-अलग साईज-प्रति No.या अन्य मापक (12) ठोस व तरल कचरा प्रबंधन हेतु कूड़ा दान लोहा एवं प्लास्टिक विभिन्न साईज, कूलर कैबिन etc-प्रति कि.ग्रा./ प्रति No. (13) लकड़ियों/एल्युमिनियम के दरवाजे व खिड़कियां व पल्ले व पंचायत बोर्ड बड़ा लिखाई सहित etc -प्रति Sq/Runing Feet/प्रति कि.ग्रा. (14) सामग्री ढुलाई खच्चर पर, ट्रैक्टर,जिप, टिप्पर, व अन्य वाहन etc-प्रति No./ फेरा (15) साईन बोर्ड, ओनर बोर्ड, wall writing Painting, वेल्डिंग वर्कस व Logo बोर्ड etc -प्रति No./ या अन्य (16) बिजली का सामान, Glass, रंग रोगन, बिजली वारिंग का कुल सामान, दीवार घडी etc-प्रति कि.ग्रा. व अन्य। **निविदाएं हेतु शर्तें निम्नलिखित हैः-** 1.निविदाएं 21-06-2025 को सांय 3:00 बजे तक कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए उसके बाद निविदाएं प्राप्त नहीं की जाएगी। 2.निविदाएं बंद लिफाफे में मान्य होगी। 3.निविदाएं 26-06-2025 को पंचायत कार्यालय में कमेटी के द्वारा खोली जाएगी। 4.दरें अंको व शब्दों में साफ साफ लिखी होनी चाहिए। 5.केवल SGST/CGST निविदाता की कोटेशनें ही मान्य होगी। 6.ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form देने होंगे। 7.पारित निविदा मालिक को 15000/- रूपये धरोहर राशि के रूप में पंचायत के रूप में पंचायत के पास जमा करवाने होंगे या तीन हस्ताक्षरित किए हुए खाली चैक पंचायत को देने होंगे। 8.निविदा मालिक यदि सामग्री आपूर्ति समय पर नहीं कर पाता है तो गत समय में दी गई सामग्री की राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा और अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 9. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की justification व निविदा मालिक के साथ तर्क संगतता Negotcation उपरान्त अनुसार किया जाएगा।10.सभी करो का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा।11.सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 12.ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा। 13.निर्माण सामग्री कार्यस्थल सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 14.सोलर स्ट्रीट लाईट हेतु टेंडर तभी मान्य होगा जब हिम उर्जा विभाग जसे NOC जरी होगा। 15.निविदा के साथ TIN व बैंक खाता साथ दे। 16.सामग्री ढुलान सड़क से गांव तक 1 से 1.5 कि.मी. व 1.5 से 3 कि. मी. के दायरे तक एक ही होगा। 17.निविदा निम्नलिखित पते पर भेज सकते है।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत परलोग**
**विकास खंड करसोग, जिला मंडी (हि.प्र.)**

'अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो। –महात्मा बुद्ध

## संपादकीय

# राहत या अधूरी उम्मीद?

हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है, जिसने राज्य में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे हजारों युवाओं को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने टीजीटी और जेबीटी पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा में दो साल की छूट देने का फैसला लिया है। इस फैसले के तहत अब वे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे, जिनकी आयु 45 की तय सीमा से बढ़कर 47 साल हो चुकी है। यह छूट विशेष रूप से उन युवाओं को ध्यान में रखते हुए दी गई है, जिनका समय सरकारी प्रक्रिया की ढिलाई और पेपर लीक जैसी घटनाओं में बर्बाद हुआ। सुक्खू सरकार के सत्ता में आने के बाद हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग में सामने आए पेपर लीक मामले ने राज्य की भर्ती प्रक्रिया को लगभग दो साल तक रोक दिया था। यह दो साल युवा अभ्यर्थियों के जीवन में निर्णायक थे, जहां वे नौकरी पाने की उम्मीद में समय बर्बाद करते रहे। सरकार का यह कदम सराहनीय है कि उसने उस नुकसान की भरपाई की कोशिश की है। अभ्यर्थियों की मांग थी कि जब आयोग के कारण भर्ती प्रक्रिया रुकी रही, तो उन्हें आयु सीमा में छूट मिलनी चाहिए और अब सरकार ने यह मांग मान ली है। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में टीजीटी के 937 पदों पर आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा जेबीटी के 1000 से अधिक पदों को लेकर जल्द ही भर्ती अधिसूचना जारी होने की संभावना है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह आयु सीमा में दी गई छूट केवल वर्ष 2025 की भर्तियों पर लागू होगी। हालांकि, यह छूट अस्थायी है, लेकिन इसने हजारों युवाओं को एक और मौका जरूर दिया है। भले ही यह फैसला युवाओं को सरकारी नौकरी में प्रवेश दिला सके, लेकिन लंबी अवधि में इसके कुछ गंभीर प्रभाव भी हो सकते हैं, खासकर पेंशन के संदर्भ में।

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार ने सत्ता में आने के बाद ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को फिर से लागू करने का निर्णय लिया था, जो कि कर्मचारियों के लिए एक राहतभरा कदम था। ओपीएस में कर्मचारी को सेवानिवृत्त होने के बाद जीवनभर पेंशन का प्रावधान होता है, जो उसकी सेवा अवधि और अंतिम वेतन के आधार पर तय होती है, लेकिन अब केंद्र की मोदी सरकार, हिमाचल सरकार पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू करने का दबाव बना रही है। यह स्कीम केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) से मिलती-जुलती है, जिसमें पेंशन के लिए न्यूनतम सेवा अवधि 25 वर्ष निर्धारित की गई है। यदि राज्य सरकार केंद्र की शर्तें मान लेती है और यूपीएस लागू करती है, तो नए नियुक्त शिक्षक, जिनका सेवाकाल 12-13 साल का ही रहेगा, पेंशन के लिए पात्र नहीं होंगे, भले ही उन्हें नौकरी मिल जाए। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, जबकि केंद्र में भाजपा की। यह राजनीतिक भिन्नता केंद्र और राज्य के संबंधों में अक्सर तनाव पैदा करती है। केंद्र सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि हिमाचल सरकार यूपीएस को लागू नहीं करती, तो उसे वित्तीय सहायता नहीं दी जाएगी। हिमाचल की वित्तीय हालत पहले से ही नाजुक है और केंद्र की सहायता के बिना सरकार के लिए आगामी अढ़ाई वर्ष निकालना बेहद कठिन हो सकता है। ऐसे में यह आशंका प्रबल है कि राज्य सरकार केंद्रीय सहायता पाने के लिए यूपीएस लागू करने को मजबूर हो जाएगी। इसका सीधा असर उन नए शिक्षकों पर पड़ेगा जो हालिया भर्ती में शामिल होंगे। वे नौकरी तो पा सकेंगे, लेकिन उन्हें भविष्य में पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा।

सरकार की ओर से दी गई यह दो साल की आयु छूट एक तात्कालिक राहत अवश्य है, लेकिन इसके पीछे जो दीर्घकालिक परिणाम छिपे हैं, वे युवाओं के लिए चिंता का विषय बन सकते हैं। एक युवा अभ्यर्थी अपने जीवन के दो-तीन साल तैयारी में लगाता है, फिर भर्ती प्रक्रिया और नियुक्ति की औपचारिकताएं मिलाकर उसका सरकारी सेवा में प्रवेश 33-35 वर्ष की आयु में होता है। यदि सेवा अवधि 25 साल की शर्त के साथ यूपीएस लागू होती है, तो 60 वर्ष की उम्र से पहले वे कर्मचारी पेंशन के लिए पात्र ही नहीं होंगे। यह स्थिति सरकारी नौकरी के आकर्षण को कम कर सकती है। एक ओर जहां युवाओं को नौकरी मिलने की खुशी है, वहीं दूसरी ओर भविष्य की अनिश्चितता उन्हें चिंतित करती है। पेंशन सिर्फ वित्तीय सुरक्षा नहीं, बल्कि कर्मचारी की वर्षों की सेवा का सम्मान भी मानी जाती है। यदि इस सम्मान से उन्हें वंचित कर दिया जाता है, तो यह उनके साथ एक प्रकार का अन्याय होगा। हिमाचल प्रदेश सरकार का दो साल की आयु सीमा में छूट देना एक स्वागत योग्य कदम है। इससे उन युवाओं को राहत मिली है, जिनका कीमती समय पेपर लीक और आयोग की निष्क्रियता के कारण बर्बाद हुआ, लेकिन यह राहत अधूरी है, क्योंकि यदि राज्य सरकार केंद्रीय दबाव में आकर यूपीएस लागू कर देती है, तो वे अभ्यर्थी पेंशन के हकदार नहीं बन पाएंगे। सरकार को चाहिए कि वह युवाओं को सिर्फ नौकरी ही नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा भी दे। नीति-निर्माण में दीर्घकालिक दृष्टिकोण आवश्यक है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध अभिनेत्री और गायिका

'वो पास रहें या दूर रहें', 'नुक्ताचीं है गमे दिल' और 'दिल ए नादां तुझे हुआ क्या है' जैसे गीत सुनकर आज भी जहन में सुरैया की तस्वीर उभर आती है। गुजरांवाला, पंजाब (वर्तमान पाकिस्तान) में जन्मी सुरैया ने हालांकि संगीत की शिक्षा नहीं ली थी, लेकिन आगे चलकर उनकी पहचान एक बेहतरीन अदाकारा के साथ-साथ एक अच्छी गायिका के रूप में भी बनी। 40वें और 50वें दशक में इन्होंने हिंदी सिनेमा में अपना योगदान दिया। अदाओं में नजाकत, गायकी में नफासत की मलिका सुरैया जमाल शेख ने अपने हुस्न और हुनर से हिंदी सिनेमा के इतिहास में एक नई इबारत लिखी। 1947 में भारत की आजादी के बाद नूरजहां और खुर्शीद बानो ने पाकिस्तान की नागरिकता ले ली, लेकिन सुरैया यहीं रहीं। देव आनंद के साथ उनकी 'जीत' (1949) और 'दो सितारे' (1951) फिल्में खास रहीं। ■



सुरैया
जन्म : 15 जून, 1929
मृत्यु : 31 जनवरी, 2004



कविता

### दो पल में उजड़ा खिलता चमन

रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हिप्र)

*किसको पता था नहीं पहुंचेंगे, चले थे घर से मंजिल की ओर,*
*उड़ने से पहले ही गिर गया, कट गई एकदम जीवन की डोर,*
*कोई बच्चों से मिलने था जा रहा, कोई अपने घर वापस था आ रहा,*
*एक-एक सांस पर है नाम उसी का,*
*कोई अत्यंत पीड़ा से था कराह रहा,*
*झलसे इतने कि पहचान में नहीं आएंगे,*
*दर्दनाक हादसा बड़ा भूल नहीं पाएंगे,*
*दो पल में ही उजड़ गया खिलता चमन,*
*खामोश हो गया बचपन अब नहीं खिलखिलाएंगे,*
*किसने सोचा था मौत ऐसे भी आएगी,*
*किसको छोड़ेगी किसको ले जाएगी,*
*पुकारा तो होगा मरते वक्त सबने प्रभू को,*
*किसे पता था कि उनकी आवाज शोर में दब जाएगी,*
*हादसे की जांच के लिए अब कमीशन बनाया जाएगा,*
*छानबीन होगी पर नतीजा कुछ नहीं आएगा,*
*बुझ गए जिनके घरों के चिराग इस हादसे में,*
*याद उन्हीं को आएगी हमेशा कोई कुछ नहीं कर पाएगा।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# तीव्रता से बढ़ता तापमान : भयंकर चुनौती का पैगाम



विज्ञान और तकनीक ने जहां मानव जीवन को आसान बनाया है, वहीं दूसरी ओर प्रकृति के संतुलन में हस्तक्षेप ने अनेक गंभीर समस्याओं को जन्म दिया है। इन्हीं में से एक है बढ़ता हुआ तापमान। यह केवल एक मौसमीय परिवर्तन नहीं, बल्कि मानव जाति के अस्तित्व को चुनौती देने वाला संकट बन चुका है। वर्तमान समय में मानव के लिए मूलभूत सुविधाओं में स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण सर्वप्रथम माना जा सकता है, अन्यथा शुद्ध वायु और स्वच्छ वातावरण के बिना मानव जीवन का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है।

बढ़ता तापमान केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन चुका है। यदि हमने समय रहते कदम नहीं उठाए, तो इसका प्रभाव जीवन के हर क्षेत्र पर पड़ेगा, चाहे वह स्वास्थ्य हो, भोजन, जल संसाधन या अर्थव्यवस्था। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर चलना सीखें और सामंजस्य स्थापित करें अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब धरा पर झुलसने जैसे हालात पैदा हो जाएंगे। प्रकृति ने धरा पर मानव सहित सभी जीवधारियों और वनस्पति के लिए उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित की हुई है, परंतु केवल मानव जाति ने ही आधुनिक सुख-सुविधाओं के नाम पर भयंकर तबाही मचाई हुई है, जो मनुष्य के साथ-साथ सभी जीव जंतुओं और वनस्पति जगत के लिए भयंकर चुनौती का पैगाम बन रही है।



लेखक : विक्रम वर्मा
गैहरा, जिला चंबा

वर्तमान समय में मात्र जानकारी प्राप्त करना और जागरूक होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि व्यवहारिक रूप से एक उतरदायित्व पूर्ण नागरिक की भूमिका निभाना आवश्यक है।

आज बच्चा-बच्चा जानता है कि तीव्रता से बढ़ रहे तापमान के क्या कारण हैं और इसके दूरगामी और भयंकर दुष्परिणाम क्या होंगे, परंतु हम लोग अभी भी समाधान के लिए सरकार और व्यवस्था तक ही सीमित रह चुके हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, भूमिगत जल, जीवाश्म ईंधन और खनिजों का अंधाधुंध उपयोग जलवायु संतुलन को प्रभावित कर रहा है। अत्यधिक मौसमीय घटनाएं, हीटवेव, सूखा, बेमौसम बारिश, तूफान और बाढ़ जैसी घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हो रही है। वर्तमान समय में परिस्थितियां इतनी भयावह हो रही हैं कि आने वाला कल कैसा होगा और हमारी भावी संतानें किस प्रकार के दुष्प्रभावों का सामना करेंगे, इसका अनुमान सहजता से ही लगाया जा सकता है। यदि आज हम पर्यावरण का उपयोग और उपभोग कर रहे हैं तो निश्चय ही हमारी ही जिम्मेदारी है कि इसका संरक्षण और संवर्धन भी हमें ही करना है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी को मिलकर अपने उत्तरदायित्वों को व्यवहारिक रूप से धरा पर परिलक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

यह माना जा सकता है कि वैज्ञानिक और भौतिक विकास उन्नति और प्रगति के लिए आवश्यक है, परंतु इस बात को भी गंभीरता से सुनिश्चित करना होगा कि इस विकास के साथ साथ प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण के ह्रास की भरपाई अवश्य ही सुनिश्चित की जानी चाहिए अर्थात सतत् विकास की अवधारणा को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। बड़े बड़े सड़क मार्गों के निर्माण, औद्योगिक इकाइयों के निर्माण के स्थलों के आसपास बड़े पैमाने पर वनीकरण को बढ़ावा देना चाहिए ताकि वाहनों और कारखानों के कारण तापमान की वृद्धि को नियंत्रित रखा जा सके। वर्तमान समय में जागरूकता अभियान के साथ-साथ एक चेतनशील प्राणी के रूप में अपने उतरदायित्वों को समझते हुए उसे धरातल पर परिलक्षित करना और परिणामोन्मुख बनना नितांत आवश्यक है। तापमान में वृद्धि केवल आज की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की भी सबसे बड़ी चुनौती है। यदि अभी भी हम सजग नहीं हुए और अपनी जीवनशैली में परिवर्तन नहीं लाए, तो यह संकट विनाशकारी रूप ले सकता है।

प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर चलना ही एकमात्र विकल्प है, जिससे हम एक संतुलित, सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। बढ़ते तापमान की समस्या से निपटने के लिए पौधरोपण एक अत्यंत प्रभावशाली और सुलभ उपाय है। पेड़-पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया में वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड (CO) अवशोषित कर उसे ऑक्सीजन में परिवर्तित करते हैं। चूंकि कार्बन डाइऑक्साइड एक प्रमुख ग्रीनहाउस गैस है, इसलिए इसका स्तर घटाने से ग्लोबल वॉर्मिंग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। परिपक्व पेड़ साल भर में लगभग 21 किलो कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करता है। पेड़ छाया प्रदान करते हैं और वाष्पीकरण के माध्यम से वातावरण को ठंडा करते हैं। शहरी क्षेत्रों में जहां तापमान सामान्य से अधिक होता है, वहां पेड़ तापमान को 2-4°C तक घटा सकते हैं।

पौधरोपण केवल एक वैज्ञानिक समाधान नहीं, बल्कि यह लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी पैदा करता है। स्कूल, कॉलेज तथा अन्य शिक्षण संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करना, वन विभाग, पर्यावरण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण विभागों का सबसे बड़ा दायित्व ही वन विस्तार सुनिश्चित किया जाना चाहिए. सभी सरकारी विभागों को और अधिकारियों को वातानूकुलित कमरों से बाहर निकलकर जमीनी स्तर पर प्रयास आवश्यक रूप से कर्तव्य का एक हिस्सा बना देना चाहिए, क्योंकि सभी प्रकार की सुख-सुविधाओं का अस्तित्व केवल प्रकृति के सामंजस्य पर ही निर्भर है। पौधरोपण बढ़ते तापमान के खिलाफ एक सरल, सस्ता और प्रभावी उपाय है। यह प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रतीक है।

वर्तमान समय में जागरूकता अभियान के साथ-साथ एक चेतनशील प्राणी के रूप में अपने उतरदायित्वों को समझते हुए उसे धरातल पर परिलक्षित करना और परिणामोन्मुख बनना नितांत आवश्यक है। तापमान केवल आज की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की भी सबसे बड़ी चुनौती है। यदि अभी भी हम सजग नहीं हुए और अपनी जीवनशैली में परिवर्तन नहीं लाए, तो यह संकट विनाशकारी रूप ले सकता है। प्रकृति के सामंजस्य रखकर चलना ही एकमात्र विकल्प है, जिससे हम एक संतुलित, सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। आओ अपने उतरदायित्व को समझे, निभाएं और उज्ज्वल भविष्य की कल्पना को साकार करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# चीन की नीतियों से तिब्बती संस्कृति संकट में


चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की तिब्बत में लागू की जा रही सांस्कृतिक और राजनीतिक नीतियों को लेकर एक नई अमेरिकी रिपोर्ट में गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शासनकाल में तिब्बती बच्चों को जबरन चीन की संस्कृति और भाषा में ढालने की कोशिश हो रही है, जिससे उनकी पारंपरिक पहचान और धार्मिक स्वतंत्रता को गहरा आघात पहुंच रहा है।

लेखक : ओम प्रकाश सिंह
स्वतंत्र टिप्पणीकार

रिपोर्ट के मुताबिक चीन सरकार ने तिब्बती बच्चों को कम उम्र में ही उनके परिवारों और समुदायों से अलग करके आवासीय बोर्डिंग स्कूलों में भेजना शुरू कर दिया है, जहां उन्हें सिर्फ मंदारिन भाषा सिखाई जा रही है और तिब्बती भाषा, संस्कृति और बौद्ध परंपराओं से दूर रखा जा रहा है। लगभग दस लाख तिब्बती बच्चे अब इन सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, जहां उनका संपर्क पारंपरिक तिब्बती शिक्षा और धार्मिक वातावरण से कट जाता है। रिपोर्ट कहती है कि 'यह सिर्फ भाषा की शिक्षा नहीं है, बल्कि यह तिब्बती पहचान को मिटाने की एक संगठित कोशिश है।' रिपोर्ट के अनुसार, धार्मिक मामलों पर निगरानी रखने वाले अधिकारियों द्वारा बौद्ध भिक्षुओं और ननों पर कड़ा नियंत्रण रखा जा रहा है। उन्हें सरकार की अनुमति के बिना धार्मिक शिक्षा देने की मनाही है।

यहां तक कि बच्चों को मठों में प्रवेश करने या धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से भी रोका जा रहा है। कई मठों पर निगरानी कैमरे लगाए गए हैं और भिक्षुओं को अपनी धार्मिक निष्ठा के बजाए चीन के प्रति 'देशभक्ति' दिखाने के लिए मजबूर किया जाता है। शी जिनपिंग द्वारा बार-बार 'राष्ट्रीय एकता' और 'चीनी राष्ट्र की एकता' की बात की जाती है, लेकिन आलोचकों का कहना है कि इसके नाम पर सांस्कृतिक विविधता को खत्म किया जा रहा है।

तिब्बत, शिनजियांग और इनर मंगोलिया जैसे क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं और परंपराओं को दबाकर चीनी पहचान को थोपने का प्रयास किया जा रहा है। तिब्बती के साथ-साथ उइगर मुसलमानों और मंगोलियन सभ्यता और संस्कृति के लोगों को भी इसी तरह से थोपी गई नीतियों से दबाया जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि 2014 से अब तक शी जिनपिंग ने बार-बार यह दोहराया है कि 'सभी जातीय समूहों को एक साझा राष्ट्रीय पहचान के तहत आना चाहिए।' इस विचारधारा के तहत स्थानीय पहचान और विविधता को कम किया जा रहा है।



भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती सरकार (सेंट्रल तिब्बती एडमिनिस्ट्रेशन) ने इस अमेरिकी रिपोर्ट का समर्थन करते हुए कहा है कि तिब्बती बच्चों को जबरन मंदारिन सिखाकर और उनकी मातृभाषा को हटाकर चीन उनकी सांस्कृतिक जड़ों को नष्ट करना चाहता है। भारत के धर्मशाला स्थित प्रशासन ने यह भी कहा कि तिब्बती बच्चों को जो शिक्षा दी जा रही है, वह न केवल उनकी भाषाई पहचान मिटा रही है, बल्कि उनके धार्मिक और नैतिक मूल्यों को भी तोड़ रही है। यूएन ह्यूमन राइट्स कमीशन और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसे संगठनों ने चीन के इस रवैये की पहले भी आलोचना की है।

दरअसल राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'राष्ट्रीय एकता' की नीति ने तिब्बत की सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर गहरा असर डाला है। बच्चों को जबरन मंदारिन सिखाने से लेकर धार्मिक स्थलों पर निगरानी तक, हर कदम तिब्बती पहचान को कमजोर करने की दिशा में उठाया जा रहा है। यदि यह स्थिति यूं ही बनी रही, तो आने वाले वर्षों में तिब्बती भाषा, धर्म और संस्कृति को संरक्षित रखना बेहद कठिन हो जाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**पर्यावरण** के प्रति हर व्यक्ति संजीदा हो। हिमाचल प्रदेश में हर साल लाखों पर्यटक आते हैं, परंतु ये पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार नहीं करते। ट्रैकिंग रूट्स, मंदिर परिसर, झीलें, जंगल और पहाड़ प्लास्टिक की बोतलों, रैपर, थैलियों और अन्य कचरे से पटे होते हैं। इससे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि जैव विविधता, वन्यजीव और जल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए क्लीन टूरिज्म को बढ़ावा देना जरूरी है, जहां पर्यटक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना पर्यटन का आनंद लें। इसके लिए होटलों और गाइड्स को पर्यावरणीय प्रशिक्षण दिया जा सकता है तथा लोगों की मानसिकता में बदलाव लाना होगा। इसके लिए स्कूल स्तर से ही पर्यावरण शिक्षा को व्यवहारिक तरीके से सिखाया जाना चाहिए।

**-मनीष भारद्वाज, दरंग (कांगड़ा)**

# अहमदाबाद विमान हादसे की खौफनाक त्रासदी का जिम्मेदार कौन?

अभागे यात्रियों को चंद सेकंडों में मौत ने लील लिया। खुशी खुशी जा रहे यात्री गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही बेमौत मारे गए। एक बार फिर लाशों का अंबार लग गया। लाशों को ढकने के लिए कफन कम पड़ गए। पलभर में जीते जागते इंसान आग में जलकर राख हो गए। यह बहुत ही भीषण त्रासदी है। यात्रियों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि यह यात्रा उनकी अंतिम यात्रा बन जाएगी। दर्दनाक हादसा गुजरात में हुआ, जहां अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन उड़ान भरते ही हादसे का शिकार हो गया। पलभर में ही यह विमान क्रैश हो गया।



लेखक : नरेंद्र भारती
स्वतंत्र टिप्पणीकार

विमान हादसे में कुल 270 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। केवल मात्र एक यात्री ही जिंदा बचा है। डॉक्टरों के हॉस्टल में भी काफी डॉक्टर मौत का ग्रास बन गए हैं, जिनके ऊपर यह विमान गिरा था। मरने वालों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री भी काल के गाल में समा गए। विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश और सात पुर्तगाली तथा एक कनाडाई और 12 क्रू मेंबर्स थे। सभी लोग बेमौत मारे गए। एकदम जमीन पर गिरते ही विमान आग का गोला बन गया और यात्री पलभर में स्वाह हो गए। विमान हादसे से हर भारतीय सदमे में हैं और गमगीन है। यह हादसा बहुत गहरे जख्म दे गया। जख्म तो भर जाएंगे, पर निशान अमिट रहेंगे। लाशें क्षत विक्षत हो चुकी हैं, जल चुकी हैं और पहचान मुश्किल हो गई है। हादसे में असमय मारे गए यात्रियों के परिजन बदहवास होकर अपनों को ढूंढ रहे हैं।

चारों तरफ लाशों के चीथड़े बिखरे हुए हैं, आत्मा सिहर उठी है। विमान हादसे में सैकड़ों परिवार खत्म हो गए। अग्नि देने वाला भी नहीं बचा है। 15 साल में पहली बार बोइंग 787 विमान क्रैश हुआ है। यह हादसा ताउम्र नहीं भूल पाएगा। हादसे में बच्चे अनाथ हो गए। कई माता-बहनों का सिंदूर मिट गया और मांग सूनी हो गई। यह कोई पहला विमान हादसा नहीं है, इससे पहले भी काफी हादसे हो चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार जनवरी 1978 को मुंबई से उड़ान भरते समय एक विमान अरब सागर में गिर गया था। इस विमान हादसे में 213 यात्रियों की मौत हो गई थी। 21 जून, 1982 को एयर इंडिया का विमान 403 बॉम्बे हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 17 यात्रियों की मौत हो गई थी। 19 अक्तूबर 1988 को इंडियन एयर लाइंस का विमान 113 अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 133 लोग मारे गए थे। 26 अप्रैल, 1993 को ओरंगाबाद में विमान क्रैश होने से 55 यात्रियों की दर्दनाक मौत हुई थी। 14 फरवरी, 1990 को बेंगलुरु में एक एयर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस दुर्घटना में 92 यात्रियों की असमय मौत हुई थी। 16 अगस्त, 1991 को इंफाल में विमान दुर्घटना में 69 लोग मारे गए थे।



12 नवंबर, 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान टकरा गए थे, जिसमें 349 यात्रियों की दर्दनाक मौत हुई थी। यह हादसा कजाकिस्तान के विमान पायलट की गलती से हुआ था। 17 जुलाई 2000 को पटना में उतरते समय विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 60 लोग मारे गए थे। 22 मई, 2010 को मंगलोर में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, इसमें 158 लोगों की मृत्यु हुई थी। 7 अगस्त, 2020 को केरल के कालिकट कोझिकोड में एक विमान दुर्घटना में 21 लोगों की मौत हुई थी। बीते वर्षों में हुई दुर्घटनाओं से सबक सीखे होते तो यह हादसा नहीं होता। इतने भयावह हादसों के बाद भी मत्रालयों की निंद्रा क्यों नहीं टूट रही है, यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है। यदि उचित उचाए किए गए होते तो यह हादसे रुक सकते हैं, लेकिन जब बड़ा हादसा हो जाता है, तभी तंद्रा टूटती है। विमान हादसे में कई घरों में मातम छा गया और बच्चे अनाथ हो गए तथा कई माताओं व बहनों के सुहाग उजड़ गए। मुआवजा इसका हल नहीं है।

मुआवजे से मानव जीवन वापस नहीं लौट सकता। नेताओं को अपने मगरमच्छी आंसू बहाने के व्यवस्था में सुधार करना चाहिए ताकि देश के नागरिकों को सुविधा मिल सके और ऐसे हादसे रुक सकें। केंद्र सरकार व नागरिक उड्यन मंत्रालय को कारगर कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में अनहोनी को टाला जा सके। यह जनहित में बेहद जरूरी है। चंद मिनटों में लोग लाशों में तब्दील हो गए। घटनास्थल पर किसी का हाथ किसी का पैर और किसी का सिर गिरा था। शव क्षत-विक्षत हो चुके थे। विमान में सवार लोगों ने कभी सपने मे भी नहीं सोचा होगा कि लोगों को मौत नसीब होगी। हादसे में किसी ने अपना बच्चा खो दिया तो किसी के सिर से बाप का साया उठ गया।

मुआबजा का मरहम उनके परिजनों के जख्म नहीं भर सकता। मुआवजा इसका समाधान नहीं है। सरकारें जितना पैसा मुआवजे के रूप में देती हैं, अगर इससे व्यवस्था को सुधारा जाए तो अनमोल जिंदगियां बच सकती हैं। हर हादसे के बाद जांच करवाई जाती है जो कुछ समय बाद ठंडे बस्ते में चली जाती है। तब तक और हादसा हो जाता है। विमान हादसों का यह सिलसिला निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। बढ़ते विमान हादसों पर मंत्रालय को मंथन करना चाहिए ताकि विमान याात्रियों की जान जोखिम में न पड़े। मंत्रालय को इस दुर्घटना से सबक लेना चाहिए। विमान यात्री असमय काल के गाल में समाते रहेंगे, वक्त अभी संभलने का है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# रक्षा क्षेत्र में भी भारत की उपलब्धियां बन रहीं ऐतिहासिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान चला रही है। संपूर्ण देश में मोदी सरकार की सफलता पर प्रेस वार्ताएं, प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी, जनसभाएं एवं ग्राम स्तर पर चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सोशल मीडिया द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हो रहा है।



लेखक : शिवप्रकाश
भाजपा के सह संगठन महामंत्री

गरीब कल्याण, ढांचागत विकास, अन्तर्वाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह हैं। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं।

चाणक्य नीति में कहा गया है कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते। शास्त्रों की चर्चा भी तभी संभव है, जब राष्ट्र सभी प्रकार से सुरक्षित हो। सिद्धांत कितना भी श्रेष्ठ हो, उसकी सफलता उस सिद्धांत का अनुसरण करने वालों की शक्ति पर ही निर्भर करती है। इसी कारण विद्वानों ने शक्ति को ही शांति का आधार बताया है। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1999 में पोखरण परमाणु विस्फोट कर विश्व में भारत के सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया था। फिर 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने इस प्रकार की नीति पर चला। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति इसी का उदाहरण है। जहां कांग्रेस सरकार में आतंकियों के लिए जी जैसे सम्मानपूर्वक शब्दों का उपयोग एवं बिरयानी खिलाना जैसे उपक्रम चल रहे थे, वहीं मोदी सरकार में सेना और सुरक्षा बलों को आतंक से लड़ने के लिए छूट एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए गए।

रक्षा क्षेत्र का बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ था, अब 2025-26 के लिए वह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ अर्थात तीन गुना से अधिक हो गया है।



2015 कैग रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के पास केवल 20 दिन का गोला बारूद उपलब्ध था।

व्यक्तिगत सैनिक स्तर पर, सैनिकों को अब स्वदेशी रूप से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली बुलेटप्रूफ जैकेट, उन्नत हेलमेट, नई बैटल ड्रेस यूनिफॉर्म, नाइट विजन डिवाइस और थर्मल इमेजर उपलब्ध कराई गई। मोदी सरकार के आने के बाद सेना के समन्वय के लिए लंबित मांग सीडीएस की नियुक्ति का निर्णय हुआ। ऑपरेशन सिंदूर में तीनों सेनाओं के समन्वय में हमने इस निर्णय की भूमिका को अनुभव किया है। शस्त्रों की खरीद के लंबे समय से लंबित निर्णयों का भी शीघ्र निस्तारण होते हुए हम देख चुके हैं। फ्रांस से आने वाले राफेल की खरीद इसी प्रक्रिया का परिणाम है।

एस -400, सुखोई -30, इजराइल से ड्रोन, हैमर मिसाइल, चिनूक हेलिकॉप्टर, एलसीएच प्रचंड (लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर), तेजस फाइटर जेट (पूर्ण स्वदेशी विमान), पिनाका राकेट सिस्टम, वरुणास्त्र आदि की उपलब्धता के कारण भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठतम सेनाओं में गिनी जाती है। ऑपरेशन सिंदूर में निर्धारित लक्ष्य पर मार एवं शत्रु के ड्रोन एवं मिसाइल को मार गिराने में हम सक्षम हुए हैं। 11 वर्ष के सफलतम कालखंड में केवल विदेशों से शस्त्र खरीद ही नहीं, हमने स्वयं के आत्मनिर्भर होने के मंत्र को भी पहचाना है। अब हम भारत में उन्नत एवं आधुनिक स्वदेशी शस्त्रों का निर्माण भी कर रहे हैं। रक्षा उत्पादन में पिछले 10 वर्षों में 174 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नीति के कारण अब हम खरीदने अर्थात आयात करने वाले देश नहीं, हम बेचने वाले अर्थात निर्यात करने वाले देश बन गए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# हुक्कल स्कूल के लिए 8 माह से रास्ता नहीं

## एनएच निर्माण कंपनी ने तोड़ा है रास्ता; एसडीएम को दो बार दी शिकायत, फिर भी नहीं बना रास्ता

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत लौंगनी के गांव हुक्कल में एनएच निर्माण कार्य से हाई स्कूल का रास्ता पिछले आठ महीने से कंपनी ने तोड़ दिया है। जिससे स्थानीय पाठशाला में आने-जाने के लिए बच्चों को भारी दिक्कतें आ रहा है।

ग्रामीणों और स्कूल मुख्याध्यापक ने इसकी शिकायत एसडीएम धर्मपुर को दो बार की है, लेकिन रास्ता अभी तक नहीं बनाया गया है। हिमाचल किसान सभा हुक्कल कमेटी के प्रधान कमलेश कुमार, कुलदीप चौहान, बालम राम, राजकुमार, रत्नपापल, कृष्ण देव, प्रेम सिंह, धनदेव, केहर सिंह, प्रेम सिंह, अंकुश शर्मा, रोशन लाल, सुरेंद्र कौंडल, दूनी चन्द, पार्वती, शांता शर्मा, कल्पना, बबली, प्रमीला, चंपा, सलिता, अरुणा, रीता, डोलमा, रूमा, कल्पना व बोहरी देवी आदि ने कहा कि उन्होंने तीन दिन पहले दोबारा एसडीएम को मांगपत्र सौंपा था और उससे पहले स्कूल के मुख्याध्यापक ने भी शिकायत दर्ज करवाई थी।

इसका स्पॉट इंसपेक्शन करने एसडीएम पिछले कल आए, लेकिन बीआरएन कंपनी के परियोजना निदेशक जितेंद्र पांडे ने एसडीएम की मौजूदगी में ग्रामीणों और किसान सभा के पदाधिकारियों से दुर्व्यवहार किया और रास्ता बनाने के लिए इंकार किया जिसका वहां मौजूद लोगों ने कड़ा विरोध किया था। अब किसान सभा की मांग है कि प्रशासन उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करे और स्कूल का रास्ता जल्द बहाल करवाए।


हुक्कल स्कूल के रास्ते का आठ माह से नहीं किया निर्माण।

**किसान सभा की मांग, बीआरएन कंपनी के खिलाफ प्रशासन दर्ज करे एफआईआर**

### स्कूल के पीछे लगा दी घटिया किस्म की दीवार

**किसान** सभा ने कहा कि स्कूल के पीछे पहले आरसीसी तीन दीवारें लगाई गई हैं, लेकिन स्कूल के ठीक पीछे पत्थरों की दीवार लगा दी गई है और उसमें मिट्टी भर दी गई है और ये काम यहां के ही एक स्थानीय ठेकेदार ने लगाई है। इस दीवार की नींव भूतल से ऊपर ही रख दी गई है हालांकि इसकी शिकायत मुख्याध्यापक ने दस दिन पहले की थी, लेकिन उसके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई और ठेकेदार ने तीन दिन में ही आनन-फानन में उसमें मिट्टी भर दी है। यही नहीं उसने हुक्कल के कलवर्ट को भी अपने घर के पास डलवा दिया है और अब वही ठेकेदार कंपनी के पीडी को पक्ष की बातें कर रहा है।

# नवोदय पंडोह में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**जवाहर** नवोदय विद्यालय, पंडोह में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। यह प्रवेश जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के माध्यम से होगा, जो 11 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है।

जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र देव शर्मा ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा के लिए वही विद्यार्थी पात्र होंगे जो सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं में मंडी जिला के किसी मान्यता प्राप्त सरकारी या गैर-सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत हैं, मंडी जिले के स्थाई निवासी हैं और कक्षा 3, 4 एवं 5 की पढ़ाई मंडी जिले से की है। उम्मीदवार की जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होनी चाहिए। आवेदन ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है, जिसके लिए नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण किया जाना आवश्यक है।

प्राचार्य ने बताया कि नवोदय विद्यालय एक सह-शैक्षिक, पूर्णत: आवासीय विद्यालय है जहां विद्यार्थियों को नि:शुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवास, भोजन, पुस्तकें, स्वास्थ्य सेवाएं, खेलकूद, एनसीसी, स्काउट्स एंड गाइड्स, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित व्यक्तित्व विकास के सभी अवसर प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति द्वारा संचालित विद्यालयों में शिक्षा का स्तर राष्ट्रीय परीक्षाओं में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। वर्ष 2024-25 में जवाहर नवोदय विद्यालयो का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 99.49 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 99.29 प्रतिशत रहा। साथ ही नीट 2024 परीक्षा में देशभर के नवोदय विद्यालयों से कुल 24,529 छात्रों में से 81 प्रतिशत अर्थात 19,183 विद्यार्थी सफल घोषित हुए हैं।

### ग्रामीण छात्रों के लिए 75 प्रतिशत सीटें आरक्षित

**प्राचार्य** ने बताया कि विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए 75 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग विद्यार्थियों तथा बालिकाओं के लिए विशेष आरक्षण की व्यवस्था भी की गई है। बालिकाओं के लिए कम से कम एक तिहाई सीटें आरक्षित हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जोगिंद्रनगर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बिजली उपमंडल जोगिंद्रनगर-1 द्वारा जारी सूचना के अनुसार 15 जून को आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते जोगिंद्रनगर बाजार, आदर्श कॉलोनी, ढेलू, मकडेना, कुप्पड, काथला, आरठी, व गरोडू आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9:30 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद जताया है तथा मरम्मत कार्य को समय पर पूर्ण करने का भरोसा दिया है।

### रटोली में जीप चालक से 84 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की एसआईयू टीम में नेरचौक-ऊना सुपर हाईवे पर रटोली में नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप जीप चालक से 84 ग्राम चरस बरामद की है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को एसआईयू टीम ने भाम्बला में रटोली गांव के पास हाईवे से गुजरने बाले वाहनों की जांच कर रहे थे तो एक पिकअप जीप न.एचपी67-8187 को जांच के लिए रोका। पूछताछ के दौरान जीप चालक की संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर जीप की तलाशी ली तो 84 ग्राम चरस बरामद हुई।आरोपी व्यक्ति की पहचान पप्पू पुत्र कश्मीर सिंह वार्ड न.3 प्रताप नगर हमीरपुर के रूप में हुई है। पुलिस थाना हटली ने जीप को कब्जे में लेकर उपरोक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की छानबीन जारी है। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि की है ।

### शहीद जितेंद्र की मूर्ति का किया अनावरण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आईटीबीपी के शहीद हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार पुत्र सेवानिवृत्ति इंस्पेक्टर हेमराज कांगड़ा जिला के ताकीपुर में 22 सितंबर को तारा पोस्ट लद्दाख में शहीद हुए थे। शुक्रवार को उनके गांव में शहीद स्मारक में उनकी मूर्ति का अनावरण कमांडेंट सेकेंड बटालियन कुल्लू आईटीबीपी डीएस परमार के द्वारा उनके स्कूल में किया। पूर्व अर्ध सैनिक बल कल्याण समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी विजय ठाकुर ने बताया कि कमांडेंट डीएस परमार अपनी पूरी टीम के साथ मूर्ति का अनावरण करने के लिए सरकारी स्कूल ताकीपुर पहुंचे व उन्होंने वहां की स्थानीय जनता व उनके परिजनों के साथ शहीद की प्रतिमा का अनावरण किया। इस समारोह में इंजीनियर मोहिंद्र चौधरी, विजय चौधरी और चंदू राम सेवानिवृत्ति उप सेनानी ने भी अपनी भूमिका अदा की।

### शिव दर्शन भवन में नि:शुल्क योग शिविर शुरू

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** त्रिवेणी संगम रिवालसर शिव दर्शन भवन, शिव मंदिर के पीछे 14 से 18 जून तक प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र में एक विशेष पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह शिविर राजयोगिनी बीके सुनीता दीदी जी के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य है समाज को तन, मन और आत्मा की संपूर्ण स्वस्थता की दिशा में प्रेरित करना। इस शिविर में योग प्रशिक्षिका मीना कुमारी (आयुष हेल्थ एंड वेलनेस) द्वारा दैनिक योगाभ्यास, प्राणायाम और व्यावहारिक स्वास्थ्य के उपाय सिखाए जाएंगे। साथ ही, राजयोग ध्यान शिक्षिका सोमा कुमारी आत्मिक शांति, एकाग्रता और ईश्वर से संबंध की अनुभूति के लिए राजयोग ध्यान सिखाएंगी। यह शिविर सभी आयु वर्ग के लिए निःशुल्क एवं खुला है।

### प्रवक्ता ने किया डाईट मंडी का नाम रोशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय डाक विभाग द्वारा वर्ष 2024 में ढाई आखर लेटर राइटिंग कंटेस्ट के अंतर्गत 'लेखन का आनंद डिजिटल युग में पत्रों का महत्व' विषय पर लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें डाइट मंडी में हिंदी प्रवक्ता सविता कुमारी ने प्रदेश भर में तृतीय स्थान हासिल करके अपने संस्थान का नाम रोशन किया है। भारतीय डाक विभाग मंडी के अधीक्षक संजय कुमार ने 5000 रुपए का चेक तथा प्रमाण पत्र देकर उन्हें को सम्मानित किया। उपनिदेशक (गुणवत्ता नियंत्रक ) एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा मंडी ने भी उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी।



### कामेश्वर देव मेला आज से होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की देव बराडता पंचायत स्थित कामेश्वर देव मंदिर में आज रविवार से शुरू होने वाले कामेश्वर देव मेले का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राकेश पलसरा ने बताया कि पहले दिन भंडारे का आयोजन होगा, साथ ही शाम को विशाल जागरण का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे और मेले का शुभारंभ करेंगे। मंगलवार को विशाल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश के प्रसिद्ध समाजसेवी और थोना वार्ड के जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। मेले को लेकर स्थानीय निवासियों और पर्यटकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# खाई में गिरी बोलेरो; महिला की मौत, तीन युवतियां घायल

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत खुड्डी में शनिवार को एक बोलेरो गाड़ी के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा करलोन (खुड्डी) गांव में उस समय हुआ जब गांव की तनु (28) पत्नी विवेक बोलेरो गाड़ी चला रही थी। गाड़ी में मुस्कान (18) पुत्री सरवन, काजल (19) कोलंग और मीना देवी (36) पत्नी सरवन भी सवार थीं। जैसे ही तनु ने गाड़ी मोड़ने की कोशिश की, वाहन अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायलों को नागरिक अस्पताल लडभड़ोल पहुंचाया, जहां डॉ. निखिल शर्मा द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद तनु, मीना और मुस्कान को गंभीर हालत में बैजनाथ रेफर कर दिया। दुर्भाग्यवश, मीना देवी ने सिविल अस्पताल बैजनाथ में दम तोड़ दिया। उधर, लडभड़ोल पुलिस चौकी प्रभारी रमेश कुमार ने अस्पताल में घायल काजल के बयान कलमबंद किए हैं और जारी शुरू कर दी है।


दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी।

# सेवा संकल्प समिति 36 गंभीर रोगियों की करेगी मदद

## मासिक बैठक में 4 लाख 71 हजार रुपए किए स्वीकृत, अहमदाबाद हादसे पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सेवा** संकल्प समिति सरकाघाट की मासिक बैठक अध्यक्ष चंद्रमणी वर्मा की अध्यक्षता में सेवा संकल्प समिति कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में अहमदाबाद में विमान हादसे में दिवंगत आत्माओ को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात सेवा संकल्प समिति की बैठक में प्रदेशभर से आए प्राकृतिक आपदा आगजनी व किडनी कैंसर ब्रेन स्ट्रोक और हार्ट अटैक जैसे गंभीर रोगो से पीड़ित 39 रोगियों के आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 36 गंभीर रोगियों को पात्र देखते हुए उन्हें 4 लाख 71 हजार रुपये स्वीकृत किये गए।

काबिले गौर है कि सेवा स्कल्प समिति द्वारा नागरिक अस्पताल सरकाघाट में मरीजों के साथ आये उनके परिजनों को रात्रि ठहराव के लिए विस्तर किट सराये और नि:शुल्क दो समय का भोजन तथा मोक्षधाम चन्द्राकडी मे दाह संस्कार के लिए लकड़ी स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है साथ ही प्राकृतिक आपदा आगजनी तथा गंभीर रोगों से पीड़ित गरीब अस्थाई लोगों को हर महीने लाखों रुपए आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है। सेवा स्कल्प समिति के महासचिव राकेश पंकज ने कहा क़ि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है उसी के सिद्धांतों पर समिति का प्रत्येक सदस्य हमेशा समाज के असहाय गरीब लोगों की भलाई के लिए कार्य करता रहेगा। बैठक में ध्यान सिंह, टेक चन्द पटियाल, डॉ.विजय शर्मा, ललित जम्वाल, रामप्यारी, राधा लाल, ब्रिज लाल भारद्वाज, प्रोमिला बनयान, रघुवीर सिंह, देवराज शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, परवीन गुलेरिया, रमेश चंदेल, पीसी गुलेरिया, रूप लाल आदि भी शामिल हुए।


सेवा संकल्प समिति सरकाघाट की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष चंद्रमणी वर्मा।

# जंगल में भटके सकरालू के तीन बच्चों का रेस्क्यू कर वन विभाग की टीम को सौंपा

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** जिला के जंगलों में मां से बिछड़कर तीन दिनों से भटक रहे तीन नन्हे सकरालू (साही) के बच्चों को शनिवार को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर वन विभाग की मंडी टीम को सौंप दिया गया। इस मानवीय प्रयास में स्थानीय पशु प्रेमी दिनेश जम्वाल और समाजसेवी विप्लव सकलानी ने अहम भूमिका निभाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह नन्हे सकरालू लूणापानी क्षेत्र के गांव मैरा (मानपुरा) के समीप जंगल में एक जल स्रोत के पास देखे जा रहे थे। गांव के दिनेश जमवाल बीते तीन दिनों से इन बच्चों पर लगातार नजर रखे हुए थे। पहले उन्हें उम्मीद थी कि शायद इनकी मां आसपास ही होगी और लौट आएगी। लेकिन जब लगातार तीसरे दिन भी बच्चों की हालत नाजुक होती दिखी, तो उन्होंने तत्काल अपने मित्र विप्लव सकलानी से संपर्क किया।

एक घंटे के भीतर ही विप्लव सकलानी मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने वन रक्षक लेखराज शर्मा व दिनेश जमवाल के साथ मिलकर जंगल में सकरालू के बच्चों की खोज शुरू की। थोड़ी ही देर में झाड़ियों के पीछे तीनों बच्चे एक साथ बैठे मिले। सभी ने मिलकर उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू किया और वन विभाग के हवाले कर दिया। इस नेक कार्य से तीन मासूम वन्य प्राणियों की जान बचाई गई। यह घटना न सिर्फ मानवता और पशु प्रेम का उदाहरण है, बल्कि युवा पीढ़ी को वन्य जीवों के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा भी देती है।


सकरालू के बच्चों को वन विभाग को सौंपते हुए।

## सरानाहुली मेले को लेकर विधायक पूर्ण चंद ठाकुर का फूटा गुस्सा

# देव परंपराओं की अवहेलना व निमंत्रण न देने पर सरकार पर साधा निशाना

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने पराशर घाटी में आयोजित होने जा रहे सरानाहुली मेले को लेकर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से यह मेला हर वर्ष आषाढ़ साजे के दिन देव नियमों के तहत सम्पन्न होता है, लेकिन इस बार इसका समापन 16 जून को किया जा रहा है, जो देव परंपराओं की खुली अवहेलना है। विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि यह पहली बार हो रहा है जब आषाढ़ साजे की जगह अगले दिन समापन समारोह किया जा रहा है, जो सीधे-सीधे धार्मिक परंपराओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार के लिए अब प्रोटोकॉल और देव आस्थाएं कोई मायने नहीं रखतीं।

उन्होंने नाराजगी जताई कि वह द्रंग क्षेत्र के निर्वाचित विधायक हैं, फिर भी न तो लोक निर्माण मंत्री के कार्यालय से उन्हें मंत्री के पराशर दौरे की कोई सूचना दी गई और न ही जिला प्रशासन ने मेले के लिए कोई निमंत्रण भेजा। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों का निरादर और लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन बताया।

### लोक निर्माण मंत्री को नहीं मेले के महत्व की जानकारी

**विधायक** ने कहा कि समापन समारोह में लोक निर्माण मंत्री आ रहे हैं, जिन्हें न मेले के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी है और न ही देव संस्कृति की समझ। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री इस धार्मिक आयोजन की आड़ में विकास कार्यों के शिलान्यास और उद्घाटन कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। जिन विकास योजनाओं का शिलान्यास किया जाना है, उनमें पंडोह पुल के लिए 23 करोड़ की राशि केंद्र सरकार द्वारा पीएमजीएसवाई चरण-III के तहत और कमांद-कटौला-बजौरा सड़क के लिए 12 करोड़ की राशि सीआरएफ के तहत मंजूर हुई है व आधा कार्य भी हो चुका है।

## बरोट घाटी में आज भी गूंज रही पारंपरिक खेती की खड़खड़ाहट

# मक्की की बिजाई में जुटे किसान, बैलों व हल से कर रहे अपने खेतों की जुताई

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**प्रदेश** की सुरम्य बरोट घाटी इन दिनों पारंपरिक कृषि गतिविधियों से जीवंत हो उठी है। खेतों में बैलों की थाप और पारंपरिक लकड़ी-लोहे के हल की खड़खड़ाहट गूंज रही है। आधुनिक यंत्रों की उपलब्धता के बावजूद घाटी के किसान आज भी अपने पूर्वजों की परंपरा को निभाते हुए मक्की की बिजाई पारंपरिक तरीके से कर रहे हैं। यह दृश्य न केवल ग्रामीण संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि पर्वतीय क्षेत्रों में किस तरह प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर खेती की जाती है।

बुजुर्ग किसान आज भी बैलों की मदद से खेत जोतते हैं और परिवार के सभी सदस्य सामूहिक सहयोग से बीज बिखेरते हैं। यह केवल कृषि नहीं, बल्कि सामुदायिक सहयोग और जीवनशैली का प्रतीक है। बरोट घाटी में मक्की की खेती का विशेष स्थान है। मक्की की रोटी और सरसों का साग यहां के पारंपरिक भोजन में शामिल हैं। साथ ही यह पशु आहार और सीमित व्यापार का भी एक मजबूत स्तंभ है।

### इस तरह से उगाई मक्की समृद्ध व स्वास्थ्यवर्धक होती

**किसान** मानते हैं कि पारंपरिक खेती से उगाई गई मक्की स्वाद में अधिक समृद्ध और स्वास्थ्यवर्धक होती है। पारंपरिक हल से जुताई से मिट्टी की ऊपरी परत सुरक्षित रहती है, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहती है और जैव विविधता को नुकसान नहीं होता। बैलों का गोबर जैविक खाद के रूप में काम करता है, जिससे रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह पारंपरिक कृषि पद्धति अब पर्यटन आकर्षण का रूप भी ले रही है।

# विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी

## दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोले राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**हिम** साइंस कांग्रेस एशोसिएशन ने शिमला के हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने मुख्य अथिति के रूप में शिरकत की। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर आदर्श पाल बिग विशिष्ठ अतिथि, डॉ. संदीप शर्मा निदेशक हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान और डीआरडीओ से दिल्ली बाबू विजय कुमार विशेष अतिथि उपस्थित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा की विकास के लक्ष्यों को तभी हासिल किया जा सकता है जब पर्यावरण की रक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि हमें विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देनी होगी। मुख्यातिथि ने हमारी पारंपरिक प्रणाली को शोध से जोड़ने के लिए आह्वान किया और नशे से दूर रहने की लिए युवाओं से अपील की। उद्घाटन सत्र में प्रोफ. बिग ने कहा कि आज का यह सम्मेलन हमारे पर्यावरणीय भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। जैव विविधता की रक्षा और प्लास्टिक प्रदूषण को रोकना आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। हमें टिकाऊ विकास की दिशा में एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। डॉ. प्रकाश सिंह भारतीय प्राणी सर्वेक्षण ने पर्यावरण को भूकंप से होने वाले क्षति के बारे में जागरूक किया। सम्मेलन में 150 से अधिक शोधार्थी और विद्यार्थियों ने अलग अलग संस्थानों (सरदार पटेल विवि, हिमाचल प्रदेश विवि, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,केंद्रीय विश्वविद्यालय जम्मू, कृषि विश्वविद्यालय जम्मू , राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान दिल्ली, शूलिनी विश्वविद्यालय, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय, बद्दी विश्वविद्यालय) से हिस्सा लिया।



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को सम्मानित करते हुए।

# आधुनिक कृषि तकनीकों पर किया जागरूक

## बग्गी और थुनाग पंचायत में किसानों के लिए आयोजित किए प्रशिक्षण शिविर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, थुनाग द्वारा 'विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025' के अंतर्गत एक-एक दिवसीय दो प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण शिविर ग्राम पंचायत बग्गी विकास खंड बल्ह और ग्राम पंचायत थुनाग विकास खंड जंजैहली में आयोजित किए गए, जिनमें किसान, महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, युवा एवं पंचायत प्रतिनिधि उत्साहपूर्वक शामिल हुए। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक खेती, मूल्य संवर्धन, फसल विविधीकरण, रोग एवं मृदा प्रबंधन, पशुपालन, औषधीय पौधों की खेती, फल-सब्जी प्रसंस्करण, जलवायु अनुकूल कृषि और कृषि वानिकी जैसी महत्वपूर्ण विषय वस्तु से अवगत कराना था, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आय व रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के वैज्ञानिकोंविजय राणा, डॉ. किशोर शर्मा, डॉ. किशोर कुमार ठाकुर, डॉ. सरिता देवी, डॉ. अरुणा मेहता, डॉ. सुनील मारपा, डॉ. शिवानी, डॉ. युर्मिला, डॉ. गरिमा, डॉ. हिमानी और डॉ. रजत, ने विभिन्न तकनीकी विषयों पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल उद्देश्य किसानों को स्थानीय संसाधनों के वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक उपयोग के प्रति जागरूक करना, उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना तथा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना था।

### कैंथ के औषधीय गुणों पर भी चर्चा की

**शिविर** में खरीफ फसलों की उन्नत खेती के साथ-साथ कम उपयोग में लाए जाने वाले फलों जैसे कैंथ के औषधीय गुणों, उनके स्वास्थ्य लाभ और उनसे बने जैम, जूस, कैंडी जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों की संभावनाओं पर चर्चा की गई। किसानों को टौर की पत्तियों से पारंपरिक पत्तल बनाकर आजीविका के अवसर बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त, उपोष्ण कटिबंधीय फलों में रोग प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों, शीतोष्ण फलों के कटाई उपरान्त रखरखाव, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, रेबीज व टीबी के नियंत्रण की विधियों की जानकारी दी गई।

**अनदेखी** खड़ी की गाड़ियों के चलते लगा रहता हादसे का डर, सरकाघाट विकास समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# फतेहपुर में सड़क किनारे रखा कबाड़ बना जानलेवा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** घुमारवीं स्टेट हाईवे पर फतेहपुर के पास सड़क और नाली के किनारे लगे कबाड़ के ढेर और कबाड़ की खड़ी की गई गाड़ियां रोजाना हादसों का सबब बने हुए हैं। सड़क पर लगे कबाड़ के ढेर के साथ-साथ उसे लोड और अनलोड करने के लिए बेहतरतीब खड़ी गाड़ियों के चलते न सिर्फ लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। बल्कि सड़क पर तंग मोड़ों पर विजिबिलिटी भी नहीं रहती है। इसके चलते रोजाना कभी जाम लग जाता है तो कभी गाड़ियों के अचानक रुकने से हादसों का खतरा बना रहता है। इस समस्या को लेकर सरकाघाट की विकास समिति की कार्यकारिणी की बैठक में प्रमुखता से उठाया गया और सड़क किनारे रखे इस कबाड़ को तुरंत हटाने को लेकर एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपा। सरकाघाट विकास समिति के प्रधान सोहनलाल, महासचिव राम प्रकाश ने एसडीएम को बताया कि फतेहपुर में सड़क किनारों पिछले कई वर्षों से कबाड़ रखा जा रहा है एक तो यह सड़क घुमावदार है और दूसरा सड़के किनारे कबाड़ की ढेर और कबाड़ की गाड़ियों के कारण चालकों को बहुत अधिक असुविधा हो रही है और उसमें दुर्घटना का डर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि समिति ने इस मामले को एसडीएम, अधिशाषी अभियंता लोनिवि को भी अवगत करवाया था, लेकिन उसके बाद लोक निर्माण विभाग ने बाकायदा जेसीबी मशीन लगाकर कबाड़ हटा लिया था।

भाजपा प्रवक्ता मनीष कंवर, सोशल मीडिया प्रभारी विनय राणा, ग्राम पंचायत फतेहपुर के प्रधान नरेंद्र ,नरेश गोगी, राकेश वर्मा, मनोहर शर्मा, राम प्रकाश, विजय गुलरिया व शिव सकलानी आदि ने बताया कि इस कारोबारी का सत्ता पर तगड़ा प्रभाव होने के बाद प्रशासन और पुलिस मुक दर्शक बनी रहती है और कोई भी कार्रवाई न किए जाने से बुलंद हौसलों के बाद दोबारा सैकड़ों मीटर तक यहां सड़क किनारे जगह-जगह कबाड़ के ढेर लगा दिए जाते हैं। इस कबाड़ में लोहे के नुकीले टुकड़ों स्कू पेच और किले पड़ी होने के कारण आए दिन वाहनों के टायर भी पंचर हो रहे हैं बल्कि आए दिन कई लोग भी चोटिल हो चुके हैं। सरकाघाट विकास समिति और सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों ने प्रशासन से इस समस्या से तुरन्त निजात दिलाने की मांग की है


फतेहपुर में स्टेट हाईवे की सड़क के किनारे लगे कबाड़ के ढेर।

### पुलिस को दिया कार्रवाई का आदेश: एसडीएम

**एसडीएम** सरकाघाट स्वाति डोगरा ने कहा कबाड़ को लेकर उन्हें पहले भी कई शिकायत मिली हैं और समिति ने भी ज्ञापन सौंपा है। पुलिस को तुरंत जेसीबी मशीन लगाकर सारा कबाड़ हटाने के आदेश दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### परिसीमन से संबंधित आपत्तियों की सुनवाई कल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना के वार्ड परिसीमन से संबंधित दावों एवं आपत्तियों की सुनवाई सोमवार, 16 जून को पूर्वाह्न 11:30 बजे उपायुक्त जतिन लाल के कोर्ट में की जाएगी। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने दी। उन्होंने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के उपरांत निर्धारित अवधि के भीतर कुल 11 दावे एवं आपत्तियां उपायुक्त कार्यालय में प्राप्त हुई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुनवाई केवल उन्हीं दावों और आपत्तियों की, की जाएगी, जो पहले से ही प्राप्त हो चुकी हैं। नई आपत्तियों या दावों को नहीं सुना जाएगा। उन्होंने अनुरोध किया कि जिन व्यक्तियों या संगठनों ने दावे या आपत्तियां प्रस्तुत की हैं, वे नियत तिथि व समय पर न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। प्राप्त आपत्तियों के निपटारे के पश्चात परिसीमन का अंतिम प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों का चेकअप

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र के तहत क्रिमिका उद्योग के जीएम राजवीर सिंह के सहयोग से कंपनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी सहयोग संस्था ऊना एवं वन स्टॉप सेंटर टाहलीवाल के प्रयास से यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिवर में पीएचसी बीटन डॉ. जतिन शर्मा के द्वारा शिविर में लोगों की जांच की गई। सीएचसी दुलेहड़ से मुनीष जोशी, मुनीष शर्मा नंगल कलां, फार्मासिस्ट सोहनलाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### सिंघा में युवाओं ने लगाई ठंडे पानी की छबील

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के अंतर्गत पड़ती पंचायत सिंघा में शनिवार को काजू बदाम पिछता मिक्स कर ठंडे मीठे पानी की छबील का आयोजन किया। इस दौरान राहगीरों ने छबील को ग्रहण कर सूखे गले को तर किया। पंचायत प्रधान सिंघा गुरदेव सिंह ज्ञानी बाबा ने बताया कि प्रति वर्ष बढ़ती गर्मी को देखते हुए छबील लगाई गई जाती है, जिसमें राहगीरों ने ठंडे मीठे जल को ग्रहण किया है। इस अवसर पर पूर्व सूबेदार जगजीत सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य कुलबीर सिंह, भारत भूषण, वार्ड पंच रकेश कुमार, बाबा जनक, जीवन कुमार, नूतन हंस, संजू बीटन, इंदरजीत, दिलावर सिंह, ईशु हंस, दीपक, शालू, योगेश बंगड़, कार्तिक, जशन, रोहित, बाली, वंश, राजन, बलवंत, कमल, कारन सहित अन्य मौजूद रहे।

### बढ़ती गर्मी से राहत दिलाने को लगाई छबील

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल सुधार सभा अमृतसर की ओर से अमृतसर में राहगीरों के लिए छबील और भंडारे का आयोजन किया। संस्था के प्रधान रणवीर सिंह राणा ने बताया कि बढ़ती गर्मी में राहगीरों को राहत दिलाने के लिए यह कार्य किया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम में सहयोग, समर्थन और मार्गदर्शन देने वालों का आभार जताया। इस अवसर पर विपन शर्मा गौतम उपप्रधान, दुनी चंद ठाकुर जनरल सेक्रेटरी, कमलेश कुमार कोषाध्यक्ष और सनी शर्मा प्रवक्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

### मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर आज होंगे कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष (अमृत काल) पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में विभिन्न जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा जिला ऊना द्वारा 15 जून को पार्टी कार्यालय ऊना में प्रोफेशनल मीट, कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों–विशेष रूप से प्रोफेशनल्स, उद्यमियों, डॉक्टरों, इंजीनियरों, वकीलों और शिक्षाविदों–को मोदी सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और विकास कार्यों से अवगत कराना है। इसके साथ-साथ इन वर्गों से फीडबैक प्राप्त कर भाजपा की जनसंपर्क नीति को और अधिक प्रभावशाली बनाना भी इसका मुख्य उद्देश्य रहेगा। शाम मिन्हास ने कहा कि बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने देश को नई दिशा देने वाले अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। इनमें डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, जीएसटी और स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में सुधार जैसी कई महत्वपूर्ण पहलें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला जनजागरूकता और सकारात्मक संवाद का सशक्त माध्यम बनेगी। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ-साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता भी भाग लेंगे। जिला अध्यक्ष ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### गाड़ी में संदिग्ध वस्तु मिलने से मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा से दो किलोमीटर की दूरी पर हटली चौक के साथ उस समय सनसनी फैल गई, जब यह खबर तेजी से फैली कि एक महिला की निजी गाड़ी से एसआईयू (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट) टीम ने भारी मात्रा में 'चिट्टा' (मादक पदार्थ) बरामद किया है। मामला नशे से जुड़ा होने की आशंका पर जैसे ही लोगों को भनक लगी, बाजार में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते मीडिया कर्मियों का जमावड़ा लग गया और आम जनता भी घटनास्थल की ओर खिंची चली आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम भी त्वरित रूप से मौके पर पहुंची। हटली चौक के पास पर मौजूद गाड़ी को चारों ओर से घेर कर तलाशी ली गई और शुरुआती जांच में दावा किया गया कि गाड़ी से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद हुई है, जिसे चिट्टा माना है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाड़ी में एक महिला सवार थी और उसे भी पूछताछ के लिए रोक लिया गया था। हालांकि पूरे घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि सुबह 9 बजे शुरू हुई यह छानबीन शाम 4 बजे तक चली, लेकिन तब तक भी पुलिस यह स्पष्ट नहीं कर सकी कि बरामद वस्तु वास्तव में नशे की खेप है या नहीं। अंततः थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने कहा कि यह एक संदिग्ध वस्तु है और इसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुष्टि रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आपदा मित्र ने चलाया पॉलीथिन के प्रति अभियान

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** सिद्ध बाबा अजय पाल जी मंदिर परिसर में शनिवार को आपदा मित्र संदीप कुमार द्वारा पॉलीथिन के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान पॉलीथिन एकत्रित किया गया और दुकानदारों को जागरूक किया गया। बताते चलें कि आजकल मंदिर में काफी रश है, जिसके कारण हजारों श्रद्धालु शनिवार को दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान आपदा मित्र संदीप कुमार ने श्रद्धालुओं और दुकानदारों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और उन्हें पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। आपदा मित्र संदीप कुमार ने बताया कि पॉलीथिन एकत्रित करने का उद्देश्य मंदिर परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन के उपयोग से पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचता है, इसलिए हमें पॉलीथिन का उपयोग न करने का प्रयास करना चाहिए। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने आपदा मित्र संदीप कुमार द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और पर्यावरण की सुरक्षा में मदद मिलेगी।

## रामगढ़ धार में शातिरों ने बिजली बोर्ड को पहुंचाया लाखों रुपए का नुकसान

# लाइन से छेड़छाड़, कई ट्रांसफार्मर जले

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के रामगढ़ धार क्षेत्र में बिजली अज्ञात शातिरों ने सप्लाई लाइन से छेड़छाड़ करके पूरे क्षेत्र की आपूर्ति प्रभावित कर दी। शातिरों ने तारों के बीच लोहे की छड़ें फेंककर शॉर्ट सर्किट करवाकर कई ट्रांसफार्मर उड़ा दिए। अपनी तरह का यह पहला गंभीर मामला सामने आया है।

बता दें कि क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से लगातार बिजली में आई रुकावट और वोल्टेज में गिरावट के पीछे की वजह अब स्पष्ट हो गई है। जानकारी के अनुसार कुछ अज्ञात शातिर तत्वों ने जानबूझकर बिजली के तारों के पेंचर (छेड़छाड़) कर शॉर्ट सर्किट पैदा किया, जिससे अब तक चार से ज्यादा ट्रांसफार्मर जल चुके हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह कोई सामान्य तकनीकी खराबी नहीं है, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है। लगातार हो रही स्पार्किंग और ट्रांसफार्मर जलने की घटनाओं के पीछे किसी असामाजिक तत्व का हाथ माना जा रहा है, जिसने बिजली विभाग की व्यवस्था को ध्वस्त करने की कोशिश की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्युत विभाग उपमंडल थानाकलां ने अज्ञात शातिरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संभावित आरोपियों की तलाश की जा रही है।

इस घटना से रामगढ़ धार क्षेत्र के आम लोग खासे परेशान हैं। वोल्टेज में भारी उतार-चढ़ाव की वजह से कई घरों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल चुके हैं। पंखे, टीवी, फ्रिज और इनवर्टर जैसी जरूरी चीजें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि हमारे घर में पिछले हफ्ते दो बार लाइट स्पार्क हुई और उसके बाद टीवी और इनवर्टर पूरी तरह जल गए। यह सब जानबूझकर की गई छेड़छाड़ का नतीजा है।

**विधायक ने की निंदा:** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्व रामगढ़ धार क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को जानबूझकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह न सिर्फ विभाग को बदनाम करने की साजिश है, बल्कि आम जनता के हितों के साथ भी खिलवाड़ है।

बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि स्पार्किंग की घटनाएं सामान्य तकनीकी खराबी नहीं हैं, बल्कि तारों के साथ जानबूझकर की गई छेड़छाड़ के कारण हो रही हैं। विभाग अब इलाके में अतिरिक्त निगरानी कर रहा है और संवेदनशील स्थानों पर टीम भेजी जा रही है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि यदि किसी को भी संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो तुरंत विभाग या पुलिस को सूचित करें। जल्द ही दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं।

### चक गांव में आसमानी बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर जला

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब की पंचायत बेहड़ जसवां के अंतर्गत आने वाले चक गांव में शुक्रवार को तेज बारिश और तूफान के दौरान आसमानी बिजली गिरने से बिजली का ट्रांसफार्मर जल गया। इस घटना के चलते चक, बेहड़ जसवां, बेहड़ कांशी और अकरोट गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।


क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर।

गांववासियों ने बताया कि बिजली गुल होने के कारण रात गुजारना मुश्किल हो गया और रात जागकर गुजारनी पड़ी। बिजली विभाग के जेई प्रदीप कुमार ने बताया कि विभाग के कर्मचारी मौका देखेंगे। अगर ट्रांसफार्मर की मरम्मत संभव हुई तो उसे तुरंत ठीक कर दिया जाएगा, अन्यथा उसे बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ताकि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि पंजोआ सेक्शन में कुल 55 ट्रांसफार्मर हैं, लेकिन वहां पर सिर्फ दो कर्मचारी ही तैनात हैं, जबकि न्यूनतम 12 कर्मचारियों की आवश्यकता है। स्टाफ की कमी के चलते मरम्मत कार्यों में देरी हो रही है।

वहीं, स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ट्रांसफार्मर को सुरक्षित ढंग से बंद कर उसमें ताला लगाया जाए, ताकि भविष्य में किसी अनहोनी से बचा जा सके।

## वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना के छात्रों ने नीट परीक्षा में हासिल की शानदार सफलता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए गौरवमयी उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के 24 विद्यार्थियों ने नीट यूजी 2025 परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया है। ईशान ने 570, ऋत्विक ने 537, अश्लेष ने 520 ,स्निग्धा ने 500 और तनवीर ने 485 अंक प्राप्त करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और मेडिकल क्षेत्र में अपना स्थान सुरक्षित किया है। इन छात्रों की सफलता विद्यालय की सुनियोजित रणनीति, समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का प्रतिफल है।

विद्यालय में समय-समय पर मॉक टेस्ट, विषयवार शंका समाधान सत्र और काउंसलिंग सत्र आयोजित किए गए, जिनका छात्रों को भरपूर लाभ मिला। प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने इस सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत भी है।

उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि इस शानदार सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पित प्रयास, अनुशासित अध्ययन और सकारात्मक वातावरण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### ऊना में 25 जून को लगेगी पेंशन अदालत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डाकघर ऊना मंडल के अधीक्षक भूपिंदर सिंह ने बताया कि ऊना मंडल में 25 जून को पेंशन अदालत प्रात: 10 बजे से अधीक्षक, डाकघर ऊना मंडल के कार्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। डाक अधीक्षक ने सभी संबंधित पेंशनधारकों से आग्रह किया है कि वे अपनी पेंशन से जुड़ी शिकायतें 23 जून तक अधीक्षक, डाकघर ऊना मंडल के कार्यालय में दर्ज करवा सकते हैं, ताकि उन्हें पेंशन अदालत के दिन सुचारु रूप से निपटाया जा सके।

## रोली में आज होगा पहला प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**पालकवाह ऑडिटोरियम में उपमुख्यमंत्री मुकेश करेंगे मेधावियों को सम्मानित**

प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की स्मृति में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने की एक नई पहल की जा रही है। इस कड़ी में प्रथम प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह – 2025 का आयोजन 15 जून को हरोली विधानसभा क्षेत्र के पालकवाह ऑडिटोरियम में प्रात: 11 बजे किया जाएगा। इस समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्या तिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न एवं नकद पुरस्कार प्रदान करेंगे।

यह आयोजन प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह अवॉर्ड हर वर्ष आयोजित किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों की मेहनत और प्रतिबद्धता को सम्मानित किया जा सके। अवॉर्ड समारोह के पहले संस्करण में हरोली विधानसभा क्षेत्र के कुल 150 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इनमें वे विद्यार्थी शामिल हैं जिन्होंने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में अव्वल प्रदर्शन किया है। इनमें क्षेत्र के 5 स्टेट टॉपर भी शामिल हैं, जिन्होंने राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। फाउंडेशन से जुड़े प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का संपूर्ण जीवन शिक्षा को समर्पित रहा।

उन्होंने अपने शिक्षणकाल में हजारों विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और शिक्षा को केवल अंकों तक सीमित न रखते हुए उसमें जीवन मूल्यों की अभिव्यक्ति को सर्वोपरि माना। उनके नाम पर यह अवॉर्ड आरंभ किया जा रहा है। समारोह में जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी,बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहेंगे।

### अंबेरहा फीडर के तहत कई गांवों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )।** 15 जून को 11 केवी अंबेरहा फीडर की आवश्यक मरम्मत और उचित रखरखाव कार्य के चलते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल अंब के एसडीओ जेएस कौशल ने दी। एसडीओ कौशल ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

इस दौरान प्लाटा, कुढ़, त्यार, क्यारियां, अंबरेहा, गुगन, ककराना, गहरा, कोठी सहित आसपास के अन्य गांवों में बिजली नहीं रहेगी। उन्होंने आमजन से इस असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है और आग्रह किया है कि लोग अपने जरूरी कार्य समय से पहले निपटा लें ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े।

## मियां तालाब में पानी की कमी से मछलियों की मौत

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** नंगल जरियालां पंचायत के अंतर्गत मियां तालाब में इन दिनों दर्जनों मछलियां तड़प-तड़प कर मर रही हैं। तालाब में पानी की भारी कमी और समय पर उचित देखभाल न होने के चलते यह दर्दनाक स्थिति उत्पन्न हुई है। स्थानीय ग्रामीणों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश और भय व्याप्त है, वहीं दूसरी ओर पंचायत प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

सूत्रों के अनुसार यह तालाब पिछले तीन वर्षों के लिए ठेके पर दिया गया था, जिसकी अवधि अब समाप्ति की कगार पर है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पंचायत और संबंधित विभाग की उदासीनता के चलते गांव में महामारी फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। इस तालाब को स्थानीय संस्कृति और धरोहर का प्रतीक माना जाता है, ऐसे में इसकी देखभाल करना पंचायत की जिम्मेदारी बनती है, लेकिन प्रतिनिधियों की निष्क्रियता और तालाब की उपेक्षा से जीवों की यह दुर्दशा चिंताजनक है। यह घटना न केवल


नंगल जरियालां के मियां तालाब में मछलियां मरी पड़ी हुईं।

**प्रशासनिक लापरवाही से फैल सकती है महामारी**

पर्यावरणीय चेतावनी है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित पारंपरिक जल स्रोत और जैव विविधता गंभीर खतरे में पड़ सकती है। अब जरूरत है जिम्मेदारी उठाने की न कि सिर्फ आश्वासन देने की।

पंचायत की प्रधान सीमा देवी का कहना है कि तालाब में वर्षा जल के अलावा कोई अन्य जलस्रोत नहीं है, बावजूद इसके पंचायत की ओर से समय-समय पर टैंकरों द्वारा पानी डलवाया गया है। उपप्रधान कैप्टन सुशील शौर्य ने बताया कि तालाब की टेंडर प्रक्रिया समाप्त हो रही है और जल संकट के चलते मछलियों की मृत्यु हो रही है। उन्होंने कहा, मैंने कई बार प्रयास किया है और पूर्व में प्रधान अम्बोआ के माध्यम से पानी भी मंगवाया गया था, लेकिन लगातार दो दिनों की प्रचंड गर्मी से तालाब सूख गया, जिससे यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

उपप्रधान ने आश्वासन दिया है कि अगले 24 घंटों के भीतर पानी की व्यवस्था कर दी जाएगी और तालाब को पुन: जीवंत बनाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## प्रशिक्षण शिविर में प्राकृतिक खेती पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा कृषि विभाग आत्मा परियोजना विकास खंड बंगाणा द्वारा दो दिवसीय प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन उपपरियोजना निदेशक ऊना डॉ. शामली गुप्ता के प्रयासों से संपूर्ण हुआ। इस शिविर में 10 पंचायतों से 45 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती कर रहे प्रगतिशील किसान तिलकराज धुंधला पंचायत व बलजीत पंचायत पीपलू ने अपने प्राकृतिक खेती के अनुभवों को किसानों के सामने रखा व बताया कि प्राकृतिक खेती से उन्हें अधिक मुनाफा हो रहा है तो आप सब भी प्राकृतिक खेती कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

इस कार्यक्रम में आतमा परियोजना विकास खंड बंगाणा के अधिकारियों, खंड तकनीकी प्रबंधक रवि कुमार, सहायक खंड तकनीकी प्रबंधक श्वेता ठाकुर और प्रियंका शर्मा ने किसानों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी, साथ ही उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले घटकों के प्रयोगात्मक तरीके


शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागी गणमान्यों के साथ।

से प्रशिक्षण भी दिया। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व और इसके लाभों के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती अपनाएं और सुरक्षित एवं स्वस्थ खाद्य उत्पादों का उत्पादन कर सकें।

'प्राकृतिक खेती अपनाएं, जिंदगी खुशहाल बनाएं' विषय पर आधारित दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम उद्देश्य किसानों को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करना था। पहले दिन विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती की विधियों जैसे जीरो बजट खेती, जीवामृत, गोमूत्र व वर्मी कम्पोस्ट के प्रयोग की जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि किस प्रकार प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर बिना अधिक खर्च के भूमि की उपजाऊ क्षमता को बनाए रखा जा सकता है।

दूसरे दिन स्थानीय किसानों द्वारा अपनाई गई सफल प्राकृतिक खेती की कहानियों को साझा किया गया, साथ ही कार्यशाला के माध्यम से किसानों को प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक समृद्ध बनाया।

## आसमान से गिरी राहत की फुहारों के साथ आए तूफान ने मचाया कोहराम

**सनी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** जिले में झुलसा देने वाली गर्मी के बीच आसमान से गिरी फुहारों ने बेशक लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत दिलाई है, लेकिन बारिश के साथ आए अंधड़ तूफान ने खूब कहर बरपाया है। ओयल गांव में तेजी आंधी से एक आम का पेड़ धराशयी होने से एक मकान की चारदीवारी टूट गई, तो सड़क जाम हो गई तो गगरेट में भी ऊना रोड पर एक पेड़ गिरने से सड़क जाम हो गई। यही नहीं बल्कि तेज आंधी से आम की फसल को भी गहरा नुकसान हुआ है।

शुक्रवार बाद दोपहर आसमान से गिरी राहत की फुहारों के बीच आए तेज तूफान ने लोगों को ऐसे गहरे जख्म दिए कि लोग बुरी तरह से सहम उठे। बारिश के साथ चली तेज हवाओं से बड़े-बड़े पेड़ टूट कर गिरने लगे। गगरेट कस्बे में ऊना रोड पर दो आम के पेड़ टूटकर डॉ. राहुल कतना के घर की चारदीवारी के साथ दो शैडों पर जा गिरे। इससे बिजली के दो खंभे भी टूट गए तो ऊना रोड पर यातायात बिलकुल बंद हो गया। इसके


सड़क पर गिरे पेड़ से यातायात बाधित हुआ।

साथ ही ओयल गांव में इकबाल सिंह के घर की चारदीवारी टूट गई तो रोड जाम हो गया। तेज तूफान से ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई पेड़ गिर गए। सबसे ज्यादा नुकसान आम की फसल को हुआ है। इससे किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

कई स्थानों पर बिजली के खंभे टूट जाने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है। बिजली बोर्ड बिजली आपूर्ति सुचारु करने में डटा है तो लोक निर्माण विभाग के कर्मी बंद पड़े मार्गों को खोलने में जुट गए हैं। एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि तूफान से हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट जमा करवाने को पटवारियों को कहा है।

### पंजाब से लापता महिला ऊना में मिली

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना क्षेत्र में रात को अकेली घूम रही महिला को पुलिस व पंचायत ने उसके घर बालों के सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार एक महिला घालुवाल गांव क्षेत्र में रात को घूम रही थी। महिला को रात के समय अकेले देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पंडोगा पुलिस को दी। पुलिस मौका पर पहुंची स्थानीय पंचायत के उपप्रधान अनिल जसवाल भी सूचना पाकर पहुंचे, तो जब महिला से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह पटियाला पंजाब के गांव बरकतपुर देवी गढ़ की रहने वाली है और घर से दवाई लाने के लिए आई थी कि भटक कर यहां पहुंच गई। पुलिस ने महिला को नारी निकेतन सेंटर घालूवाल में रखा। सूचना पाकर पति बब्बू अपनी पत्नी को लेने के लिए पटियाला से यहां पहुंचा। परिजनों ने पडोगा पुलिस प्रभारी , अनिल जसवाल व कांता शर्मा का धन्यवाद किया है।

## गैरकानूनी धंधों को बढ़ावा दे रही प्रदेश सरकार: सतपाल सत्ती

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने प्रदेश सरकार पर सट्टा माफिया, लॉटरी माफिया और जुआ माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार में ऐसे लोगों को विभिन्न समितियां में शामिल किया गया है जो दो नंबर के काम सरेआम करते फिरते हैं।



उन्होंने जिला की नगर परिषद बसदेहड़ा-मैहतपुर के मेस बाजार स्थित एक दुकान में शुक्रवार देर रात पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान लाखों रुपए की नकदी के साथ जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए 14 लोगों में से एक हिमाचल प्रदेश फिशरमैन रिलीफ फंड कमेटी के सदस्य सुनील कुमार उर्फ रिंका के शामिल होने को लेकर मुख्यमंत्री से तीखे सवाल पूछे हैं। विधायक ने कहा कि भाजपा लंबे अच्छे से इस क्षेत्र में पंजाब की अवैध लॉटरी सट्टा माफिया और जुएबाज़ी जैसी अनैतिक गतिविधियों के लगातार चलने की बात कहती आ रही थी, जबकि स्थानीय लोग तो इस प्रकार के माफियाओं से काफी तंग आ चुके हैं, लेकिन इस तरह के दो नंबरी लोग सरकार में होने का फायदा उठाकर कानून व्यवस्था की भी धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में बहुत सारे कार्यकर्ता है, लेकिन वर्तमान सरकार ने विभिन्न समितियां में सिर्फ माफिया से जुड़े ऐसे लोगों को जगह दी है जो ऊना के कांग्रेस के नेताओं को हफ्ता और महीना दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस सरकार में कानूनी व्यवस्था की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पंजाब के कपूरथला, जालंधर, रूपनगर और न जाने किस-किस जगह से लोग आकर सरेआम लाखों रुपए की नकदी लेकर जुआ खेल रहे हैं। कांग्रेस के राज में ऊना विधानसभा क्षेत्र को जुए की बिसात बना कर रख दिया गया है।

### विधायक ने जन समस्याओं के समाधान के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने उपमंडल स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन जोगी पंगा कार्यालय में किया। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में चल रही जनसमस्याओं की समीक्षा करना तथा उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना था। इस दौरान बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा हुई, और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए गए। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में बिजली की समस्या को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए कुटलैहड़ में 26 नए बिजली ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, विशेषकर रामगढ़ धार क्षेत्र में। इस समस्या का समाधान 31 जुलाई 2025 से पहले करने का वादा विधायक ने अधिकारियों से किया है।

**आस्था** एडवोकेट जनरल अनूप ने परिवार संग चिंतपूर्णी में टेका माथा

## पुजारियों के लंबित कार्यों पर किया मंथन


अनूप रतन और उनके परिवार के साथ मंदिर ट्रस्ट के सदस्य।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश के एडवोकेट जनरल अनूप रतन ने शनिवार को अपने परिवार के साथ मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाई। चिंतपूर्णी पहुंचने पर मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल और पुजारी वर्ग ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी माता के दरबार में विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करवाई गई।

पुजारी नव कालिया ने एडवोकेट जनरल अनूप रतन के लिए विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना करवाई। पूजा-अर्चना और माता का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद, मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने अनूप रतन को माता की चुनरी और फोटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुजारी वर्ग ने चिंतपूर्णी मंदिर में पुजारियों के लंबित कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

**आध्यात्मिक और मानसिक शांति का अनुभव :** दर्शन करने के बाद अनूप रतन ने बताया कि माता चिंतपूर्णी के दर्शन से उन्हें आध्यात्मिक और मानसिक शांति का अनुभव हुआ है। उन्होंने प्रदेशवासियों के मंगल जीवन की कामना करते हुए माता से अरदास की।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल, मुख्य पुजारी और पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंदर छिंदा, मंदिर ट्रस्टी तिलक राज कालिया, राजेश कालिया, भूषण कालिया, अजय कालिया आदि उपस्थित रहे।

## ऊना में रेडीमेड गारमेंट्स विक्रेता संघ का सर्वसम्मति से किया गठन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

रेडीमेड गारमेंट्स विक्रेता दुकानदारों ने एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें सर्वसम्मति से रेडीमेड गारमेंट्स एसोसिएशन का गठन भी किया गया। इसमें चेयरमैन रमेश मैहता, प्रधान रघु पुरी, उपप्रधान नीरू कपिला, महासचिव पंकज पुरी एवं मुख्य सलाहकार हरि ओम पुरी को बनाया गया, जबकि कार्यकारिणी में अनुज महन, दीप कुमार आंगरा, अनुराग सांभर को मनोनीत किया गया ।

इस मौके पर एमएस गारमेंट्स वरुण गारमेंट्स अंबिका गारमेंट्स आगरा कलेक्शन बाबा गारमेंट्स फैशन फंडा मां भगवती गारमेंट्स बालाजी गारमेंट्स शिव शक्ति गारमेंट्स साई गारमेंट्स रोहित गारमेंट्स ललड़ी वाले सहित अन्य दुकानदार भी मौजूद रहे ।

इस मौके पर नवगठित कार्यकारिणी द्वारा सभी रेडीमेड गारमेंट्स विक्रेताओं की सहमति से ग्रीष्मकालीन अवकाश का भी फैसला लिया गया, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताई और एकमत से 27, 28 और 29 जून को अपनी अपनी दुकानें बंद रखने का फैसला लिया। इस मौके पर शहरी व्यापार मंडल के प्रधान प्रिंस राजपूत विशेष तौर पर उपस्थित रहे।


रेडीमेड गारमेंट्स विक्रेता संघ के सदस्य।

# सड़क की खस्ताहालत पर लोगों का चक्का जाम

अनंत ज्ञान, आनी

उपमंडल मुख्यालय निरमंड में 11 दिनों से धरने लर बैठे आनी खंड के बुछैर, तराला, जाओं, लफाली, आदि क्षेत्र के लोगों ने सड़क की खस्ताहाल को सुधारने में नजरअंदाजी से खफा होकर निरमण्ड में शनिवार को चक्का जाम कर डाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने करीब आधा घंटा बजीर बावड़ी-निरमंड-बागीपुल सड़क मार्ग पर चक्का जाम कर दिया और प्रदेश सरकार और लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान जिला परिषद सदस्य पूर्ण ठाकुर भी मौजूद रहे। जिसके बाद एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह और लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता मौके पर पहुंचे। जहां एसडीएम ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर बातचीत कर गौर किया जाएगा। साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को भी लोगों की मांगों पर गौर कर उनका निपटारा जल्द करने का आदेश दिया। जिसके बाद

### एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद 11वें दिन लगातार चल रहा धरना हुआ समाप्त

एसडीएम निरमंड की अध्यक्षता में तहसीलदार निरमंड और अधिशाषी अभियंता की तीन सदस्यीय कमेटी ने एक ड्राफ्ट तैयार किया। जिसके बाद ही 11 दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन सशर्त समाप्त हुआ। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे पदम प्रभाकर ने बताया कि बुछैर, लफाली पंचायतों के लोग बीते 11 दिनों से बुछैर-जाओं-तराला सड़क की खस्ताहालत को सुधारने की 7 सूत्रीय मांगों लगातार क्रमिक धरने पर बैठे थे, लेकिन जब सरकार और लोक निर्माण विभाग उनकी अनदेखी करता पाया गया तो शनिवार को लोगों ने चक्का जाम कर दिया। उन्होंने कहा कि एसडीएम निरमंड के हस्तक्षेप के बाद 7 में से 5 मांगों पर सहमति बनी है। जिन पर लोक निर्माण विभाग ने 25 जून तक काम शुरू करने का आश्वासन दिया है।



### विभाग से इन मांगों पर भी बनी सहमति

लोक निर्माण विभाग इस सड़क में पानी की पूर्ण निकासी करने पर सहमत हुआ है। शिलापानी में जिस स्थान और ठेकेदार स्लैब कलवर्ट का काम बीच में छोड़ गया है, 25 जून तक उसकी टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, जबकि बाकी के स्लैब कलवर्ट का एस्टीमेट 10 दिनों के भीतर सेक्शन के लिए भेजा जाएगा। सड़क की मरम्मत का सोमवार आए युद्धस्तर कर काम शुरू करने का भी लोक निर्माण विभाग ने आश्वासन दिया। इसके अलावा सड़क के करीब 5 असुरक्षित दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स में तुरंत सीमेंट के पैरापिट्स लगाए जाएंगे, जबकि लखणी से तराला के बीच जो सड़क की अपग्रेडेशन का कार्य कछुआ गति से चल रहा है उसे युद्धस्तर से करवाने पर भी लोक निर्माण विभाग सहमत हुए है। जबकि खादली-शौहण सड़क पर 16 जून को बस का ट्रायल करने का भी निर्णय लिया गया है। जबकि सड़क निर्माण से जिन लोगों की भूमि को खतरा हुआ है वहां डंगे लगाने को लेकर लोक निर्माण विभाग ने कहा कि उनके एस्टीमेट बनाकर सरकार को मंजूरी के लिए भेजे जाएंगे और जब सरकार बजट का प्रावधान करेगी तभी काम शुरू हो सकेगा।

> लोगों की कुछेक मांगों पर 25 जून तक कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जबकि बाकी कामों के लिए अतिरिक्त बजट यदि आता है तो उन पर भी काम किया जा सकेगा।
> -मनोज कुमार, अधिशाषी अभियंता, लोनिवि निरमंड मंडल।

# मनाली में अंतरराष्ट्रीय फिल्म एंड आर्ट फेस्टिवल का आगाज

अनंत ज्ञान, कुल्लू



कुल्लू और मनाली के बीच 15 मील में स्थित देवलोक में हिमाचल प्रदेश के दूसरे इंटरनेशनल फिल्म एंड आर्ट फेस्टिवल का आगाज हो गया है। फेस्टिवल का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के एमडी विवेक भाटिया ने किया। फेस्टिवल के संस्थापक राजा सिंह मल्होत्रा और अनुरागा वशिष्ठ ने उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विवेक भाटिया ने अपने संबोधन में आयोजकों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से हिमाचल प्रदेश को एक नई पहचान मिलती है। इससे हिमाचल प्रदेश के नौजवान और उर्जावान फिल्म निर्माताओं को भी प्रोत्साहन मिलता है क्योंकि उनकी कला का इसके माध्यम से प्रदर्शन होता है। प्रदेश सरकार ऐसी गतिविधियां संचालित करने वालों को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रही है।

### बनेगा फ्लैगशिप फेस्टिवल

फिल्म एंड आर्ट फेस्टिवल के संस्थापक राजा सिंह मल्होत्रा और अनुराग वशिष्ठ ने कहा कि इस फेस्टिवल का दूसरा सीजन आयोजित किया जा रहा है लेकिन भविष्य में इसे प्रदेश का एक फ्लैगशिप फेस्टिवल बनाकर आयोजित किया जाएगा।

### 60 वर्षीय महिला ने देखी फिल्म

वहीं बुरूआ गांव निवासी 60 वर्षीय ठाकरी देवी ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर के साथ फिल्म देखने पहुंची। दरअसल ठाकरी देवी ने सेकेंड चांस फिल्म में 4 वर्ष पहले नानी का किरदार निभाया था।

### ये हस्तियां रहीं मौजूद

पहले दिन केतन मेहता, रघुबीर यादव, दीप्ति नवल, प्रतिभा रांटा, समीर शर्मा और साकिब आयूब जैसे नामी चेहरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। पहले दिन मिर्च मसाला, सेकेंड चांस, नो विंटर हॉलीडे, चश्मा और ए फ्लाई ऑन द वॉल जैसी फिल्में दिखाई गईं।

## फिल्मी जगत के सितारों ने पेड़ की छांव में बैठकर साझा किए अपने अनुभव

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। अंतरराष्ट्रीय फिल्म एवं आर्ट फेस्टिवल के दूसरे दिन फिल्मी जगत के सितारों ने देवलोक परिसर में एक पेड़ की छांव में बैठकर अपने अनुभवों को भी सांझा किया और उपस्थित लोगों के सवालों के जवाब देने के साथ ही कई किस्से और कहानियां भी सुनाई। आयोजकों ने पेड़ के नीचे इस प्रकार के आयोजन की पहले से व्यवस्था कर रखी थी, जहां लोगों ने फिल्मी जगत के सितारों के साथ मुलाकात भी और उनसे कई सवाल भी किए। इस ओपन सैशन में अभिनेता आदिल हुसैन, रघुबीर यादव, साकिब आयूब, समीर शर्मा, भूमिका दुबे और फिल्म निर्माता विदार जोशी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। यहां लोगों ने इनसे फिल्म जगत को लेकर कई सवाल किए और उनके जवाब जाने। यह सेशन करीब चार घंटों तक चला और लोगों ने इसका भरपूर आनंद उठाया।



### लोगों ने जानी फिल्में बनाने की प्रक्रिया

दूसरे दिन फिल्म फेस्टिवल में मुख्य रूप से एजेंट आॅफ हैप्पीनेस, अमर कॉलोनी, द वर्ल्ड इज फैमिलि, थर्सडे स्पेशल, बॉबी ब्यूटी पार्लर, चालीसा, क्रेक शो, पैराडाइस, मिर्च मसाला और गाइड जैसी फिल्में शामिल रहीं। गाइड फिल्म को ओपन थिएटर में दिखाया गया। शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ओशो जेन, अर्जुन अमोरी, शुभांक शर्मा और भरत चौहान ने परफॉर्म करके उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। अभिनेत्री भूमिका दुबे द्वारा बनाया गया प्ले 'केला' भी लोगों को खूब पसंद आया। भूमिका ने महिलाओं के जीवन की सारी कठिनाइयों को प्रदर्शित करने का प्रयास किया, जिसे लोगों ने पसंद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### 17 को बागासराहन में होगा 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, कुल्लू। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन आनी विधान सभा क्षेत्र बागासराहन में 17 जून को किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री बागासराहन में करोड़ों रुपए की योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन के लिये बचत भवन में उपायुक्त तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लाभार्थी योजनाओं, कल्याणकारी उपलब्धियों एवं सेवाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस अवसर पर बागासराहन में इको टूरिज्म साइट का निरीक्षण भी करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि तहसील निरमंड के बागासराहन में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन 17 जून को किया जा रहा है।

### इलेक्ट्रिक बसों में हो रही रोहतांग की सैर

अनंत ज्ञान, केलांग। विश्व पटल में प्रसिद्ध रोहतांग दर्रा पर्यटकों से गुलजार हो रहा है। वहीं, पर्यटकों की सुविधा के लिए हिमाचल पथ परिवहन कुल्लू डिपो ने रोहतांग खुलते ही इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू कर दी है। 25 सीटर इलेक्ट्रिक बसों में बाहरी राज्यों के पर्यटक रोहतांग का सफर कर रहे हैं और यहां की वादियों को निहार रहे हैं। मनाली आने वाला हर पर्यटक रोहतांग दर्रे तक पहुंचना चाहता है। पर्यटकों को मात्र 700 रुपए किराया देना पड़ रहा है। मनाली से सुबह साढ़े 8 बजे से लेकर सुबह सावा दस बजे तक बसों को रोहतांग दर्रे के लिए भेजा रहा है। बसों की बुकिंग ऑनलाइन और ऑफलाइन यानि दोनों सिस्टम से हुई। बता दें कि पांच बसों को रोहतांग भेजकर एचआरटीसी ने 87500 रुपए की कमाई एक दिन में की। एचआरटीसी के मनाली में तैनात अड्डा प्रभारी खूब राम ने जानकारी दी कि गुरुवार को पांच इलेक्ट्रिक बसें रोहतांग भेजी गई थी। पर्यटकों की सुविधा के लिए एचआरटीसी कुल्लू डिपो ने रोहतांग खुलते ही इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू कर दी है।

### इंद्रेश ने लाहुल-स्पीति में किया बौध मठों का दौरा

अनंत ज्ञान, केलांग। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार इन दिनों लाहुल-स्पीति के दौरे पर हैं। अपने दौरे के दौरान उन्होंने स्पीति के प्रमुख बौद्ध मठों का भ्रमण किया और बौद्ध धर्म व संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया। इंद्रेश कुमार ने अपने संबोधन में बौद्ध धर्म को हिंदू धर्म से उत्पन्न बताते हुए कहा कि यह सनातन परंपरा का ही हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्लिम और ईसाई मिशनरियों द्वारा बौद्ध समुदाय के लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, जिसे रोकने की आवश्यकता है। उन्होंने बौद्ध धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को संगठित होने का आह्वान किया। इस दौरान लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर भी स्पीति में मौजूद रहे। उन्होंने इंद्रेश कुमार को तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के गुरु की जीवनी पर लिखित पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। रवि ठाकुर ने भी बौद्ध संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। आरएसएस नेता के इस बयान के बाद क्षेत्र में सकारात्मक चर्चा का माहौल बना हुआ है। लोग इसे हिंदू-बौध एकता से जोड़कर देख रहे हैं। पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने इंद्रेश कुमार के बौध मठों के दौरे की सराहना कर इसे हिंदू-बौध एकता और भाईचारे की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।



# लेह-दिल्ली रूट पर शुरू हुआ रोमांच का सफर



## 28 घंटे में तय होगी 990 किलोमीटर दूरी
## रविवार सुबह आठ बजे दिल्ली पहुंचेगी बस

अनंत ज्ञान, केलांग

देश के सबसे ऊंचाई से गुजरने वाले लेह-केलंग-दिल्ली रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस सेवा शुरू हो गई। करीब नौ माह बंद रहने के बाद बस आज शनिवार सुबह चार बजे लेह से दिल्ली के लिए रवाना हुई। लेह से दिल्ली तक के सफर में 28 घंटे लगेंगे। रविवार सुबह आठ बजे बस आइएसबीटी दिल्ली पहुंचेगी। आइएसबीटी दिल्ली से बस दोपहर 12.10 बजे चलेगी। एक यात्री का किराया 1850 रुपए है। बर्फ से लकदक दर्रे 990 किलोमीटर लंबे इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों के सफर को रोमांचक बनाएंगे। बस बारालाचा दर्रा समुद्र तल से 16,020 फीट, लाचुंग ला 16,620 फीट और तंगलंग ला 17,480 फीट ऊंचे दर्रे से होकर गुजरेगी। इस बस पर दो परिचालक और तीन चालक सेवाएं देंगे। पर्यटक व स्थानीय लोग इस बस सेवा का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। गत वर्ष बस सेवा 11 जून को शुरू हुई थी।

### बस एक दिन छोड़कर चलेगी लेह से दिल्ली के लिए

एचआरटीसी की यह बस सेवा लेह से एक दिन छोड़कर दिल्ली के लिए चलेगी। 14 जून के बाद अब बस एक दिन छोड़कर 16 जून को चलेगी। आरएम केलंग आयुष उपाध्याय ने बताया कि लेह दिल्ली बस सेवा आज शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि बस लेह से दिल्ली के लिए एक दिन छोड़कर चलेगी। बस सेवा मौसम पर निर्भर रहेगी और सितंबर 15 तक जारी रहेगी।

## कुंजम माता मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

अनंत ज्ञान, कुल्लू। 14931 फुट की ऊंचाई पर स्थित कुंजम माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मनाली से स्पीति और स्पीति से चंद्रताल जाने वाले पर्यटकों को कुंजम दर्रा पार कर ही गंतव्य जाना पड़ता है। ऐसे में इन दिनों कुंजम माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

## पधर से लारी सड़क की मरम्मत की मांग

अनंत ज्ञान, कुल्लू। महाराजा कोठी की बाराहर पंचायत को जोड़ने वाली सड़क की मरम्मत का कार्य अब शुरू हो गया है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वही ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग रखी है कि अब पधर से लारी सड़क की मरम्मत भी की जाए, ताकि कुल्लू आने वाले स्कूल के छात्रों को सुविधा मिल सके।

# राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान, बंजार

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार, जिला कुल्लू में बी.ए.बी कॉम, बीएससी में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। छात्र महाविद्यालय की वेबसाईट पर ऑनलाइन माध्यम से 19 जून 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इस बीच प्रवेश से पहले छात्र प्राध्यापकों से प्रवेश संबधी तथा विषय से संबंधित परामर्श ले सकते हैं। प्रथम वर्ष के छात्रों की पहली मेरिट लिस्ट 20 जून को 5 बजे प्रकाशित की जाएगी तथा 21 से 23 जून 2025 तक छात्र फीस जमा कर सकते हैं जबकि प्रवेश प्रक्रिया की दूसरी मेरिट लिस्ट 24 जून को 3 बजे प्रकाशित की जाएगी तथा 25 से 27 जून तक फीस जमा कर सकते है। स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थी भी 1 जून से 19 जून तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते है तथा इसके बाद फीस जमा कर सकते हैं। सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित अवधि के दौरान आवेदन करना तथा फीस जमा करना सुनिश्चित करें तथा प्रथम वर्ष के आवेदकों को विषय से संबंधित किसी भी तरह की समस्या हो तो वे महाविद्यालय में आकर प्राध्यापकों से संपर्क कर सकते हैं। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार प्रदेश का एक श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान है जहां अध्ययन अध्यापन की श्रेष्ठ परंपरा रही है। महाविद्यालय का शांत तथा सुंदर वातावरण, कक्षाओं का नियमित संचालन भी अध्ययन-अध्यापन के अनुकूल है।

# स्पीति में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक पर किया जागरूक



कृषि विज्ञान केंद्र ताबो के काजा में उन्नत कृषि संकल्प अभियान के अवसर पर गणमान्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

हिमालय के हृदय में प्रगति की खेती करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र ताबो ने काजा में उन्नत कृषि संकल्प अभियान का समापन किया, जो उच्च ऊंचाई वाले कृषि समुदायों के लिए नवाचार और स्थिरता का बढ़ावा देता है। कृषि विज्ञान केंद्र ताबो ने काजा में उन्नत कृषि संकल्प अभियान का सफलतापूर्वक समापन किया, जिसमें फसलों के विपणन के लिए समाधानों पर चर्चा की गई, उच्च ऊंचाई वाले हिमालयी क्षेत्रों में स्थायी कृषि को बढ़ावा दिया गया। कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने डॉ. आरएस स्पेहिया, वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख के साथ-साथ एटीएमए परियोजना से अंकिता धीमान और सुजाता नेगी सहित केवीके की टीम की उपस्थिति में भव्य अभियान का उद्घाटन किया। डॉ. स्पेहिया ने बताया कि 15 दिवसीय अभियान के दौरान केवीके ताबो ने स्पीति घाटी की सभी 13 पंचायतों के 31 गांवों के 3649 किसानों से संपर्क किया। कृषि विभागों के अधिकारियों को नई कृषि तकनीकों पर विस्तृत चर्चा करने का मौका मिला, जिससे किसानों को नई किस्मों, मृदा परीक्षण विधियों और इसके महत्व, प्राकृतिक खेती, सिंचाई पद्धतियों आदि से लाभ मिल सकता है। ऊपरी स्पीति घाटी के किसानों को टिकाऊ और जलवायु अनुकूल मटर और जौ की खेती के लिए लक्षित किया गया।

## निरंकारी बाल संत समागम का कुल्लू में भव्य आयोजन

अनंत ज्ञान, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित ढालपुर मैदान में शनिवार को सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से निरंकारी बाल संत समागम का भव्य आयोजन किया गया। बाल संतों ने नाटक, कविता, गीत व विचारों के माध्यम से मानवता का सुंदर संदेश दिया, जिसमें मानव एकता, स्वच्छ जल स्वच्छ मन, हमारी वाणी, हमारा परिचय, नशा सभी बुराइयों की जड़ है। जोनल स्तरीय बाल संत समागम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के मेरठ से आए युवा महात्मा आशीष गौतम ने की। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से देश भर में जून माह में बाल सामागमों का आयोजन किया जा रहा है। सतगुरु माता जी का यह कहना है कि यदि बच्चों को बाल्यावस्था में ही अच्छे संस्कार मानवीय गुण, भक्ति भाव, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, नशे से दूर रहने की प्रेरणा, सेवा भाव की प्रेरणा दी जाए तो ऐसे बच्चे बड़े हो कर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करेंगे। महात्मा आशीष गौतम जी ने कहा कि बाल्य अवस्था किसी भी शिक्षा को प्राप्त करने और जीवन में अपनाने की वह अवस्था है बच्चे जिसका जीवन भर अनुसरण करते हैं।

# नशा माफिया बेलगाम, सरकार और प्रशासन मूकदर्शक : गोविंद

अनंत ज्ञान, मनाली

कुल्लू जिला सहित पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बेकाबू हो चुकी है। नशा माफिया दिन-प्रदिन अपनी जड़ें गहराई तक फैला रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार और प्रशासन इस गंभीर विषय पर आंख मूंदे बैठे हैं। यह बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि एक शांतिप्रिय, पर्यटन एवं संस्कृति प्रधान राज्य हिमाचल में जिस प्रकार कानून व्यवस्था, नशा तस्करी और असामाजिक गतिविधियों का ग्राफ बढ़ रहा है, वह राज्य की गरिमा के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पार्वती घाटी के सुमारोपा में लगाए गए साडा बैरियर पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान पर एक व्यक्ति द्वारा पिस्टल तान देना इस बात का गंभीर संकेत है कि अब न तो कानून का भय रहा है और न ही प्रशासन का नियंत्रण। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं न केवल सुरक्षाकर्मियों का मनोबल तोड़ने वाली है, बल्कि इससे आम नागरिकों में भय का माहौल उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों से प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की सीमाओं पर प्रवेश से पूर्व तलाशी सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि इस प्रकार की आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।



वहीं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू जिला में नशा तस्करी अब खुलेआम हो रही है। नशा माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे इनकी सूचना देने वाले स्थानीय लोगों को धमकियां देने से भी नहीं चूक रहे हैं। स्थानीय लोग स्वयं नशा तस्करों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर रहे हैं, जो साफ दर्शाता है कि पुलिस की भूमिका केवल तमाशबीन की बनकर रह गई है। प्रतिदिन चोरी, घरों में तोड़फोड़ और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## बढ़ती ट्रैफिक समस्या का हो समाधान : सुरेंद्र

शीला कौल, अनंत ज्ञान, बंजार। बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-305 के जीभी से औट खंड पर लगातार बढ़ रही ट्रैफिक समस्या को लेकर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन को पत्र लिखकर आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।



विधायक शौरी ने उल्लेख किया कि जीभी से औट तक सड़क पर रोजाना घंटों तक लगने वाले ट्रैफिक जाम अब आम बात हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विधायक शौरी ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया है कि विशेषकर सप्ताहांत और पर्यटन सीजन के दौरान पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए, तथा अवैध पार्किंग पर सख्ती से रोक लगाई जाए। शौरी ने आशा व्यक्त की है कि पुलिस विभाग इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई करेगा।

**समस्या** सेब सीजन शुरू, प्लॉट आवंटन और शेड निर्माण कार्य अभी भी पड़ा है अधूरा

# किरण बाजार में निर्माणाधीन सब्जी मंडी का कार्य लटका

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

आनी। सेब सीजन के दस्तक देते ही आनी के किरण बाजार में निर्माणाधीन सब्जी मंडी के निर्माण को लेकर संशय भी बढ़ने लगा है। वहीं जैसे जैसे सेब सीजन शुरू हो रहा है,वैसे-वैसे आनी क्षेत्र के किसानों और बागवानों की चिंताएं भी बढ़ने लगी हैं। जबकि गत मार्च माह में आनी के राजा रघुबीर सिंह स्टेडियम में बाकायदा एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के चेयरमैन राम सिंह मियां ने जनता से वादा किया था कि जल्द ही यहां वैकल्पिक शेड में सब्जी मंडी शुरू कर दी जाएगी, जो आज तक पूरा नहीं हो पाया है।

### एक महीने पहले अप्रूवल के लिए भेजी फाइल शिमला में ही अटकी



### अप्रूवल का इंतजार कर रही सब्जी मंडी की फाइल

करीब 10 करोड़ की लागत से वर्षों से निर्माणाधीन आनी सब्जी मंडी का भविष्य अभी भी संशय में है। 10 बीघा क्षेत्रफल में बन रही इस मंडी की फाइल बीते एक महीने से शिमला में अप्रूवल के इंतजार में अटकी पड़ी है, फलस्वरूप न तो अभी तक प्लॉट आवंटन हो पाया है और न ही शेड निर्माण शुरू हो सका है। एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति की सचिव शगुन सूद के अनुसार, सरकार द्वारा इस बार आनी की सब्जी मंडी को अस्थायी मार्किट यार्ड के तौर पर संचालित करने की योजना बनाई गई है, ताकि इस वर्ष सब्जी मंडी की सफलता के बाद ही यहां स्थायी सब्जी मंडी का निर्माण कार्य शुरू किया जाना है। सुरक्षा दीवार पर सवा करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं और अस्थायी व्यवस्था का काम अब तक अधूरा है।

### जब फाइल ही अप्रूव नहीं कि तो कैसे सफल होगी सब्जी मंडी ?

अब जब सेब सीजन शुरू हो चुका है, तो सवाल उठ रहे हैं कि बिना प्लॉट आवंटन और शेड के मंडी को कैसे सफल बनाया जाएगा? सरकार का कहना है कि इस साल अस्थायी मंडी की सफलता के बाद ही स्थायी निर्माण पर निर्णय होगा, लेकिन किसान-बागवानों की मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं। पूर्व एपीएमसी अध्यक्ष अमर ठाकुर ने कहा कि इस देरी को राजनीति से प्रेरित निर्णय बताया है, वहीं हिमाचल किसान सभा की आनी इकाई के सचिव गीता राम ने भी सब्जी मंडी को लेकर बरती जा रही कोताही को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। किसानों की मांग है कि स्थायी निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए बार-बार दूर न जाना पड़े।

### अभी बनी सिर्फ सुरक्षा दीवार

उल्लेखनीय है कि मंडी के निर्माण में नीलामी मंच, दुकानें, ऑफिस, किसान भवन, कैंटीन और सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं, लेकिन फिलहाल केवल सुरक्षा दीवार ही बन पाई है। जबकि सब्जी मंडी स्थल में बनाए गए मैदान में घास उग आई है, कबाड़ इकट्ठा हुआ पड़ा है। स्थानीय किसान और बागवानों की मांग है कि राजनीति से ऊपर उठकर मंडी के शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

> इस वर्ष आनी में अस्थायी सब्जी मंडी बनेगी, जिसकी सफलता के बाद ही स्थायी निर्माण होगा। आनी में प्लॉट आवंटन की फाइल अप्रूवल के लिए शिमला भेजी है, अप्रूवल मिलते ही प्लॉट आवंटन कर दिया जाएगा और काम शुरू हो जाएगा।
> -शगुन सूद, सचिव, एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति।

# लोसर-बातल सड़क का किया घटिया निर्माण : रवि

अनंत ज्ञान, काजा

पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ग्रामफू समदो सड़क मार्ग के लोसर से लेकर बातल तक घटिया निर्माण कार्य को आरोप लगाकर गहरी चिंता जताई है। रवि ठाकुर ने बताया कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर वह केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से जल्द ही इस बारे में औपचारिक शिकायत करेंगे। रवि ठाकुर ने कहा कि लोसर से बातल के बीच जिस निजी कंपनी को सड़क निर्माण का ठेका दिया गया है, वह निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा नहीं कर रही है। स्थानीय लोगों, ठेकेदारों और पर्यटन से जुड़े व्यवसायियों ने बताया है कि कंपनी के पास करीब छह करोड़ रुपए के बकाया भुगतान हैं। यहां तक कि कई लोगों के किराए के कमरे और दूध तक के पैसे कंपनी ने अब तक नहीं चुकाए हैं। यह सड़क भारत-तिब्बत सीमा के पास समदो और काजा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को जोड़ती है।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी से करेंगे शिकायत, करवाएंगे कार्य की जांच

इस क्षेत्र में आईटीबीपी, सेना और सीमा सड़क संगठन की नियमित गतिविधियां चलती हैं। खराब सड़क निर्माण सामरिक आपूर्ति और आपात स्थिति में सेना की आवाजाही को प्रभावित कर सकता है। लोसर, बातल, कुंजुम दर्रा और चंद्रताल जैसे पर्यटन स्थलों तक पहुंचने का यही मुख्य मार्ग है। हर वर्ष हजारों पर्यटक गर्मियों के दौरान इन स्थलों का रुख करते हैं। यदि सड़क की हालत खराब रहती है, तो पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधाओं पर सीधा असर पड़ेगा, जिससे स्थानीय पर्यटन कारोबार को बड़ा झटका लग सकता है। पूर्व विधायक ने यह भी बताया कि ग्रामफू से बातल और लोसर से रंगरिक तक जिन दो अन्य कंपनियों को सड़क निर्माण का कार्य सौंपा गया है, उनके कार्य की गुणवत्ता अपेक्षाकृत बेहतर है। इससे स्पष्ट है कि समस्या केवल एक विशेष कंपनी के कार्य के स्तर से जुड़ी है। रवि ठाकुर ने भरोसा दिलाया है कि वे इस मुद्दे को न केवल केंद्रीय मंत्री के सामने उठाएंगे, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर भी संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगेंगे। एक साधारण निर्माण परियोजना नहीं है, यह देश की सुरक्षा और लाहुल-स्पीति के पर्यटन भविष्य की रीढ़ है।

### गुणवत्ता का रखा जा रहा ध्यान : दीपक

बीआरओ दीपक परियोजना की 108 आरसीसी के ऑफिसर कमांडिंग (ओसी) राज कुमार प्रकाश ने कहा कि सड़क निर्माण पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोसर से बातल तक काम कर कम्पनी की पेमेंट शेष है उसके कारण कुछ एक जगह काम धीमा है। उन्होंने कहा कि समदो मार्ग को डबललेन बनाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

# पर्यटन विकास की दिशा में सरकार अग्रसर : बाली

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने गत देर सांय हिम फ्रेंड्स क्लब सोलन द्वारा आयोजित आठ दिवसीय ग्रीष्मोत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

आरएस बाली ने ग्रीष्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि शहरी व ग्रामीण पर्यटन को विकसित करना प्रदेश सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन को और अधिक बढ़ावा दे रही है ताकि पर्यटक प्रदेश



सोलन में सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते आरएस बाली।

की समृद्ध संस्कृति से रु-ब-रु हो सकें। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति को एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

इस अवसर पर हिम फ्रेंड्स क्लब सोलन के पदाधिकारी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी पदमा, तहसीलदार सोलन मुल्तान सिंह बनियाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

संध्या के मुख्य आकर्षण रहे गोपल मुसाफिर बैंड और ममता भारद्वाज (पहाड़ी व हिंदी गायिका), जिनकी संगीतमय प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# शिलाई के चांदपुरधार में उद्योग मंत्री ने की 8 किमी पैदल यात्रा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उद्योग मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान चांदपुर धार जो शिलाई विधानसभा की सबसे खूबसूरत और मनमोहक जगह है, वहां पहुंचकर टूरिज्म की दृष्टि से विकसित करने के लिए निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यहां पर टूरिज्म आता है तो यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

मंत्री ने कहा इस जगह पर टूरिज्म लाने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहे है। उनके साथ मंडी समिति के चेयरमैन सीता राम शर्मा सहित स्थानीय लोग और प्रशासन अधिकारी मौजूद रहे।



# रक्तदान से मिलता है जीवन : डॉ. नेगी

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नालागढ़ स्थित ब्लड बैंक में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 10 लोगों ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कविराज नेगी ने किया।

इस अवसर पर डॉक्टर नेगी ने रक्तदान को सबसे बड़ा दान बताया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति तीन माह बाद रक्तदान कर सकता है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों को जीवन दान मिलता है क्योंकि रक्त से प्लाज्मा, लाल कोशिकाएं और प्लेटलेट्स को अलग-अलग करके तीन रोगियों





शिविर में रक्तदान करते हुए लोग व साथ में मौजूद हैं डॉक्टर।

को दिया जा सकता है। रक्त बैंक की प्रभारी डॉक्टर मणिका शर्मा ने कहा कि हमें अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

इसके अलावा सभी को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कविराज नेगी और डॉक्टर मणिका शर्मा के अतिरिक्त मुख्य खंड स्वास्थ्य शिक्षक जसपाल, तकनीशियन देश राज, महिंद्र, तृप्ता देवी तथा एनसीसी के कैडेट भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. शांडिल 15 जून को सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 15 जून को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 15 जून, 2025 को दोपहर 1.45 बजे सोलन के देहूंघाट में आयोजित होने वाले सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मेले में मुख्यातिथि होंगे।

### सायरी क्षेत्र में प्राकृतिक खेती पर दी जानकारी

**प्रेम कश्यप, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** जिला सोलन के डेढ़घराट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत सायरी के कई गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने इनकी खेती और प्राकृतिक खेती में समस्याओं जानकारी प्राप्त की और इसका समाधान बताया। वैज्ञानिक डॉ. सीमा ठाकुर और डॉ. राजेश ने जेखड़ी, चपला, माशड़ू और आस-पास के गांव की स्वयं सहायता समूह महिलाओं को विकसित कृषि संकल्प अभियान की जानकारी दी। समूह के प्रधान अनीता ने बताया कि उनके समूह की महिलाएं प्राकृतिक खेती का कार्य कर रही हैं जिसमें आत्मा परियोजना व कृषि विज्ञान केंद्र की तरफ से सहयोग मिल रहा है।

### छात्राओं को बताया रक्तदान का महत्व



**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में नागरिक अस्पताल अर्की में एक रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डॉ. दूनी चंद के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में शिमला नर्सिंग संस्थान की छात्राओं को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय कुमार शांडिल, काउंसलर, नागरिक अस्पताल अर्की द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को रक्तदान के सामाजिक, नैतिक और चिकित्सीय महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी व बताया एक यूनिट रक्त तीन जिंदगियों को बचा सकता है। आईसीटीसी लैब तकनीशियन मनीष कुमार ने रक्त जांच प्रक्रिया और सुरक्षित रक्तदान से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी साझा की।

### वैज्ञानिकों ने किसानों से किया खेती संवाद

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र डेढ़घराट सोलन के वैज्ञानिक डॉ. सीमा ठाकुर और डॉ. राजेश ठाकुर ने आजी सुनारा, कश्माडी व डुमैहर गांवों का दौरा किया। किसानों ने अपने गांव की खेती और बागवानी समस्याओं को वैज्ञानिकों के सामने रखी। आंजी सुनारा गांव के युवा नौकरी छोड़ कर फूलों की खेती करके अच्छी आमदनी कर रहे हैं। आजी सुनारा गांव के युवा अजय वर्मा अक्षय वर्मा व संदीप वर्मा ने बताया कि वह कारनेशन, ग्लेडियोलस जैसे फूलों की खेती करते हैं। वार्ड सदस्य पूजा वर्मा ने कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का बताया कि उनके गांव में पहली बार विभाग की तरफ से ऐसा पहला कार्यक्रम हुआ है।

### युवा जागृति क्लब ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत रौडी के युवा जागृति क्लब धार ने थाना प्रभारी दाड़लाघाट मोती सिंह से शनिवार को मुलाकात की। क्लब प्रधान कुणाल शर्मा की अध्यक्षता में इस अवसर पर युवा जागृति क्लब के सदस्यों ने एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें क्षेत्र में चिट्टे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त की गई है। क्लब ने बताया कि क्षेत्र में नशे का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है,जिससे युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है। क्लब ने मांग की है कि क्षेत्र में चिट्टा की तस्करी रोकने के लिए बड़े कदम उठाए जाएं और माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर कुणाल शर्मा, विशाल, मृदुल, पंकज, योगेश, जयदेव, अनूप और मनीष मौजूद रहे।

### गर्म क्लिंकर लोड होने से ट्रांसपोर्ट्स की गाड़ियां जली

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अडाणी सीमेंट प्लांट दाड़लाघाट में इन दिनों गरमा क्लिंकर लोड किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप ट्रांसपोर्टर्स की 8-10 गाड़ियां आग की भेंट चढ़ चुकी हैं। अभी शुक्रवार वाले दिन एचपी-64-5545 गाड़ी में क्लींकर लोड करते-करते ही आग लग गई और अग्निशमन का इंतजाम होते हुए भी गाड़ी का बहुत अधिक नुकसान हो गया। कई बार आग प्लांट से बाहर गाड़ी निकलने पर लग जाती है जहां उसे बुझाने हेतु कोई उपाय नहीं होता तो स्थिति अधिक भयावह हो जाती है। इस बाबत जब ड्राइवर यूनियन के प्रधान अमरजीत से जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि यह सिलसिला कई दिनों से चला आ रहा है, जब से अडाणी ग्रुप ने पुराना स्टाफ बदलकर नया स्टाफ इस प्लांट में नियुक्त किया है तभी से ट्रकों में प्लांट के शूट से डायरेक्ट गरमा गरम क्लिंकर लोड किया जा रहा है। यूनियन के प्रधान ने बताया कि उन्होंने कई बार इस बाबत कंपनी में जाकर गुहार लगाई कि कंपनी क्लिंकर को दो-चार दिन स्टोर करने के बाद क्लिंकर लोड किया जाए। उधर, बाघल लैंड लूजर ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रधान जगदीश का कहना है कि कंपनी के अधिकारियों को चेताया कि जब क्लिंकर का टेंपरेचर अधिक हो तो उसे लोड न किया करें।

### डेजी ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** विकसित भारत का अमृत काल सेवा ,सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन मण्डल स्तर पर भाजपा दुन मण्डल ने बददी में संकल्प सभा के तौर पर किया। जिसमें भाजपा की प्रदेश सचिव डॉ डेजी ठाकुर ने बतौर वक्ता के तौर पर शिरकत कर उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। उन्होंने संगठन के चल रहे अन्य कार्यो के बारे में बताया कि 21 जून को योग दिवस मण्डल स्तर पर मनाया जाए। 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस हर बूथ पर हो। 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर काला दिवस के रूप में मनाए और बताएं कि इसे क्यों थोपा गया था। साथ ही 29 जून को मन की बात कार्यक्रम भी सभी सौ प्रतिशत बूथों पर मनाया जाए।उन्होंने कार्यकर्ताओ से आह्वान किया कि केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियां आम जन तक पहुंचाए। ताकि इनके लाभ से कोई वंचित न रह सके। डेजी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को पंच प्रण शपथ दिलाई। पूर्व विधायक परमजीत सिंह ने 11 साल में केंद्र सरकार द्वारा करवाए गए दुन हल्के में विकास कार्यों की गिनती करवाई।

### नो टू ड्रग्स अभियान शुरू करेगी भाजपा : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा सोलन शहरी मंडल की विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने की जबकि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल मुख्य वक्ता के तौर पर कार्यक्रम में रहे। इस बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके और वंदेमातरम गा करके की गई, इसके बाद दो शौक प्रस्ताव पारित किए गए, अहमदाबाद में हुई हवाई दुर्घटना में मारे गए यात्री और अन्य व्यक्ति वा पूर्व मुख्यमंत्री गुजरात विजय रूपाणी की मृत्यु पर गहरा शौक व्यक्त किया और पार्टी कार्यकर्ता गुलशन लंबा की माता राज रानी की मृत्यु पर गहरा शौक व्यक्त किया। शैलेंद्र गुप्ता ने आगामी संगठन के कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की, भाजपा पार्टी 21 जून को अंतराष्ट्रीय योगा दिवस के साथ साथ नो टू ड्रग्स अभियान में जागरूकता पर कार्य करेंगी, 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बालीदान दिवस को बूथ स्तर पर आयोजित करेंगी, और 25 जून को आपात काल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर इस काले अध्याय को युवाओं में जागृति अभियान चलाएगी। इस सभा में पूर्व भाजपा प्रत्याशी राजेश कश्यप ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा चलाए गए विधान सभा में आवास योजना से गरीब वर्ग को आश्रय प्रदान किए, और विभिन्न योजना पर और विस्तार से चर्चा की।

# शरारती तत्वों पर कसेगा शिकंजा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** राज्य स्तरीय मेले में जुटने वाली हजारों लोगों की भीड़ के दौरान जेबकतरों और शरारती तत्वों से निपटने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस संदिग्ध लोगों पर शिकंजा कसने के लिए सीसीटीवी कमरों से भी नजर रख रही है।

मेले के दौरान हर बार जेब काटने की घटनाएं सामने आती है। इसको लेकर महापौर उषा शर्मा ने पुलिस प्रशासन से बाहरी लोगों की वेरिफिकेशन का आग्रह किया था। तर्क दिया गया कि भीख मांगने में लिप्त बड़ी संख्या में युवा कालका से ट्रेनों के माध्यम से सोलन पहुंच रहे हैं, विशेषकर ऐसे कार्यक्रमों के दौरान जब बड़ी भीड़ एकत्र होती है। नगर निगम ने जिला प्रशासन

### शरारती तत्व कालका से ट्रेनों के माध्यम से पहुंच रहे सोलन

को पत्र लिखकर ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया है, जिनके इन छोटे-मोटे अपराधों के पीछे होने की आशंका है।

महापौर उषा शर्मा ने चिंताजनक प्रवृत्ति की ओर इशारा करते हुए कहा है कि भीख मांगने वाले कई युवा कालका से ट्रेनों के माध्यम से सोलन पहुंच रहे हैं, खासकर ऐसे कार्यक्रमों के दौरान जब बड़ी भीड़ जमा होती है।



### शरारती तत्वों को ट्रेनों में चढ़ने से रोकने की मांग

मेयर ने कहा कि सोलन की घनी आबादी और बढ़ती झुग्गी-झोपड़ियां ऐसे बदमाशों के लिए आसान कर देती है। गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने डिप्टी कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले को कालका के रेलवे अधिकारियों के सामने उठाने को कहा है, ताकि ऐसे तत्वों को सोलन और शिमला जाने वाली ट्रेनों में चढ़ने से रोका जा सके। 2 जून को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे के दौरान चोरी की कई रिपोर्ट आने के बाद यह मुद्दा फिर से गरमा गया। कार्यक्रम के लिए मॉल रोड पर भीड़ उमड़ी थी और इसी हलचल के बीच जेबकतरों ने हमला कर दिया। स्थानीय व्यापारी मुकेश गुप्ता ने 7,000 रुपए के नुकसान की सूचना दी, जबकि कई पर्स -जिनमें नकदी तो नहीं थी लेकिन पहचान पत्र सही सलामत थे। खाने-पीने की दुकानों के पास फेंके हुए पाए गए।

### चोर गिरोह सोची-समझी रणनीति के साथ करते हैं काम

**लोगों** का कहना है कि ये गिरोह सोची-समझी रणनीति के साथ काम करते हैं और चोरी करने के बाद तुरंत गायब हो जाते हैं। 21 से 23 जून तक होने वाले शूलिनी मेले के कारण-एक प्रमुख राज्य स्तरीय आयोजन जिसमें हज़ारों श्रद्धालु और व्यापारी आते हैं। नागरिकों को आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि का डर है। एक स्थानीय दुकानदार ने चेतावनी दी, अगर अभी कोई निवारक कदम नहीं उठाए गए, तो मेला ऐसे अपराधियों के लिए खुली छूट बन सकता है। अपराध की लहर सिर्फ जेबकतरी तक सीमित नहीं है। हाल ही के दिनों में सोलन में दो महिलाओं द्वारा दिनदहाड़े चेन छीनने की घटना और एक चौंकाने वाला मामला सामने आया जिसमें एक निवासी को कथित तौर पर सम्मोहित करके उसके आभूषण लूट लिए गए।

### अपराध करते पकड़े जाने वाले व्यक्ति पर होगी सख्त कार्रवाई

**पुलिस** अधीक्षक गौरव सिंह ने कहा कि किसी कारण के घूमते पाए जाने वाले प्रवासियों को पंजीकृत किया जाएगा और संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें उनके मूल स्थानों पर वापस भेज दिया जाएगा। अपराध करते पकड़े जाने वाले किसी भी व्यक्ति पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# माजरा की लापता नाबालिग लड़की अंबाला में मिली, पुलिस जांच जारी

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन/पावंटा साहिब।** माजरा नाबालिग केस में बड़ी अपडेट सामने आई है। पुलिस ने नाबालिग को हरियाणा के अंबाला से बरामद कर लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने कहा कि नाबालिग को अम्बाला से बरामद किया गया है, जिसे अदालत में पेश किया जाएगा। एसपी सिरमौर ने इस बारे लोगों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नाबालिग के बयान दर्ज किए जा रहे है।

गौरतलब है कि नाबालिग लड़की को एक विशेष समुदाय के लड़के द्वारा अपने साथ ले जाने का मामला सामने आया था। जिसके बाद बीते कल से माजरा में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था।

बीते कल पुलिस व लोगों पर स्थानीय लोगों द्वारा पथराव भी किया गया था। जिसके बाद पुलिस को भी स्थिति नियंत्रण करने के लिए कड़ी मशक्त का सामना करना पड़ा था। कबीले जिक्र है कि बीती रात जिला मजिस्ट्रेट ने क्षेत्र में धारा 163 को लागू किया था जो इलाके में 19 जून तक लागू रहेगी। वहीं लड़की के परिजनों को सुरक्षा देने की बात भी पुलिस प्रशासन ने कही है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बिंदल और एसडीएम में बहस

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल और एसडीएम पांवटा गुंजीत सिंह चीमा के बीच शनिवार को बहस हो गई। पांवटा के माजरा में 5 जून को एक नाबालिग लड़की के लापता होने के मामले में काफी संख्या में लोग धरना देने इकट्ठा हो रहे थे। इस दौरान राजीव बिंदल ने कहा, एसडीएम साहब पहले तो आप बोलने का तरीके ठीक करें। कल भी आपके कारण माहौल खराब हुआ। उन्होंने कहा, एसडीएम का डंडा रखने का मतलब क्या है? इस पर एसडीएम ने भी तपाक से कहा, जो पीसफुल प्रोटेस्ट करने कल महिलाएं आई थीं, उनके हाथ में डंडे क्यों थे। शुक्रवार को नाबालिग लड़की के लापता होने से तनावपूर्ण माहौल हो गया था। ग्रामीणों और हिंदू संगठनों ने लापता लड़की की तलाश के लिए पुलिस को अल्टीमेटम दिया था। पुलिस ने शनिवार सुबह लापता लड़की को बरामद कर लिया है। इसके बाद लोगों व हिंदू संगठनों ने धरना वापस ले लिया है।



# रमनीक ने बीए फाइनल में टॉप कर नाम किया रोशन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) की तरफ से आयोजित बीए तृतीय वर्ष की परीक्षा में प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल कर नाम रोशन किया। मेरिट सूची के अनुसार, गवर्नमेंट डिग्री सोलन की रमनीक अटल ने 8.99 सीजीपीए के साथ प्रदेश में टॉप किया। सोलन हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 की रहने वाली रमनीक अटल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। रमनीक की स्कूली शिक्षा गुरुकुल स्कूल सोलन से हुई है। रमनीक कहा कि वे अब जियोग्राफी में मास्टर करने के साथ यूपीएससी की तैयारी करेगी। उनका कहना है कि कॉलेज में एससीए की अध्यक्ष रहते उन्हें छात्रों की समस्याओं समझने का मौका मिला। भविष्य में प्रशासनिक सेवाओं से वह समाज और देश सेवा करना चाहती है। पिता गोविदं सिंह का सपना है कि बेटी आईएएस बनकर नाम रोशन करें।



# पदोन्नति कोटा 80 फीसदी करने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता संघ जिला सोलन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष जयलाल जलपाइक की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल मांगों को लेकर जिला उप शिक्षा निदेशक (उच्च) गोपाल चौहान से मिला।



जिला उपशिक्षा निदेशक को मांग पत्र सौंपते प्रवक्ता संघ के पदाधिकारी।

संघ के महासचिव व महासचिव हेमंत शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला उप शिक्षा निदेशक को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से अवगत कराया गया।

जिला प्रवक्ता संघ ने उप शिक्षा निदेशक को शिक्षा विभाग और

### प्रवक्ता संघ का प्रतिनिधिमंडल डिप्टी डायरेक्टर से मिला, सौंपा मांग पत्र

सरकार के लिए अपना मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर उपशिक्षा निदेशक ने मांग पत्र पर सहानुभूति पूर्वक विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि वे इन सभी समस्याओं को विभाग के निदेशक एवं सरकार को भेजेंगे। वहीं प्रवक्ता संघ ने उनके समक्ष कई मांगें रखी।

इनमें से कुछ मांगों पर जिला उप शिक्षा निदेशक ने अपने स्तर पर ही सकारात्मक रुख दिखलाया। प्रतिनिधिमंडल में संघ के मुख्य सलाहकार चंद्र देव ठाकुर, सलाहकार कमलेश कुमार शर्मा, विनोद कुमार चौहान, सुशील कुमार शर्मा तथा संदीप चंदेल भी शामिल रहे।

# शास्त्रीय संगीत सम्मेलन शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** गुरु शिष्य परंपरा एवं शास्त्रीय संगीत संस्था हिमाचल प्रदेश द्वारा 17वां शास्त्रीय संगीत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं। आज से इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन आईटीआई सोलन में किया जा रहा है। पहले दिन इस सम्मेलन मे शास्त्रय गायन, भजन गायन तबला वादन, बांसुरी वादन की प्रतियोगिता करवाई जाती है जिसमे कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग में प्रतिभागी आते है। संस्था के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में सम्मानित भी किया जाता है। शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत को बढ़ावा देने के लिए संस्था के द्वारा कार्य किया जा रहा है।

# पति से तंग आकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** मानपुरा थाना के तहत प्रवासी महिला ने अपने पति से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला की पहचान शबनम पत्नी राजीव कुमार बिहार से हुई।

मृतक महिला की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी शबनम की शादी वर्ष 2023 में राजीव से हुई थी। शादी के बाद राजीव उसकी बेटी को लेकर बद्दी के मानपुरा में किराए के मकान में रहने लगा। राजीव उसकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा जिससे तंग आकर जान दे दी। थाना मानपुरा के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# नौकरी के नाम पर युवाओं को गुमराह कर रही कांग्रेस : नाथूराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल सरकार द्वारा करवाई जा रही एनटीटी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया लगातार विवादों में है। एनटीटी भर्ती को लेकर समाजसेवी और आरटीआई एक्टिविस्ट नाथूराम चौहान ने सरकार से भर्ती प्रक्रिया को गंभीरता से लेने की मांग की है।



समाजसेवी नाथूराम चौहान ने कहा कि हिमाचल में चल रही एनटीटी शिक्षकों की भर्ती अपने आप में सवाल बनकर रह गई है और उम्मीदवार अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। नियमित तौर पर रोजगार देने का वायदा करने वाली मौजूदा सरकार आउटसोर्स पर एनटीटी शिक्षकों की भर्ती कर रही है और वह भर्ती भी कई तरीके के विवादों में उलझी हुई है और यही अभ्यर्थियों को स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि 1 साल का डिप्लोमा करने वाली महिला अभ्यर्थी पात्र होगी या 2 साल का।

# स्यार गांव में सोमवीर ने जीती बड़ी माली

**आशीष गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के गांव स्यार के नेचड मैदान में ट्रांसपोर्टरों द्वारा कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि पूर्व विधायक अर्की गोविंद राम शर्मा ने शिरकत की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में हैंडबॉल भारतीय टीम की खिलाड़ी निवासी नवगांव निधि शर्मा और रणजी क्रिकेटर निवासी चंडी कश्लोग दिवेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि पूर्व अर्की विधायक गोविंद राम शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने से युवाओं में देशभक्ति की भावना मजबूत होती है और नशे जैसी प्रवृत्ति से दूर रहने में मदद मिलती है। दंगल के आयोजक अंबुजा दाड़ला कश्लोग मांगू परिवहन सहकारी सभा



दंगल मेले में पहुंचे नामी पहलवान का स्वागत करते आयोजक।

(एडीकेएम) के पूर्व प्रधान बालक राम शर्मा, राम कृष्ण बंसल, अरुण शुक्ला और जय चंद चंदेल ने बताया कि दंगल में कई राज्यों के पहलवानों ने भाग लिया।

बड़ी माली में सोमवीर रोहतक पहलवान ने सुनील जीरकपुर को हराकर जीत दर्ज की। दंगल में हिमाचल केसरी कोलका के कुलवंत और सुंदरनगर के भूषण की कुश्ती बराबरी पर रही। विजेता पहलवानों को कमेटी की ओर से नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

**प्रशिक्षण** | एमआरए डीएवी में बागवानी पर केंद्रित सत्र का सफल आयोजन

# बागवानी समृद्ध भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

एमआरए डीएवी सोलन में सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 14 जून 2025 को किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मासूमा सिंघा ने दोनों विशेषज्ञों और सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए इस शैक्षिक सत्र को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्टेम डीएलडी के तहत सुप्पोर्टीवे स्टेम एनवायरनमेंट थीम पर एक विशेषज्ञ सत्र आयोजित किया गया, जिसमें बागवानी विषय को केंद्र में रखा



एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे शिक्षक।

गया। इस सत्र का सफल संचालन डॉ. मनीका तोमर और डॉ. सविता जंदैक, डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी, सोलन की विशेषज्ञों ने किया। सत्र में कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें 20 प्रतिभागी एमआरए डीएवी पब्लिक स्कूल, सोलन से, 6 प्रतिभागी डीएवी राजगढ़, 6 डीएवी कुमारहट्टी, तथा 4-4 प्रतिभागी डीएवी परवाणू और गीता आदर्श विद्यालय, सोलन से शामिल हुए। सत्र की शुरुआत डॉ. मनीका तोमर ने की, जिन्होंने बागवानी के महत्व, इसकी परिभाषा, और इससे होने वाले बहुपक्षीय लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बागवानी केवल कृषि का एक भाग नहीं, बल्कि एक समृद्ध और सतत भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. सविता जंदैक ने बागवानी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की तथा विशेष रूप से मशरूम की खेती पर उपयोगी जानकारी साझा की। दोनों विशेषज्ञों ने सत्र को विद्यालय स्तर तक व्यावहारिक रूप से जोड़ा और बताया कि स्कूल स्तर पर कौन सी गतिविधियां और प्रयोग किए जा सकते हैं।

# नौणी यूनिवर्सिटी में 27 महिलाओं ने लिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी नौणी के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने अंबुजा फाउंडेशन के सहयोग से मंडी जिला की महिलाओं के लिए दो दिवसीय 'फलों और सब्जियों के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन' पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मंडी जिला की 27 महिला प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश शर्मा और सह-समन्वय डॉ. अनिल वर्मा और डॉ. अभिमन्यु की देखरेख में प्रशिक्षण कार्यक्रम चला।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन अवसर पर मुख्य अतिथि खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने किया।





प्रशिक्षण शिविर में पहुंची महिलाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### राधस 15 जून को मनाएगा अपना 24वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राष्ट्रीय वाल्मीकि धर्म समाज (राधस)-रजिस्टर्ड, अपनी स्थापना की 24वीं वर्षगांठ 15 जून, 2025 को मना रहा है। स्थापना दिवस और साथ ही कबीर जयंती समारोह का आयोजन कल सेक्टर 37 के अम्बेडकर भवन में कर रहा है। इस दौरान समाज से जुड़े लोगों के अलावा गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय वाल्मीकि धर्म समाज (राधस)-रजिस्टर्ड, के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक धर्मगुरु दिलबाग टांक आदिवासी ने बताया कि राधस के 24वें स्थापना दिवस और कबीर महाराज जी की जयंती के अवसर पर कल रविवार 15 जून 2025 को 'सामाजिक सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में कबीर महाराज के प्रवचनों पर एक सत्संग होगा। इस दौरान गणमान्य लोगों को सम्मानित किया जाएगा। संगठन के विस्तार के लिए नवनियुक्तियां की जाएगी एवं वाल्मीकि समाज में एकजुटता और आगे ले जाने पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### बिजली कट पर रोजाना रिपोर्ट देंगे अधिकारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने गर्मी के मौसम में हो रही बिजली कटौती तथा लोगों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों का संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह बिजली कटों के संबंध में उन्हें रोजाना की रिपोर्ट सब्मिट करेंगे। इस रिपोर्ट में संबंधित क्षेत्र में पावर कट का समय और कारण बताया जाएगा। पावर कट का कोई उचित कारण नहीं होने पर अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अनिल विज ने शनिवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में बिजली की मांग बढ़ रही है। अभी तक मांग के अनुसार आपूर्ति भी की जा रही है लेकिन कई जगहों पर अनावश्यक पावर कट की सूचना मिल रही हैं। इसके चलते अधिकारियों से गर्मी के पीक सीजन को देखते हुए रोजाना की रिपोर्ट तलब की गई है। विज ने बताया कि रक्षा मंत्री से मुलाकात के दौरान उन्होंने अंबाला छावनी में बने सरकारी अस्पताल के विस्तार के लिए साथ लगती सेना की जमीन हरियाणा सरकार को देने के लिए निवेदन किया है। अंबाला छावनी में बन कर तैयार हो चुके घिरोंदू हवाई अड्डा के सामने वाली सड़क को बीसी बाजार से लेकर जीटी रोड तक फोर लेन करवाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा छावनी नगर परिषद और छावनी बोर्ड में कई स्थान पर जैसे बोह, बब्याल आदि की कम चौड़ी सड़कों को आगे पीछे की सड़कों के सामान चौड़ा करवाने के लिए भी कहा है। रक्षा मंत्री ने उन्हें इस मामले में जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### छात्रों पर लाठीचार्ज मामले में असिस्टेंट प्रोफेसर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यहां के हरियाणा के कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों पर लाठीचार्ज के मामले में पुलिस ने असिस्टेंट प्रोफेसर राधेश्याम को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले विश्वविद्यालय प्रशासन ने उसे निलंबित कर दिया गया था। यूनिवर्सिटी की जांच में सामने आया था कि असिस्टेंट प्रोफेसर राधेश्याम का व्यवहार अशोभनीय था। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी में शनिवार को बताया कि मामले में एक आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर राधेश्याम को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। इस मामले में पुलिस ने रजिस्ट्रार व सिक्योरिटी इंचार्ज सहित कईयों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उधर, लाठीचार्ज में घायल हुए छात्र दीपांशु ने बताया कि अभी तक छात्र यूनिवर्सिटी की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। वो चाहते हैं वीसी धरने पर आकर माफी मांगें और जिन लोगों पर केस दर्ज हुआ है उन सबकी गिरफ्तारी हो। इसके बाद ही धरना समाप्त किया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर बीआर कम्बोज ने मामले में छात्रों से बातचीत के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है। इस कमेटी के चेयरमैन डायरेक्टर ऑफ रिसर्च डॉ. राजबीर गर्ग और डीन पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज व डीन एग्रीकल्चर डॉ. एसके पाहुजा शामिल हैं। कमेटी ने कार्य शुरू कर दिया है। कमेटी के चेयरमैन ने बताया की छात्रों से बातचीत जारी है कुछ मुद्दों पर सहमति बनी है। उम्मीद है कि जल्दी ही सब कुछ नॉर्मल हो जाएगा। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सांसद जयप्रकाश और कई कांग्रेसी विधायकों ने एचएयू में पहुंच धरना दे रहे छात्रों को अपना समर्थन दिया। इस दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि जब तक वीसी को यूनिवर्सिटी से नहीं हटाया जाएगा तब तक छात्रों का आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

### एसबीआई ने घटाई 'अमृत वृष्टि' की ब्याज दर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया यानी एसबीआई ने अपनी स्पेशल फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम अमृत वृष्टि की ब्याज दरों में 0.25 की कटौती की है। अब एसबीआई 'अमृत वृष्टि' के तहत 444 दिनों के लिए एफडी कराने पर 6.60 प्रतिशत सालाना ब्याज दिया जाएगा। वहीं सीनियर सिटिजन को सालाना 7.10 प्रतिशत के हिसाब से ब्याज मिलेगा। हालांकि, बैंक ने अपनी अन्य रेगुलर एफडी की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। नई दरें 15 जून 2025 से लागू होंगी। एसबीआई का यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 50 बेसिस पॉइंट्स की रेपो रेट कटौती के बाद आया है। (अनंत ज्ञान)

### अहमदाबाद में यूके के लोगों के लिए हेल्प सेंटर खुला

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात राज्य के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारत में ब्रिटिश उच्चायोग ने ब्रिटिश नागरिकों के परिवारों और दोस्तों की मदद के लिए एक सहायता केंद्र शुरू किया है। यह सहायता केंद्र उम्मेद होटल में स्थापित किया गया है, जो अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास है। ब्रिटिश उच्चायोग के बयान के अनुसार, सहायता केंद्र आज से हर दिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। भारत में ब्रिटिश उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'यूके ने 12 जून को विमान दुर्घटना के बाद ब्रिटिश नागरिकों के परिवारों और दोस्तों को सहायता और सलाह देने के लिए उम्मेद होटल में एक सहायता केंद्र स्थापित किया है। अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास यूके सहायता केंद्र आज से हर दिन सुबह 9 से रात 9 बजे तक खुला रहेगा।' (अनंत ज्ञान)

### बाली में फायरिंग, एक ऑस्ट्रेलियाई युवक की मौत

**एजेंसी, बाली।** इंडोनेशिया के पर्यटक द्वीप बाली में एक विला में फायरिंग हुई है। इसमें एक ऑस्ट्रेलियाई युवक की गोली लगने से मौत हो गई। हमले में एक अन्य ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय पुलिस प्रमुख आरिफ बटुबारा ने कहा कि जांच चल रही है और पुलिस संभावित गवाहों की तलाश कर रही है। बटुबारा ने बताया कि दोनों पीड़ितों को बाली के प्रांतीय राजधानी डेनपसार के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को अभी तक गोलीबारी के पीछे का मकसद पता नहीं चल पाया है। (अनंत ज्ञान)

### सोनम- राज का नार्को टेस्ट करने की मांग

**एजेंसी, भोपाल।** राजा रघुवंशी के परिजनों ने सोनम और राज के नार्को टेस्ट की मांग की है। राजा के भाई सचिन का कहना है कि दोनों अपने बयान बार-बार बदल रहे हैं, इसलिए उनका नार्को टेस्ट होना चाहिए। राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा, 'सोनम और राज जिस तरह से पुलिस को गुमराह कर रहे हैं, वह चौंकाने वाला है। नार्को टेस्ट होने के बाद पता चलेगा कि सोनम इस मामले में कितना झूठ बोल रही है। जिस तरह से सभी आरोपी झूठ बोल रहे हैं, उससे लगता है कि उन्हें हत्या के बारे में और भी बहुत कुछ पता होगा। (अनंत ज्ञान)

# परमाणु ऊर्जा वातावरण के लिहाज से बेहतर ऊर्जा : मुख्यमंत्री सैनी

## सीएम सैनी और मनोहर लाल ने हरियाणा अणु विद्युत परियोजना का किया दौरा

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय ऊर्जा और आवासन व शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को फतेहाबाद के गोरखपुर स्थित हरियाणा अणु विद्युत परियोजना का संयुक्त रूप से दौरा किया। इस दौरान सैनी ने यहां जारी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को तय मानक अनुसार जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा वातावरण के लिहाज से बेहतर ऊर्जा उत्पादन का माध्यम है। समीक्षा बैठक में एनपीसीआईएल के परियोजना निदेशक जिवेंद्र कुमार जैन ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से परमाणु ऊर्जा विभाग और एनपीसीआईएल के कार्यों की जानकारी के अलावा परमाणु ऊर्जा उत्पादन की बढ़ोतरी, गोरखपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण कार्यों, सीएसआर और जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में बताया। वहीं, मनोहर लाल ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल हरियाणा बल्कि उत्तर भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगी। साथ ही स्वच्छ और सतत ऊर्जा समाधान की प्रतिबद्धता को और सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं देश को साल 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की दिशा में यह परियोजना दूरदर्शी कदम है। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने चल रहे निर्माण कार्यों की बारीकी से जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तय मानकों के अनुरूप समय पर कार्यों को पूरा करें।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, अतिरिक्त मुख्य सचिव (पावर) अपूर्व कुमार सिंह, सदस्य सीईए अजय तालेगांवकर, निदेशक एचआरपीए सुरेश बाबू, निदेशक परियोजनाएं एनके मिठरवाल, संजीव कुमार सिंगला, एचके नगोटिया सहित अन्य गणमान्य व अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सीएम धामी ने आईटीबीपी के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान को दिखाई हरी झंडी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। विमान दुर्घटना में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आईटीबीपी के वीर जवानों, अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अभियान न केवल साहस और संकल्प का प्रतीक है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की सामरिक सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी का 45 सदस्यीय दल इस अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड से हिमाचल प्रदेश होते हुए लद्दाख तक लगभग 1032 किलोमीटर की कठिन यात्रा करेगा। यह अभियान न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी सुनिश्चित करेगा, बल्कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान तथा स्थानीय परंपराओं को प्रोत्साहित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि वीरभूमि उत्तराखंड से बड़ी संख्या में सेना और अर्धसैनिक बलों में सेवा करने वाले वीर जवान देश की रक्षा में योगदान दे रहे हैं। राज्य सरकार सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया गया है, वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों को दी जाने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है और बलिदानियों के आश्रितों को सरकारी नौकरी में समायोजन की अवधि को दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया है।

# अंबाला में छबील पीते राहगीरों पर चढ़ा टैंकर, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अमृतसर-दिल्ली मुख्य मार्ग पर अंबाला के निकट लगाई गई छबील के दौरान पानी पी रहे लोगों पर एक टैंकर चढ़ गया। हादसे में एक रेहड़ी चालक की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा शनिवार को बाद दोपहर करीब तीन बजे हुआ।

जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी के चलते आज कुछ लोगों ने मंजी साहिब गुरुद्वारा के नजदीक छबील लगाई थी। यहां लोग खड़े होकर ठंडा पानी पी रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार कैंटर ने शरबत पी रहे लोगों को कुचल दिया। इसके बाद टैंकर ने हाईवे किनारे खड़े कई वाहनों को भी टक्कर मार दी। इससे वहां भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत घायलों को इलाज के लिए अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल भेजा। पुलिस ने मृतक के शव को भी कब्जे में ले लिया है।

पुलिस के मुताबिक हादसे में सहारनपुर निवासी फिरोज की मौत हो गई। मृतक के भाई सलमान ने बताया कि वह, फिरोज और उनका भाई जीशान सहारनपुर से खरड़ जा रहे थे। रास्ते में प्यास लगने पर वे छबील पीने रुके थे। तभी कैंटर ने टक्कर मार दी। जीशान गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे चंडीगढ़ जीएमसीएच-32 रेफर किया गया। अन्य घायलों की पहचान गोबिंदगढ़ निवासी सुमित (22) और उनकी पत्नी शालू (23), मोहाली निवासी सुरिंद्र सिंह (42) और एक्टिवा चालक आसिफ के रूप में हुई। थाना प्रभारी सुरेश सैनी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

# जेईई मेन्स और एडवांस्ड में छाए एलन चंडीगढ़ के स्टूडेंट्स

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



एलन करियर इंस्टीट्यूट, चंडीगढ़ ने लगातार उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है, जेईई मेन्स और एडवांस्ड में शीर्ष स्थान हासिल किया है, ओलंपियाड में शानदार परिणाम दिए हैं, नीट 2024 एआईआर-1 हासिल किया है और नीट (यूजी) 2025 में भी इसी सफलता को जारी रखा है। नीट (यूजी) 2025 के परिणाम एलन के छात्रों और शिक्षकों की उल्लेखनीय लगन और कड़ी मेहनत को दर्शाते हैं।

एलन के एक छात्र ने प्रतिष्ठित टॉप-10 में एआईआर 7 हासिल की है, जो उनकी असाधारण क्षमता और एलन के कठोर शैक्षणिक समर्थन का प्रमाण है। तीन छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 100 में स्थान प्राप्त किया है, जो विभिन्न श्रेणियों और क्षेत्रों में संस्थान में पोषित प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है।

एलन चंडीगढ़ के क्लासरूम छात्र केशव मित्तल ने नीट (यूजी) 2025 में एआईआर 7 प्राप्त करके संस्थान का नेतृत्व किया। तिशा जैन ने एआईआर 51 प्राप्त की। उल्लेखनीय प्रदर्शनों में एलन के क्लासरूम छात्र रूपेश गर्ग शामिल हैं, जिन्होंने एआईआर 97 प्राप्त की और यशिका, जिन्होंने एआईआर 350 प्राप्त की।

एलन चंडीगढ़ के क्लासरूम छात्र केशव मित्तल ने नीट (यूजी) 2025 में एआईआर 7 प्राप्त की। केशव के पिता प्रबोध कुमार डॉक्टर हैं और माता सुनीता रानी गृहिणी हैं, उनके मजबूत समर्थन प्रणाली रहे हैं और उनकी इस यात्रा के दौरान उनका मार्गदर्शन किया। सीखने के लिए इस गहन जुनून ने न केवल जटिल चिकित्सा अवधारणाओं की उनकी असाधारण समझ को बढ़ावा दिया, बल्कि उत्कृष्टता के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता को भी बढ़ावा दिया, जिसने अंततः उन्हें इतना अच्छा स्कोर करने के लिए प्रेरित किया। केशव का नीट (यूजी) की पढ़ाई करने का तरीका अनोखा था, वह आमतौर पर दिन में 5-6 घंटे पढ़ाई करता था, जिसे कई लोग इस तरह की प्रतियोगी परीक्षा के लिए आदर्श से कम मान सकते हैं। उसकी रणनीति सरल लेकिन प्रभावी थी। उसने इस सीमित समय के दौरान अपना 100 प्रतिशत देने पर ध्यान केंद्रित किया था।

## देश-विदेश

# अमेरिका को थी इसराइल के ईरान पर हमले की भनक

## अमेरिका के सैन्य मुख्यालय के आसपास बड़ी मात्रा में ऑर्डर किए गए थे पिज्जा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

इसराइल और ईरान के बीच संघर्ष अब अपने चरम की तरफ पहुंचता दिख रहा है। इसकी शुरुआत शुक्रवार सुबह ही हो गई, जब इसराइल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए 200 से ज्यादा एयरस्ट्राइक को अंजाम दिया।

इसराइल के इस हमले में ईरान के 20 से ज्यादा टॉप कमांडरों की मौत हो गई। वहीं, उसके परमाणु ठिकाने को भी कुछ नुकसान की खबरें हैं। जवाब में ईरान की सेना ने इसराइल पर 150 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं, जिनके तेल अवीव से लेकर येरुशलम तक तबाही मचाने की बात सामने आई है। जब इसराइल ने ईरान पर एयरस्ट्राइक की तब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इसराइल ने अमेरिकी को जानकारी नहीं दी। हालांकि, कुछ घंटों बाद ही इसराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को ईरान पर इसराइल के हमले के बारे में 'सबकुछ' पता था। जब यह पूरा घटनाक्रम शुरू भी नहीं हुआ था, तब अमेरिका के सैन्य कार्यालय-पेंटागन में कुछ ऐसा हो रहा था, जिससे दुनिया में कहीं न कहीं कुछ बड़ा होने के संकेत मिलने लगे थे। यह है अमेरिका के सैन्य मुख्यालय के आसपास बड़ी मात्रा में पिज्जा ऑर्डर्स होना।

फिलहाल तो इसे थ्योरी ही माना जा रहा है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि पेंटागन में जब कभी ऐसा होता है तब वैश्विक संकट के पैदा होना लगभग तय होता है। इस खास घटनाक्रम को अमेरिका में 'पिज्जा इंडेक्स' का नाम तक दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### क्या है पेंटागन का पिज्जा इंडेक्स?




**एक्स** पर एक अकाउंट है, जिसका नाम है 'पेंटागन पिज्जा रिपोर्ट'। यह अकाउंट अमेरिका के आर्लिंग्टन काउंटी में मौजूद पिज्जा डिलीवरी आउटलेट्स में पिज्जा के ऑर्डरों और डिलीवरी की निगरानी रखता है। आर्लिंग्टन काउंटी, वर्जीनिया राज्य में वही जगह है, जहां पेंटागन का दफ्तर है।

# गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर भारत की गैरमौजूदगी शर्मनाक : प्रियंका

## कहा, मलबे का ढेर बन गई शानदार विरासत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में युद्धविराम के लिए पेश



प्रस्ताव पर मतदान से भारत की गैरमौजूदगी शर्मनाक है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि भारत ने हमेशा फलस्तीन का पक्ष लिया, लेकिन इस शानदार विरासत को मलबे में बदल दिया गया है। कांग्रेस ने एक बार फिर कहा कि ट्रंप विभिन्न मौकों पर 13 बार कह चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया। प्रधानमंत्री इन दावों के बारे में कब बोलेंगे। (अनंत ज्ञान)

### यह मानवीय त्रासदी

**कांग्रेस** ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि यह बेहद शर्मनाक है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में युद्धविराम प्रस्ताव पर मतदान से दूरी बनाई। भारत हमेशा से शांति, न्याय और इंसानी अस्मिता का समर्थक रहा है। फलस्तीन में 60 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं और इनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। हजारों लोग भूख से मर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय मदद भी रोक दी गई है। यह मानवीय त्रासदी है। भारत ने हमेशा फलस्तीन का समर्थन किया है और यह सिद्धांतों की बात है न कि रणनीति की, लेकिन आज शानदार विरासत को मलबे में बदल दिया गया है।

# मणिपुर में 328 राइफलें और हथियार बरामद

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने पांच जिलों में छापेमारी करके 328 राइफल और हथियार बरामद किए हैं। इसके अलावा जबरन वसूली के आरोप में प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है।



मणिपुर पुलिस के एडीजीपी लाहरी दोर्जी लातू ने कहा कि 13-14 जून की मध्य रात्रि में मणिपुर पुलिस, सीएपीएफ, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीमों ने घाटी के 5 जिलों के बाहरी इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों ने 151 एसएलआर राइफल, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य प्रकार की राइफल, 5 कार्बाइन गन, 2 एमपी-5 गन, 12 हल्की मशीन गन, छह एके सीरिज राइफल, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्टल, एक एआर-15, दो फ्लेयर बंदूक, 10 ग्रेनेड और सात डेटोनेटर समेत कुल 328 बंदूकें और राइफलें बरामद की। (अनंत ज्ञान)

# 24 घंटे में देश में कोरोना के 269 नए मरीज

## वायरस से अब तक 87 लोगों की हुई मौत, टोटल एक्टिव केस 7430

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 269 नए केस सामने आए हैं। शनिवार सायं 8 बजे तक देशभर में कोरोना के 7430 एक्टिव मामले हैं। वहीं, मौत का आंकड़ा बढ़कर 87 हो गया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं। शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों



की कोरोना से मौत हो गई थी। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया।

राजस्थान में यह कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 23 लोगों की जान गई है। केरल राज्य में इस वक्त देश के सबसे ज्यादा कोविड मरीज हैं। शनिवार तक 2165 एक्टिव केस थे। (अनंत ज्ञान)

# बालाघाट में तीन महिला नक्सलियों का एनकाउंटर

## जंगल में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में हुईं ढेर, बढ़ सकती है मारे गए नक्सलियों की संख्या

**एजेंसी, भोपाल**

मध्य प्रदेश के बालाघाट में पुलिस ने एक मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ शनिवार दोपहर में बिठली पुलिस चौकी क्षेत्र के पचामा दादर के जंगल में हुई। हॉक फोर्स और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली। एसपी आदित्य मिश्रा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अभी भी ऑपरेशन जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़



सकती है। पुलिस को पचामा दादर के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

इसके बाद फोर्स यहां भेजी गई। मुठभेड़ में मारी गई तीनों महिला नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि एक पुरुष नक्सली भी मारा गया है। लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

### फरवरी में मारी थीं 4 महिला नक्सली

**इस** साल 19 फरवरी को भी बालाघाट पुलिस को बड़ी सफलता मिली थी। कान्हा के वनक्षेत्र सूपखार में रौंदा फारेस्ट कैंप के पास हुई मुठभेड़ में 4 महिला नक्सली मारी गई थीं। इनमें आशा, शीला, रंजीता और लख्खे मरावी शामिल थीं। इन पर कुल 62 लाख रुपए का इनाम था। ये 2015-16 से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय थीं।

## धर्म-कर्म

## कठिन पहाड़ी रास्तों को पार कर हर दिन बाबा के दर पहुंच रहे श्रद्धालु

# 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए बाबा केदार के दर्शन

**एजेंसी, केदारनाथ**

पवित्र केदारनाथ धाम में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। चारधाम यात्रा की शुरुआत के बाद से अब तक 10 लाख से ज्यादा भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं, जो अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है। हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु कठिन पहाड़ी रास्तों को पार करके बाबा के चरणों में पहुंच रहे हैं।

इस बार की यात्रा की खास बात यह है कि दर्शन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्रशासन ने टोकन सिस्टम लागू किया है। इससे श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए कम समय इंतजार करना पड़ रहा है और दर्शन ज्यादा व्यवस्थित हो गए हैं। बाबा केदार के कपाट 2 मई को आम भक्तों के लिए खोले गए थे और तब से लेकर अब तक रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



पवित्र केदारनाथ धाम में उमड़ी बाबा केदार के श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

### चुनौतियों के बावजूद आस्था में कमी नहीं

**मौसम** की कठिनाइयों और ऊंचाई की चुनौती के बावजूद केदारनाथ में सबसे ज्यादा भीड़ हो रही है। भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं दिख रही है और वे हजारों की संख्या में हर दिन केदारनाथ की कठिन चढ़ाई पार कर रहे हैं। मंदिर दिन-रात खुला रखा गया है ताकि कोई भी भक्त बाबा के दर्शन से वंचित न रहे। आंकड़ों के अनुसार, इस बार की केदारनाथ यात्रा न केवल चारधाम यात्रा में सबसे बड़ी साबित हो रही है, बल्कि यह अब तक की सबसे रिकॉर्ड-ब्रेकिंग यात्रा बन चुकी है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### आर्या-बबूता की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण जीता



**एजेंसी, म्यूनिख।** आर्या बोरसे और अर्जुन बबूता की भारतीय जोड़ी ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। आर्या और बबूता अहम मौके पर धैर्य और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए चीन के खिलाड़ियों को खिताबी मुकाबले में कोई मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में 635.2 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक दौर में प्रवेश किया, जो वांग और शेंग (635.9) से सिर्फ 0.7 अंक पीछे था। चीन की जोड़ी का यह स्कोर क्वालिफिकेशन विश्व रिकॉर्ड भी है। व्यक्तिगत तौर पर आर्या ने 317.5 का स्कोर किया, जबकि बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर किया। इस स्पर्धा में अन्य भारतीय जोड़ी इलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव 631.8 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रही। (अनंत ज्ञान)

### जूडो खिलाड़ी ने कोच पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**एजेंसी, नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अपने कोच पर प्रशिक्षण के दौरान यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक 19 वर्षीय जूडो खिलाड़ी द्वारा दायर जनहित याचिका पर अगली सुनवाई सोमवार को निर्धारित की है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई शुरू की और फिर इसे 16 जून के लिए निर्धारित कर दिया। देहरादून की रहने वाली इस खिलाड़ी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि वह राष्ट्रीय स्तर की जूडो-कराटे खिलाड़ी है और पिछले सात वर्षों से देहरादून में सविता गुरुंग से प्रशिक्षण ले रही है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 2024 में भोपाल में आयोजित किए गए राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर के लिए उसका चयन हुआ था, लेकिन गुरुंग ने उसे भोपाल जाने की अनुमति देने के बजाय मुरादाबाद में कोच सतीश शर्मा के पास भेज दिया, जो गुरुंग का कोच भी रह चुका है। याचिका में आगे आरोप लगाया गया कि 12 मार्च को प्रशिक्षण के दौरान शर्मा उसे अपने फार्महाउस पर ले गया। उसने गेट बंद कर दिया और मालिश करने के बहाने उसका यौन उत्पीड़न किया। इस खिलाड़ी ने याचिका ने कहा है कि जब उसने इसका विरोध किया तो उसने उसका करियर बर्बाद करने और उसे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग न लेने देने की धमकी दी। बाद में जब वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गई तो मानसिक रूप से इसके लिए तैयार नहीं थी और इसलिए प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकी। इस संदर्भ में 28 अप्रैल को देहरादून के रायपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद देहरादून पुलिस ने इसे मुरादाबाद के भोजपुर थाने में स्थानांतरित कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

### लॉरेन बेल खूबसूरत अंदाज में

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की दिग्गज खिलाड़ी लॉरेन बेल अपनी टीम की शान हैं और साथ ही अपनी खूबसूरती को लेकर भी चर्चा में रहती हैं।



# साउथ अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड चैंपियन

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया

**एजेंसी, लंदन**

साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीत ली है। टीम ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। साउथ अफ्रीका की टीम क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, टीम ने 27 साल के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीत लिया है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

27 साल बाद जीता आईसीसी टूर्नामेंट

लंदन के द लॉर्ड्स स्टेडियम में मैच के चौथे दिन लंच से पहले साउथ अफ्रीका ने 282 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 136 रन बनाए, जबकि टेम्बा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। काइल वेरियन ने 84वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। वे 4 रन बनाकर डेविड बेडिंघम (21 रन) के साथ नॉटआउट रहे। ऐडन मार्करम प्लेयर ऑफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 218 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 212 और साउथ अफ्रीका ने 138 रन बनाए। यहां कंगारू टीम को 74 रन की बढ़त मिली थी। (अनंत ज्ञान)



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद खुशी मनाते साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी।

## यह जानना जरूरी है कि कब रहना है तैयार: कृष्णा




**एजेंसी, बेकेनहैम (ब्रिटेन)**

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है और अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं। चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया और सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की।

वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है। प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा, ''आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें, लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें।''

उन्होंने कहा,''जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है।'' प्रसिद्ध ने कहा, ''मुझे लगता है कि हम सभी इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि कब स्विच ऑन और कब स्विच ऑफ करना है।''

गुजरात टाइटंस की तरफ से आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में जगह बनाने वाले प्रसिद्ध ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले यहां कुछ अभ्यास मैच खेलने से टीम को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा, ''हम सभी के लिए मैदान पर कुछ समय बिताना बेहद महत्वपूर्ण है। आज भी हमने यही किया। यह एक अच्छी, बढ़िया और सख्त पिच लग रही है। गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की, जबकि बल्लेबाजों ने भी जज्बा दिखाया। जब आप अपने आपस में ही मैच खेलते हैं तो बहुत अच्छा लगता है।'' बीसीसीआई के अपडेट के अनुसार अभ्यास मैच के पहले दिन कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने अर्धशतक बनाए, जबकि शार्दुल ठाकुर विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

## मन्नत एमेच्योर गोल्फ में इतिहास रचने के बाद प्री-क्वार्टर से बाहर

**एजेंसी, नायरन (स्कॉटलैंड)।** मन्नत बराड़ ने 122वीं महिला एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन प्री-क्वार्टर फाइनल में मामूली अंतर से हार गईं। यह इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मन्नत स्ट्रोक-प्ले प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रहीं और फिर दो मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गईं। उन्होंने अंतिम 64 में जर्मनी को उमा बेर्गनेर, जबकि अगले मुकाबले में आयरलैंड की रेबेका गर्डनर को शिकस्त दी। वह हालांकि, अंतिम 16 में स्पेन की पाउला फ्रांसिस्को से मामूली अंतर से पिछड़ कर खिताबी दौड़ से बाहर हो गई। (अनंत ज्ञान)




## प्रणति ने एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने दक्षिण कोरिया के जेचेन में 12वीं सीनियर महिला एशियाई कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता।



इस साल मार्च में तुर्की के अंताल्या में एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली इस 30 साल की खिलाड़ी ने शनिवार को 13.466 स्कोर करके पोडियम पर तीसरा स्थान पक्का किया। चीन की यिहान झांग ने 13.650 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की थी क्विन न्हू गुयेन ने 13.583 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। युवा भारतीय जिम्नास्ट प्रोतिस्ता सामंता ने भी इस स्पर्धा में प्रभावित करते हुए 13.016 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। प्रणति ने इस प्रदर्शन के साथ महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक हासिल करते हुए अनुभवी जिमनास्ट दीपा करमाकर के दो पदकों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इससे पहले 2019 में उलानबटोर में वॉल्ट में और फिर 2022 में दोहा में कांस्य पदक जीता था। (अनंत ज्ञान)

### एफआईएच प्रो लीग

## ऑस्ट्रेलिया से भारत 2-3 से हारा




**एजेंसी, एंटवर्प (बेल्जियम)**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग में मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं और शनिवार को यहां अभिषेक के दो गोल की मदद से दो गोल की बढ़त के बावजूद टीम को आखिरी क्षणों में गोल गंवाने के कारण ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट में नीदरलैंड और अर्जेंटीना से दो-दो बार हार चुकी है। इस तरह से यूरोपीय चरण में यह उसकी लगातार पांचवीं हार है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और अभिषेक (आठवें और 35वें मिनट) के दो गोल की मदद से 35वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि, मध्यांतर के बाद अधिक आक्रामक रवैया अपनाया तथा नाथन एफ्राम्स (42वें मिनट), जोएल रिंटाला (56वें मिनट) और टॉम क्रेग (60वें मिनट) के गोल से जीत सुनिश्चित की। प्रो लीग के यूरोपीय चरण के अपने पहले चार मैचों में हार झेलने के बाद भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी प्रेरित दिखी और उसने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा।

हूटर से मात्र 42 सेकंड पहले भारत ने एक और पेनल्टी कॉर्नर गंवा दिया और क्रेग ने जेरेमी हेवर्ड की फ्लिक को डिफ्लेक्ट करके ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी। (अनंत ज्ञान)

## अवनि हुलेनकोर्ट महिला ओपन में दूसरे स्थान पर बरकरार

**एजेंसी, हुलेनकोर्ट (बेल्जियम)।** भारत की अवनि प्रशांत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेल कर यहां लेडीज यूरोपीय टूर के हुलेनकोर्ट महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर अपनी जगह बरकरार रखी।

बेंगलुरु की रहने वाली इस 18 वर्षीय खिलाड़ी का कुल स्कोर अब सात अंडर पर है और वह शीर्ष पर चल रही जर्मनी की हेलेन ब्रीम (68-68) से सिर्फ एक स्ट्रोक पीछे है। कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (72-73) संयुक्त 38वें स्थान पर और त्वेसा मलिक (76-70) संयुक्त 50वें स्थान पर हैं।



प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर (76-73), स्नेहा सिंह (74-75), अमनदीप द्राल (74-76) और हिताशी बक्शी (79-74) कट में जगह बनाने से चूक गयी। (अनंत ज्ञान)

## नेशनल हैंमरबॉल चैंपियनशिप में हिमाचल पहले राउंड में ही हारा


विजेता टीम।

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के बंगाणा उपमंडल स्थित डुमखर मैदान में चल रही सीनियर नेशनल हैमरबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन सीनियर लड़कों पहला मैच उत्तराखंड और पंजाब के बीच में हुआ, जिसमें उत्तराखंड ने पंजाब को 24 रनों से मात दी। दूसरे मैच में उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को तथा तीसरे मैच महाराष्ट्र ने हिमाचल को हराया।

इस आयोजन को सफल बनाने में हैमरबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया, हिमाचल हैमरबॉल समिति और स्थानीय प्रशासन की विशेष भूमिका रह रही है। आयोजकों ने बताया कि जिला प्रशासन और खेल विभाग के सहयोग से यह आयोजन सुचारु रूप से चल रहा है। खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों की भारी मौजूदगी इस खेल के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करती है।

समारोह के दौरान राष्ट्रीय सचिव मनीष श्रीवास्तव, टेक्निकल बोर्ड के अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, जगदीश सहोता, महासचिव विजयपाल, रागिनी, नरेश कुमार, सुमित समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## टीम एमजीडी-1 फिडे विश्व रैपिड टीम चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय टीम

**एजेंसी, लंदन**

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और प्रणव के शानदार प्रदर्शन की मदद से टीम एमजीडी1 फिडे विश्व रैपिड टीम चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। छठी वरीयता प्राप्त टीम एमजीडी1 ने तीन दिन में 12 राउंड में 10 जीत दर्ज की और शुक्रवार को टीम हेक्सामाइंड के साथ एक करीबी मुकाबले के बाद चैंपियन बन गई।



इस प्रतियोगिता में पिछले दो अवसरों पर रजत और कांस्य पदक जीतने वाली एमजीडी1 ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे दिन टीम फ्रीडम के खिलाफ ड्रॉ और टीम हेक्सामाइंड से हार के कारण उसे खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन करने की जरूरत थी।

अर्जुन एरिगैसी, पेंटाला हरिकृष्णा, लियोन मेंडोंका, डेविड एंटोन गुइजारो, त्सोलाकिडो स्टोव्रोला, प्रणव, अथर्व तायडे और कप्तान श्रीनाथ नारायणन की मौजूदगी वाली एमजीडी1 ने अंतिम चार राउंड में जीत दर्ज करके चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अर्जुन और प्रणव की जीत आखिर में निर्णायक साबित हुई। नारायणन ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''यह जीत बेहद खास है। ओलंपियाड में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार थी, लेकिन यहां एमजीडी1 को छुपा रुस्तम माना जा रहा था। इस सब के बावजूद हम स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे।''


टीम एमजीडी1 ने 21 अंक हासिल किए, जो टीम हेक्सामाइंड से एक अंक अधिक था। विश्वनाथन आनंद की टीम फ्रीडम 17 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन टीम एमजीडी1 के लिए अंतिम दिन के स्टार रहे। उन्होंने चार में से 3.5 अंक बनाए। प्रणव ने अंतिम दिन अपनी सभी चार बाजियां जीती। (अनंत ज्ञान)

**फैसला** बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियमों में बदलाव, इसी महीने लागू होगा नया नियम

# एमसीसी ने 'बन्नी हॉप' बाउंड्री कैच को माना अवैध

**एजेंसी, लंदन**

क्रिकेट के नियमों के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने 'बन्नी हॉप' यानी सीमा रेखा के बाहर कई बार हवा में उछलकर कैच करने को गैर-कानूनी माना है तथा इस संदर्भ में नए नियम इसी महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के खेल की परिस्थितियों से जुड़ी शर्तों और अगले साल अक्तूबर से एमसीसी के नियमों में शामिल कर लिया जाएगा। इस नए नियम के लागू होने के बाद बीबीएल 2023 के दौरान माइकल नेसर और 2020 में मैट रेनशॉ की मदद से टॉम बैंटन द्वारा लिए गए शानदार कैच वैध नहीं माने जाएंगे।




आईसीसी ने इस संदर्भ में अपने सदस्य बोर्ड को एक नोट भेजा है जिसने कहा गया है कि वर्तमान नियमों के अनुसार कुछ शानदार कैच देखने को मिले, लेकिन इस नियम के कारण कुछ असामान्य देखने वाले कैच भी वैध मान दिए गए जो अधिकतर क्रिकेट प्रेमियों को भी अनुचित लगे। एमसीसी ने नेसर द्वारा लिए गए कैच का जिक्र करते हुए कहा कि फील्डर ने बाउंड्री के अंदर कैच पूरा करने से पहले 'बन्नी हॉप' किया। नियमों के अनुसार हालांकि, यह तब सही था, लेकिन ऐसा लग रहा था कि फील्डर सचमुच में सीमा रेखा से कई बार बाहर निकल गया था।

इन दोनों घटनाओं ने नई बहस को जन्म दिया जिसके बाद आईसीसी और एमसीसी को अपने नियम 19.5.2 की समीक्षा करनी पड़ी। एमसीसी ने अब स्पष्ट किया है कि सीमा रेखा के पार से छलांग लगाने के बाद गेंद के साथ दूसरी बार संपर्क बनाने के लिए किसी भी क्षेत्ररक्षक को सीमा रेखा के अंदर मैदान पर आना होगा अन्यथा उसे बाउंड्री मान लिया जाएगा।

नोट में कहा गया है, ''एमसीसी ने इसे एक नया शब्द 'बन्नी हॉप' दिया है जिसे अब गैरकानूनी माना जाएगा, लेकिन इस तरह के कैच, जिनमें क्षेत्ररक्षक गेंद को सीमा रेखा के अंदर फेंकने के बाद बाहर कदम रखता है और फिर सीमा रेखा के अंदर जाकर उसे कैच करता है तो इस तरह के कैच को वैध माना जाएगा।'' नए नियम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत में ही लागू हो जाएंगे, जिसका पहला मैच 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में खेला जाएगा। नियमों में बदलाव आधिकारिक तौर पर अक्तूबर 2026 से लागू होगा। (अनंत ज्ञान)

### बाउंड्री के बाहर बॉल उछालने की रहेंगी दो कंडीशंस

**पहली:** पहले कई मौकों पर बाउंड्री पर खड़े खिलाड़ी हवा में जा रही गेंद को एक बार बाउंड्री के अंदर रहते हुए उछाल देते थे, फिर बाउंड्री पार करके हवा में उछाल देते थे और बाउंड्री के अंदर आकर कैच ले लेते थे। अब इसे कैच नहीं माना जाएगा और बल्लेबाज को रन मिलेगा।

**दूसरी:** किसी खिलाड़ी ने बाउंड्री के बाहर जाकर हवा में उछलकर बॉल अंदर फेंकी, फिर दूसरे खिलाड़ी ने कैच किया तो यह तभी मान्य होगा जब बॉल उछलने वाला खिलाड़ी भी बाउंड्री के अंदर हो।